आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* चेटी चंड
* रानी अवंति बलिदास दिवस

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 63 | उज्जैन, शुक्रवार 20 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### तारीख पर तारीख पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती, अब आसान नहीं होगा सुनवाई टालना

**नई दिल्ली।** अब अदालतों में बार-बार तारीख लेने की आदत पर सख्त लगाम लगने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई टालने के नियमों को कड़ा करते हुए साफ कर दिया है कि अब 'तारीख पे तारीख' का दौर लगभग खत्म होगा और सिर्फ बेहद जरूरी हालात में ही सुनवाई टाली जाएगी। कोर्ट की ओर से 18 मार्च को जारी सर्कुलर में कहा गया है कि पहले के 29 नवंबर 2025 और 2 दिसंबर 2025 वाले निर्देशों की जगह अब नया नियम लागू होगा। इसके तहत अलग-अलग तरह के मामलों के लिए अलग नियम तय किए गए हैं। सबसे सख्त फैसला 'रेगुलर मामलों' को लेकर है। इन मामलों में अब किसी भी तरह का एडजर्नमेंट नहीं दिया जाएगा। यानी केस लिस्टेड है तो बिना किसी बहाने के सुनवाई होगी।

### होर्मुज जलडमरूमध्य के पास 22 जहाजों पर सवार 611 भारतीय नाविक सुरक्षित

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत सरकार ने राहत भरी जानकारी देते हुए कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पास तैनात 22 भारतीय ध्वज वाले जहाजों पर सवार सभी 611 भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं। पोत परिवहन मंत्रालय ने गुरुवार को इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की और बताया कि क्षेत्र में बीते 24 घंटों के दौरान कोई समुद्री घटना सामने नहीं आई है। मंत्रालय की ओर से आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और सरकार नाविकों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद भारतीय जहाजों और उनके चालक दल की स्थिति स्थिर बनी हुई है।

### नोरा-संजय के विवादित गाने पर महिला आयोग का एक्शन



दोनों 24 मार्च तक पेश हों, नहीं तो कानूनी कार्रवाई हो सकती है

**मुंबई।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने विवादित गाने सरके चुनर तेरी सरके को लेकर एक्ट्रेस नोरा फतेही और एक्टर संजय दत्त को नोटिस भेजा है। साथ ही गाने के गीतकार रकीब आलम, वेंकट के. नारायण (प्रोड्यूसर, केवीएन ग्रुप) और किरण कुमार (डायरेक्टर) समेत अन्य संबंधित लोगों को भी नोटिस जारी किया गया है। सभी को 24 मार्च को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। एनसीडब्ल्यू ने चेतावनी दी है कि तय तारीख पर उपस्थित न होने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। एनसीडब्ल्यू ने इस गाने के कथित अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर खुद संज्ञान लिया है। आयोग के मुताबिक, गाने के बोल पहली नजर में आपत्तिजनक और यौन संकेतों वाले लगते हैं, जो कानून का उल्लंघन कर सकते हैं। वहीं, गाने को लेकर मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शिकायत मिलने पर सेंसर बोर्ड, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और गूगल इंडिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। बता दें कि गाने को मंगलवार को यूट्यूब और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है। संसद में भी समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया ने बुधवार को गाने के अश्लील लिरिक्स का मुद्दा उठाया था। इस पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था, अध्यक्ष जी, जिस गाने के बारे में सांसद जी ने कहा है, उस गाने पर पहले ही बैन लग चुका है। मैं साफ तौर पर आपके माध्यम से पूरे सदन को कहना चाहूंगा कि हमें फ्रीडम ऑफ स्पीच पर भारत के संविधान निमार्ताओं ने जो रीजनेबल रिस्ट्रिक्शन लगाए हैं, उसी के हिसाब से चलना चाहिए। आगे उन्होंने कहा था, ह्यआने वाले समय में डिजिटल के माध्यम से जिस तरह से तेजी से चीजें फैलती हैं, उसमें हमें समाज के प्रोटेक्शन खासकर बच्चों के प्रोटेक्शन, महिलाओं के प्रोटेक्शन और पिछड़े वर्ग के प्रोटेक्शन के लिए जो भी कड़े एक्शन लेने पड़ें, वो लेने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### अमेरिकी विदेश-रक्षा मंत्री के घर के ऊपर संदिग्ध ड्रोन दिखे

**वॉशिंगटन।** वॉशिंगटन में अमेरिकी सेना के एक अहम बेस के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सैन्य बेस फोर्ट लेसली मैकनेयर के अंदर रह रहे हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने बताया कि इन ड्रोन की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और यह भी साफ नहीं है कि वे कहां से आए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के कारण सुरक्षा अलर्ट पहले से बढ़ा हुआ है। इसी वजह से सेना संभावित खतरों पर कड़ी नजर रख रही है। पिछले 10 दिनों में एक रात के दौरान फोर्ट लेसली मैकनेयर के ऊपर कई ड्रोन देखे गए, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और व्हाइट हाउस में इस मुद्दे पर इमरजेंसी बैठक भी हुई।

### इजराइली एयरस्ट्राइक में ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री की मौत

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल की एयरस्ट्राइक में ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री इस्माइल खातिब की मौत हो गई। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की है। उन्होंने इसे कायराना हत्या बताया। पजशकियान ने कहा कि यह हमला ईरान के शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाने की साजिश का हिस्सा है। इससे पहले इजराइल ने ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी और बसीज कमांडर गुलामरेजा सुल्तानी को निशाना बनाया था, जिसमें दोनों अधिकारियों की मौत हो गई। इसी बीच, इजराइल ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर भी बड़ा हमला किया है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक अमेरिका और इजराइल ने दक्षिणी ईरान में साउथ पार्स गैस फील्ड और असालुयेह शहर की तेल-गैस सुविधाओं पर एयरस्ट्राइक की है।

नवसंवत्सर के अवसर पर मंदिर के शिखर पर ब्रह्मध्वज आरोहण किया

## महाकालेश्वर का नीम मिश्रित जल से अभिषेक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नवसंवत्सर के अवसर पर गुरूवार को भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में भी सनातन परंपरा के तहत आयोजन किए गए। गुड़ी पड़वा (नूतन वर्ष) पर प्रातः 07 बजे की आरती के पूर्व श्री महाकालेश्वर भगवान का परंपरानुसार नीम मिश्रित जल से अभिषेक हुआ। श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर ब्रह्मध्वज आरोहण किया गया।

मंदिर प्रबंध समिति के जनसंपर्क अधिकारी एवं नायब तहसीलदार आशीष फलवाडिया के अनुसर विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरूवार को हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर परंपरा अनुसार श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिखर का ध्वज बदला गया। मंदिर के शिखर पर सूर्य चिन्ह वाला केसरिया ब्रह्म ध्वज आरोहण किया गया। सम्राट विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति को ब्रह्म ध्वज उपलब्ध कराया गया। ब्रह्म ध्वज का श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा में महंत श्री विनीत गिरी जी महाराज के सानिध्य में विधिवत पूजन के पश्चात श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर स्थापित किया गया। प्रसिद्ध गायक विशाल मिश्रा ने प्रातःकालीन भस्मआरती में दर्शन लाभ लिए।

### अवंतिका माता मंदिर में श्रृंगार एवं घट स्थापना

श्री महाकालेश्वर मंदिर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा व हिंदू नववर्ष का उत्सव भी परंपरा अनुसार मनाया गया । श्री महाकालेश्वर मंदिर सभामण्डप में विराजित अवंतिका माता मंदिर में श्रृंगार एवं घट स्थापना कर आरती संपन्न की गई। भोग आरती के पश्चात मंदिर के पूजन नैवेद्य कक्ष में शासकीय पुजारी घनश्याम शर्मा द्वारा गुड़ी उभारी व पंचांग का पूजन किया गया। मंदिर में गुड़ी पड़वा नववर्ष विक्रम संवत 2083 पर्व पर भगवान का प्रातः 7 बजे की आरती के पूर्व नीम मिश्रित जल से अभिषेक किया गया।

## आर कॉम फ्रॉड केस में अनिल अंबानी से सीबीआई की पूछताछ

### एसबीआई से 2,929 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से जुड़े 2,929 करोड़ के लोन फ्रॉड मामले में सीबीआई ने 19 मार्च को उद्योगपति अनिल अंबानी से पूछताछ की। अनिल अंबानी सुबह दिल्ली स्थित सीबीआई हेडक्वार्टर पहुंचे, जहां एजेंसी के अधिकारियों ने उनसे सवाल-जवाब किए।

**एसबीआई को 2,929 करोड़ का नुकसान-** सीबीआई ने पिछले साल अगस्त में अनिल अंबानी और आरकॉम के खिलाफ केस दर्ज किया था। एसबीआई की शिकायत के मुताबिक कंपनी पर विभिन्न बैंकों का कुल 40 हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया था। इसमें से अकेले एसबीआई को 2,929.05 करोड़ का नुकसान हुआ। सीबीआई ने इस मामले में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। 10 साल पुराना मामला, मैनेजमेंट में शामिल होने से इनकार अनिल अंबानी के पक्ष का कहना है कि एसबीआई की यह शिकायत 10 साल से ज्यादा पुराने मामलों से जुड़ी है। जिस समय की यह बात है, उस समय अनिल अंबानी कंपनी के केवल नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे और वे कंपनी के रोजमर्रा के मैनेजमेंट या कामकाज में शामिल नहीं थे।

## सऊदी में ऑयल रिफाइनरी पर हमला

### यूएई-कतर के तेल-गैस प्लांट पर भी ड्रोन अटैक, सऊदी बोला- ईरान सब्र का इम्तिहान न ले

एजेंसी ▸▸ तेलव अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के बीच सऊदी अरब के यनबू पोर्ट पर स्थित सैमरेफ ऑयल रिफाइनरी पर हवाई हमला हुआ है। इसके अलावा यूएई और कतर के तेल-गैस प्लांट पर भी ड्रोन हमले हुए हैं। ईरान ने हाल ही में सऊदी अरब, यूएई और कतर के तेल ठिकानों को खाली करने की वॉर्निंग दी थी।

सऊदी ने आज ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। सऊदी के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद ने कहा कि हमारे देश के पास ईरान को जवाब देने की पूरी ताकत है। ईरान के हमले पहले से प्लान किए गए लगते हैं और हमारे सब्र का इम्तिहान न लें। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की वजह से अब ज्यादातर तेल यनबू पोर्ट से भेजा जा रहा है।



### भारत ने मिडिल ईस्ट में एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमले की निंदा की

- भारत ने मिडिल ईस्ट में एनर्जी इन्फ्रास्क्चर पर हमले की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत ऐसे हमलों की निंदा करता है और इन्हें तुरंत रोकने की मांग करता है।
- प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत पहले ही कह चुका है कि नागरिक इन्फ्रास्ट्रक्चर खासकर एनर्जी से जुड़ी फैसलिटीज को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।
- जानकारी के मुताबिक ईरान ने सऊदी के यानबू में सामरेफ रिफाइनरी पर हमला किया था। इसके अलावा कुवैत और कतर के एनर्जी फैसिलिटीज पर भी हमले किए गए।

### मुकेश मल्होत्रा विधायक बने रहेंगे पर वोट नहीं डाल सकेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने उनके मामले में अगली सुनवाई तक अंतरिम स्टे दे दिया है। अब इस प्रकरण की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी, तब तक उनके खिलाफ निचली अदालत के फैसले पर रोक प्रभावी रहेगी। इस मामले में विधायक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने पैरवी की। उन्होंने अदालत के सामने दलीलें रखते हुए हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

## शेयर बाजार में 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट

### सेंसेक्स 2497 अंक गिरकर 74,207 पर आया, निफ्टी 776 अंक टूटा, बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में ज्यादा बिकवाली

एजेंसी ▸▸ मुंबई

शेयर बाजार में 19 मार्च को 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट रही। सेंसेक्स 2497 अंक (3.26%) गिरकर 74,207 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 776 अंक (3.26%) की गिरावट रही, यह 23,002 पर आ गया है। बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में आज सबसे ज्यादा बिकवाली रही। इससे पहले 4 जून 2024 को सेंसेक्स 5.74% गिरा था। जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है।

#### बाजार गिरने की 3 बड़ी वजहें

- अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ गई है।
- कच्चे तेल के दाम बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए हैं।
- अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर।
- एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन का इस्तीफा, शेयर 5% गिरा
- एचडीएफसी बैंक के पार्ट-टाइम चेयरमैन और इंडिपेंडेंट डायरेक्टर अतनु चक्रवर्ती ने बुधवार देर रात अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

अमेरिकी इंटेलिजेंस चीफ बोलीं

## पाकिस्तानी मिसाइलों से अमेरिका को खतरा

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका की खुफिया एजेंसी की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि पाकिस्तान ऐसी लंबी दूरी की मिसाइलें बना रहा है जो भविष्य में अमेरिका तक हमला कर सकती हैं। उन्होंने वॉशिंगटन डीसी में एक मीटिंग के दौरान बताया कि आने वाले समय में दुनिया में खतरनाक मिसाइलों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ सकती है।

इंटेलिजेंस कम्यूनिटी का आंकलन है कि अभी करीब 3 हजार मिसाइलें ऐसी हैं जो अमेरिका तक हमला कर सकती हैं, लेकिन 2035 तक ये बढ़कर 16 हजार से ज्यादा हो सकती हैं। गबार्ड के मुताबिक, रूस, चीन, नॉर्थ कोरिया, ईरान और पाकिस्तान जैसे देश नई-नई मिसाइल तकनीक और हथियार बना रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल बना सकता है, जो बहुत दूर तक मार कर सकती है। वहीं ईरान भी 2035 से पहले ऐसी मिसाइल बना सकता है।

गबार्ड ने चीन और रूस को सबसे बड़ा और लगातार खतरा बताया। उनके मुताबिक, ये देश ऐसी उन्नत तकनीक विकसित कर रहे हैं जो अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भेद सकती हैं।

## चांदी 20 हजार गिरकर 2.30 लाख पर आई



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, एक किलो चांदी की कीमत 20 हजार रुपए घटकर 2.30 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2.50 लाख रुपए किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 8 हजार रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 18 मार्च को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 5 कारोबारी दिन में 13 हजार और चांदी 38 हजार सस्ती हुई है।

## राजस्थान में लगातार दूसरे दिन ओले गिरे

### हरियाणा में बारिश से सड़कें डूबीं, उत्तराखंड के केदारनाथ, गंगोत्री धाम में बर्फबारी

एजेंसी ▸▸ जैसलमेर

देश के कई हिस्सों में मौसम ने अचानक करवट ली है। राजस्थान के सीकर में लगातार दूसरे दिन तेज बरसात के साथ ओले गिरे हैं। आंधी-बारिश के कारण हुए हादसे में जैसलमेर में दो भाइयों की मौत हो गई।

मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर-ग्वालियर समेत 33 जिलों में



आंधी-बारिश और 3 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे तक की रफ्तार से आंधी चलने का अनुमान जताया है।

उधर हरियाणा के रेवाड़ी में रात में हुई तेज बारिश के साथ ओले गिरे। सड़कों पर पानी भर गया। आंधी के चलते सड़कों पर लगे होर्डिंग भी उखड़ गए। बारिश के कारण दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। आने वाले दिनों में दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई। वहीं हिमाचल के चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में तेज बारिश, आंधी, बिजली गिरने और ओले गिरने की संभावना है।

## ऑनलाइन सिलेंडर बुकिंग बढ़कर 94% तक पहुंची

### अमेरिका से एलपीजी की सप्लाई हो रही, कीमतों में बढ़ोतरी नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों ने गुरुवार को जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें पश्चिम एशिया में तनाव के कारण तेल और गैस संकट पर मौजूदा हालात की जानकारी दी। विदेश मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी (गल्फ) असीम महाजन ने कहा कि यह सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय के लिए परीक्षा की घड़ी है।

पेट्रोलियम मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग एवं ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने बताया कि युद्ध के कारण एलपीजी की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। हालांकि, देश में किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास सिलेंडर की कमी नहीं है।



पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, देश में ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 94% पहुंच गई है। करीब 83% रीफिल डिलीवरी डिलीवरी ऑथेंटिकेट कोड के जरिए हो रही है। पैनिक बुकिंग में कमी आ रही है। सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत में करीब 70% कच्चा तेल अब होर्मुज स्ट्रेट के बाहर के क्षेत्रों से आ रहा है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण दबाव जरूर है, लेकिन अभी तक कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### जीरो पाईट ब्रिज भी चौडा कर ही दें...


खुसूर फुसूर

पुराने एवं नए शहर के जोड में आवागमन के लिए पुराने ब्रिज की तरह ही नया और चौडा ब्रिज शहर के मुख्य चौराहा के नजदीक से ही बनाया जा रहा है। इस ब्रिज की महती आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। महाआयोजन 2016 के दौरान इसका संधारण करना मजबूरी हो गई थी। कई स्थानों से इसे रिपेयर किया गया था और एक शाखा पूर्व से ही मक्सीरोड की और निकालकर इसमें डायवर्शन दिया गया था। इस क्षेत्र में आवागमन को देखते हुए नए ब्रिज की जरूरत थी जिसे पूरा किया जा रहा है। महाआयोजन 16 के दौरान करीब 13 ब्रिज का निर्माण किया गया था। इनमें से एक जीरो पाइंट भी था। भविष्य में आवागमन की स्थितियों का इसमें बहुत ज्यादा ध्यान नहीं रखे जाने से मात्र पिछले 10 सालों में ही यह आवागमन की स्थिति में सकरा हो गया है। एक साथ दो मध्यम एवं बडे वाहनों के निकलने की स्थिति में यह बात बिल्कुल साफ तौर पर अनुभव की जा सकती है। ब्रिज के दोनों और पैदल चलने वालों के लिए फूटपाथ बनाया गया है। करीब 1-1 मीटर के फूटपाथ बने हैं। जिनका उपयोग बहुत ही कम होता है एवं ब्रिज पर वाहनों के आवागमन की स्थिति में यह सकरा लगने लगता है। खुसूर-फुसूर है कि ब्रिज के मध्य की चौडाई को विकसित किया जाना 2028 एवं 2040 की स्थितियों को देखते हुए अभी से आवश्यक दिखाई दे रहा है। ऐसे में जीरो पाइंट ब्रिज का भी उद्धार करते हुए इसे भी चौडा कर दिए जाने से नए शहरी क्षेत्र से आगर रोड को जोडने वाले प्रस्तावित चौडीकरण का लाभ मिल सकेगा। इस ब्रिज के सांदीपनि चौराहा से उद्यन मार्ग तक चौडीकरण एक और किया जा रहा है तो दुसरी और कोयला फाटक से रणकेश्वर चौडीकरण प्रस्तावित है ही ऐसे में ब्रिज के चौडीकरण से आवागमन और सुलभ हो सकेगा।

### मैसेज में डिलीवरी, हकीकत में खाली हाथ.. एलपीजी संकट ने बढ़ाई मुश्किलें

**उज्जैन।** अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब आम लोगों की रसोई तक पहुंच रहा है। शहर में एलपीजी गैस की किल्लत बढ़ने लगी है, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। स्थिति यह है कि गैस बुकिंग कराने के बाद भी लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा।

अंतरराष्ट्रीय तनाव का असर उज्जैन तक– बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर, एजेंसियों की व्यवस्था पर उठे सवाल




#### समस्या क्या है?

कई उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस का नंबर लगाने के बाद भी बुकिंग कन्फर्म नहीं हो रही ।

जिनकी बुकिंग हो गई, उन्हें मोबाइल पर 'डिलीवरी मैसेज' भी मिल गया।

लेकिन असल में उन्हें सिलेंडर नहीं मिला।

इससे साफ है कि सिस्टम में कहीं न कहीं गड़बड़ी है।

#### जमीनी हालात..

केडी गेट क्षेत्र के निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि उनका नंबर लगने के बाद जब वे एजेंसी पहुंचे, तो उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिला।

इसी तरह जीवाजी गंज क्षेत्र में रहने वाले राजेश ने बताया कि उनके मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज आया लेकिन सिलेंडर अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ है कई दिनों से वे एजेंसी और गैस गोदाम के चक्कर लगा रहे हैं फिर भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिला है।

इस वर्ष 21 मार्च को सूर्य विषुवत रेखा पर लम्बवत रहेगा

# कल 'वसन्त सम्पात' दिन और रात 12-12 घंटे के होंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



उज्जैन। सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के परिक्रमण के कारण सूर्य कर्क रेखा से मकर रेखा के बीच गति करता हुआ दृष्टिगोचर होता है। इस वर्ष 21 मार्च को सूर्य विषुवत रेखा पर लम्बवत रहेगा। इसे "वसन्त सम्पात" कहते है। सूर्य को विषुवत रेखा पर लम्बवत होने के कारण दिन और रात बराबर-बराबर अर्थात 12-12 घण्टे के होते है।

शासकीय जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डा. राजेन्द्र प्रकाश गुप्त के अनुसार 21 मार्च के बाद सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध एवं मेष राशि में प्रवेश करेगा। 21 मार्च को सूर्य की क्रान्ति 0 अंश 15 कला उत्तर होगी तथा मेष राशि में सूर्य 0 अंश 39 कला 5 विकला पर होगा।

### दिन धीरे-धीरे बडे, रात छोटी होगी

सूर्य के उत्तरी गोलार्द्ध में प्रवेश के कारण अब उत्तरी गोलार्द्ध में दिन धीरे-धीरे बड़े होने लगेंगे तथा रात छोटी होने लगेगी। यह क्रम 21 जून तक जारी रहेगा। 21 जून को भारत सहित उत्तरी गोलार्द्ध में दिन सबसे बड़े तथा रात सबसे छोटी होगीं। 22 मार्च से सूर्य के उत्तरी गोलार्द्ध में प्रवेश के कारण सूर्य की किरणों की तीव्रता उत्तरी गोलार्द्ध में बढ़ने लगेगी। जिससे ग्रीष्म ऋतु का प्रारम्भ होता है।

### वेधशाला में यंत्रों पर देखा जा सकेगा

शा. जीवाजी वेधशाला उज्जैन में 21 मार्च की घटना को शंकु यन्त्र तथा नाड़ीवलय यन्त्र के माध्यम से प्रत्यक्षरूप से देखा जा सकता है। 21 मार्च को शंकु की छाया पूरे दिन सीधी रेखा (विषुवत रेखा) पर गमन करती हुई दिखाई देगी। 21 मार्च के पूर्व नाड़ीवलय यन्त्र के दक्षिणी गोल भाग (24 सितम्बर से 20 मार्च तक) पर धूप थी। 21 मार्च को नाड़ीवलय यन्त्र के उत्तरी तथा दक्षिणी किसी गोल भाग पर धूप नहीं होगी तथा 22 मार्च से अगले छः माह (22 सितम्बर तक) नाड़ी वलय यन्त्र के उत्तरी गोल पर धूप रहेगी। इस प्रकार सूर्य के गोलार्द्ध परिवर्तन को को हम नाड़ीवलय यन्त्र के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से देख सकते है। सभी से मेरा अनुरोध है कि आप 21 मार्च को वेधशाला आकर इस खगोलीय घटना का अवलोकन करें।

खजूर वाली मस्जिद से जूना सोमवारिया तक चौड़ीकरण कार्य धीमा.. क्षेत्रवासी परेशान

# काम बड़ा, मजदूर कम निरीक्षण के बाद भी चौड़ीकरण की रफ्तार धीमी

## सिंहस्थ की तैयारियों पर असर—गिनती के मजदूरों के सहारे बड़ा प्रोजेक्ट, ठेकेदार की कार्यशैली पर सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए शहर में सड़क चौड़ीकरण और अन्य निर्माण कार्यों की गति तेज करने के दावे जमीनी हकीकत से मेल नहीं खा रहे हैं। खजूर वाली मस्जिद से जूना सोमवारिया तक चल रहा सड़क चौड़ीकरण कार्य इसका ताजा उदाहरण है, जहां निरीक्षण और निर्देशों के बावजूद काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। मंगलवार और बुधवार को मौके पर स्थिति का जायजा लेने पर पाया गया कि इतने बड़े प्रोजेक्ट में केवल 4 से 5 मजदूर ही कार्यरत थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से यही स्थिति बनी हुई है, जिससे परियोजना की प्रगति लगभग ठहर सी गई है।

बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में पर्याप्त श्रमिकों की तैनाती जरूरी होती है, जो यहां स्पष्ट रूप से नहीं दिख रही। अधिकारी निरीक्षण तो कर रहे हैं, लेकिन निर्देशों का पालन जमीन पर नहीं हो रहा।

कार्य की धीमी गति ठेकेदार की कार्यशैली और संसाधन प्रबंधन पर सवाल खड़े करती है। परियोजना के तहत दोनों ओर नालियों का निर्माण किया जा रहा है और विद्युत पोल लगाने का कार्य जारी है। इसके बावजूद मुख्य सड़क चौड़ीकरण का काम अपेक्षित गति नहीं पकड़ पाया है।

### स्थानीय लोगों की नाराजगी

क्षेत्रवासियों का कहना है कि इतने महत्वपूर्ण कार्य में ठेकेदार द्वारा गिने-चुने मजदूर लगाए गए हैं, मंगलवार बुधवार को गिनती के दो महिलाएं व तीन पुरुष मजदूर ही साइट पर काम कर रहे थे जिससे न केवल काम की गति प्रभावित हो रही है, बल्कि सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन की तैयारियों पर भी असर पड़ सकता है। कार्य की धीमी गति के कारण क्षेत्रवासी भी परेशान है क्षेत्र के रास्ते बंद पड़े हैं तथा लोगों को घूमकर जाना पड़ रहा है।

### प्रशासन के सामने चुनौती

यदि जल्द ही मैनपावर और संसाधनों में वृद्धि नहीं की गई, तो तय समयसीमा में कार्य पूरा करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में प्रशासन को केवल निरीक्षण तक सीमित न रहकर, ठेकेदार की जवाबदेही तय करनी होगी।

## फिल्मी स्टाइल में जेल ब्रेक करने वाला बंदी छत्तीसगढ़ से पकडाया

**उज्जैन।** शाजापुर जिला जेल से पाइप के सहारे फिल्मी अंदाज में फरार हुआ कैदी आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ ही गया। 15 मार्च की दोपहर करीब 12 बजे जेल से फरार हुआ जीवन उर्फ जयराम पिता मोहनलाल निवासी मक्सी नई आबादी, को लाल घाटी थाना पुलिस ने पकड कर बार फिर से सलाखों के पीछे वापस पहुंचा दिया है। सेंट्रल जेल भैरूगढ सर्कल अधीक्षक मनोज साहु के अनुसार बंदी छत्तीसगढ में साले के यहां छुपा हुआ था।

करीब 4 महीने से शाजापुर जिला जेल में बंद कैदी के फरार होते ही जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। फरार बंदी को पकडने के लिए तुरंत स्पेशल टीम बनाई गई और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया। फरार बंदी के सहयोगी से पूछताछ की गई और उसके आगे की योजना की जानकारी ली गई। पुलिस ने आसपास के इलाकों में दबिश देने के साथ-साथ आरोपी के संभावित ठिकानों को खंगाला। जांच में सामने आया कि फरार कैदी छत्तीसगढ़ में अपने ससुराल में छिपा बैठा है। सूचना के आधार पर शाजापुर पुलिस की टीम छत्तीसगढ़ पहुंची और फिल्मी अंदाज में ही दबिश देकर आरोपी को धर दबोचा। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच उसे वापस शाजापुर लाया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने जेल ब्रेक करने का पूरा प्लान बयान किया और कैसे उसने जेल से भागने की साजिश रची और कैसे लंबा सफर तय कर छत्तीसगढ़ पहुंचा इसका भी खुलासा किया है।

# दाहोद गुड्स शेड से पहली बार लाइमस्टोन लोडिंग

## पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल को मिला नया माल ग्राहक




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने दाहोद में फुल रेक हैंडलिंग की सुविधा से युक्त एक आधुनिक गुड्स शेड का निर्माण किया गया है, जिसे हाल ही में लोडिंग एवं अनलोडिंग के लिए प्रारंभ किया गया है। इस नए गुड्स शेड से 18 मार्च 2026 को पहली बार लाइमस्टोन की लोडिंग की गई। यह लोडिंग बॉक्स एन रेक में की गई तथा कुल 4107 टन की लोडिंग हुई। इस उपलब्धि के साथ ही रतलाम मंडल ने पहली बार लाइमस्टोन लोडिंग का रिकॉर्ड भी स्थापित किया है।

जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार यह रेक दाहोद से मध्य रेलवे बॉम्बे मंडल के जेएसडब्ल्यू स्टील साइडिंग के लिए रवाना की गई है। यह रेक लगभग 634 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने गंतव्य तक पहुंचेगी। इस नई लोडिंग से रेलवे को लगभग 50 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। साथ ही, इस पहल के माध्यम से एक नए माल ग्राहक को रेलवे से जोड़ा गया है, जो भविष्य में नियमित रूप से रेलवे सेवाओं का उपयोग करेगा। रतलाम मंडल के वाणिज्य एवं यातायात विभाग के समन्वित प्रयासों का ही परिणाम है कि मंडल निरंतर नए ग्राहकों को रेल माध्यम से माल परिवहन हेतु आकर्षित कर रहा है। यह उपलब्धि न केवल राजस्व वृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यावरण अनुकूल एवं किफायती परिवहन को भी बढ़ावा देती है।

जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ गंगा दशमी तक चलेगा अभियान, निगम नर्सरी एवं इस्कान के पीछे की बावडी सालों से जस की तस,जल संकट में दिया था साथ

# पुरातन बावड़ियों का सालों से नहीं संवर्धन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नवसंवत्सर के अवसर पर प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान गंगा दशमी तक चलेगा। इस दौरान नगर निगम क्षेत्र में मात्र कुछ ही जल स्त्रोंतों पर बार झबार ध्यान दिया जा रहा है। इसकी अपेक्षा कुछ जल स्त्रोतों को संवर्धन से दरकिनार रखा जा रहा है,जबकि 2008-09 के जल संकट में नगर निगम नर्सरी एवं ईस्कान के पीछे स्थित बावडियों ने जमकर साथ दिया था।

जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत के साथ ही जल स्त्रोतों की सफाई का काम शुरू हो गया है। प्रदेश और जिले के साथ ही नगर निगम क्षेत्र में भी इस अभियान की शुरूआत होना है। पिछले वर्षों की जानकारी से सामने आता है कि इस अभियान में हर बार कुछ खास जलस्त्रोतों को बार-बार साफ कर अभियान की सफलता को गिनाया जा रहा है जबकि कुछ जल स्त्रोतों को सिरे से ही नजरअंदाज किया जा रहा है।

### डेढ दशक पहले आया था जलसंकट

पीएचई के सूत्रों के अनुसार सत्र 2008-09 के दौरान शहर में जमकर जल संकट आया था। तत्कालीन दौर में ताबडतोड 15 करोड की लागत से चंबल नदी के अमलावद बीका डेम से गंभीर तक पानी लाने के लिए लाईन डाली गई थी। उस दौरान शहर के जलस्त्रोतों की सफाई के कामों को प्राथमिकता से किया गया था। उसी समय में शहर के अच्छी जल राशि वाले स्त्रोतों की सफाई के काम को अंजाम दिया गया था। उसके बाद डेढ दशक से अच्छी जल राशि वाले स्त्रोतों को नजरअंदाज किया हुआ है। विशाला क्षेत्र में इनमें से एक से तो नगर निगम अपनी नर्सरी का संचालन कर रहा है।



### साथ देने वाले जलस्त्रोत नजरअंदाज

नगर निगम उज्जैन क्षेत्र में अनेकानेक जलस्त्रोत हैं। इनमें से कुछ जलस्त्रोत काफी सक्षम हैं। जलसंकट के दौरान शहरी क्षेत्र में इन जलस्त्रोतों ने जमकर साथ दिया था। नगर निगम ने यहां हाईडेंट लगाकर जमकर पानी का दोहन किया था। उसके बाद भी इनमें जल राशि बराबर बनी रही थी,लेकिन इनके संवर्धन एवं संरक्षण को लेकर जिस तरह से काम होना चाहिए थे वैसे पिछले डेढ दशक में नहीं किए गए हैं। जल संकट के दौर में नगर निगम ने श्री विशाला क्षेत्र में नर्सरी केंपस में स्थित बावडी पर हाईडेंट लगाकर जमकर टेंकर भरे और सप्लाय की थी। इसी तरह से विशाला विकास प्राधिकरण मुख्य भवन केंपस के अंदर का कुंआ एवं ईस्कान के पीछे स्थित बावडी की सफाई भी लंबे समय से नहीं हुई है। विकास प्राधिकरण केंपस में स्थित कुए पर तो वर्ष भर हाईडेंट से पानी लेने का काम जारी रहता है,लेकिन नगर निगम नर्सरी की बावडी पर लगाया गया हाईडेंट समय के साथ गायब हो चुका है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहरी क्षेत्र में इन जलस्त्रोतों के संवर्धन की महती आवश्यकता है।

### पाईप लाईन भी गायब

जल संकट के दौर में अमलावद बीका से गंभीर तक राज्य शासन ने 15 करोड खर्च कर शहर को पानी उपलब्ध कराने के लिए करीब 19 किलोमीटर लंबी पाईप लाईन डाली थी। जलसंकट का दौर निकलने के बाद यह पाईप लाईन कहां गई किसी को पता नहीं है। इसके कुछ पाईप तो आसपास के खेतों में अब भी अवशेष के रूप में दिखाई देते हैं।

20 मार्च : विश्व गौरैया दिवस विशेष

# गौरैया यूं हो गई घरों से दूर, मनुष्य के प्रयास कुछ रंग ला रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

(पं राहुल शुक्ल)

चूं चूं करती आई चिडिया चोंच मे दाना लाई चिडिया के दर्शन आज शहरों मे दुर्लभ से हो गए हैं। मानव से रूठ कर हाउस स्पैरो या गौरैया घरों मे सुबह सुबह दस्तक नहीं दे रही है जिससे घरों की रौनक बेनूर सी जान पड रही है। वर्तमान की प्रौढ पीढी वह है जिसने अपने बाल्यकाल मे घर के अन्दर खूब हाउस स्पैरो देखीं , उनका प्रजनन देखा और विकास के चलते गौरैया का रूठना भी देखा। गौरैया का यूं नाराज होकर दूर जाना काफी लोगों को दर्द दे गया और फिर कुछ पक्षी प्रेमियों ने इनकी चिंता पालकर इनके संरक्षण के प्रयास किए।

### क्यों आना बंद हुई हाउस स्पैरो

हल्के भूरे रंग के इस परिंदे का जोडा पहले हर घर के पंखे के कप मे अपना घोंसला बनाकर चैन से रहता था पर आधुनिक शहरीकरण व विकास ने इनका चैन छीन लिया। पक्षी विशेषज्ञों के अनुसार जो चार प्रमुख कारण रहे वे हैं :



- शहरों मे बढता कोलाहल व प्रदूषण
- आधुनिक भवनों की नई डिजाइन
- शहरों मे लगे मोबाइल टॉवर
- पैक्ड आटे का चलन
- छोटी छोटी झाड़ियों का अभाव

### रोशनदान न होना

आधुनिकता के चलते भवनों मे एअरकंडीशनर की सुविधा को तरजीह देते हुए ऐसी डिजाइन के मकान बनने लगे जिनमे रोशनदान नहीं रखे गए और घरों मे इनका प्रवेश ही रोक दिया गया। असुरक्षित गौरैया ने आना बंद कर दिया

**अद्वैता श्रीवास्तव, पक्षी प्रेमी**

### पैक्ड आटे का प्रचलन

पहले घरों मे गेहूं स्टोर करके रखे जाते थे। जब महिलाएं इन्हें छलने से छानती थीं तो वेस्ट और चापड आदि बाहर खुली जगह पर डाल दिया जाता था और गौरैया इन्हे चाव से खाती रहीं। अनाज का वेस्ट स्पैरो को आकर्षित करती थी। भोजन का अभाव इन्हे शहरों से दूर ले गया।

**शशांक शुक्ला, गौरैया बचाओ अभियान, उज्जैन**

### बर्ड नेस्ट व फीडर मददगार

हाउस स्पैरो को वापस घरों की ओर आकर्षित करने मे पेड पौधे व आर्टिफिशल नेस्ट मददगार सिद्ध हो रहे हैं। हरियाली और छोटी झाड़ियों को गौरैया पसंद करती है। यदि घर के गार्डन मे आर्टिफिशल नेस्ट या बर्ड फीडर आदि लगा दिए जाएं तो ये नन्हा दोस्त आने लगता है और नेस्ट मे रहने लगता है। हाउस स्पैरो मे पहले नर आकर सुरक्षित अनुकूलता भांपते हैं फिर जोडा आकर रहने लगता है।

**डॉ मुकेश वाणी, प्राध्यापक, पर्यावरण प्रबंध अध्ययनशाला, विक्रम विवि उज्जैन**

### सकारात्मक तरंगों का उद्भव

हाउस स्पैरो का घर मे आना खुशियों का सूत्रपात करता है। मैने अपने नवीन आवास मे आर्टिफिशल नेस्ट लगाया और कुछ ही दिनों मे ये नन्हा परिंदा आने लगा। तिनके एकत्रित करके स्पैरो ने आर्टिफिशल नेस्ट मे जमा किए और ब्रीडिंग शुरू हो गई। साल भर मे इनकी संख्या अच्छी खासी बढ गई जो एक सुखद अनुभूति है।

**कौशल कुमार मरमट, गौरैया प्रेमी**

### मोबाइल टावर बन रहे अवरोध

शहर मे मोबाइल टावर कुछ जगह लगे हैं और इनसे इलेक्ट्रोमेग्नेटिक तरंगे निकलती हैं जो इस छोटे से प्राणी के शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है अतः गौरैया डर के दूर हो चली हैं।

**अंकिता चौहान, जीव विज्ञानी**

इस नन्हे दोस्त के महत्व को हमने तब समझा जब ये रूठ कर दूर चला गया। अब हाउस स्पैरो के सरंक्षण के प्रयास पूरे विश्व मे चल रहे हैं। हमारे देश मे कुछ पक्षी प्रेमी इस प्रयास मे अपना योगदान देने मे लगे हैं जो एक शुभ संकेत है। दिल्ली के राकेश खत्री ने आर्टिफिशल नेस्ट बनाकर हजारों लोगों को निशुल्क उपलब्ध कराए हैं तो पूणे के युवा मोहम्मद दिलावर ने भी बहुतेरे प्रयास किए हैं। आशा ही की जा सकती है कि हम अपने बच्चों को चूंचूं करती आई चिडिया के दर्शन पुनः अपने घरों मे करा पाएंगे।

दैनिक अवन्तिका
57 since 1968
सब पे नज़र, सबकी ख़बर
इंदौर - उज्जैन | शुक्रवार 20 मार्च, 2026 | www.awantika.com


## न्यूज कॉलम

### प्रसिद्ध पार्श्वगायक विशाल मिश्रा महाकाल की शरण में

**उज्जैन।** हिंदू नववर्ष पर शिप्रा नदी किनारे होने वाले कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए उज्जैन पहुंचे ख्यात संगीतकार और पार्श्वगायक विशाल मिश्रा गुरुवार तड़के महाकाल मंदिर की भस्म आरती में शामिल हुए। विशाल ने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल की आरती देखी। तड़के चार बजे विशाल मिश्रा महाकल मंदिर पहुंचे, यहां उन्होंने करीब दो घंटे तक आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। इस दौरान वे भगवान महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। मिश्रा ने आरती के बाद नंदी जी का पूजन कर देहरी से भगवान महाकाल को जल अर्पित कर महाकाल को नमन किया। इस दौरान पुजारी ने भगवान की माला विशाल मिश्रा को अर्पित कर पूजन पाठ कराया।

### रिजर्वेशन कार्यालय के पास मिलेंगे सामान्य टिकट

**उज्जैन।** प्लेटफॉर्म नंबर एक पर स्थित सामान्य टिकट काउंटर को रिजर्वेशन कार्यालय के पास शिफ्ट किया जाएगा। इसका लाभ सिंहस्थ में आने वाले यात्रियों को मिलेगा। महाप्रबंधक, पश्चिम रेलवे (प्रभारी) प्रदीप कुमार ने यह बात कही। वे बुधवार को यहां आए। उन्होंने सिंहस्थ, निर्माण कार्यों, ट्रेन के संचालन से लेकर यात्री सुविधाओं को लेकर चर्चा की। महाप्रबंधक ने कहा कि सिंहस्थ के लिए रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी है। इसमें उज्जैन के पास सबस्टेशन को नया रूप दिया गया है। यात्रियों की सुविधा के अनुसार ट्रेन का संचालन भी बढ़ाया जाएगा। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को रेलवे का पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके अलावा जनता खाना क्यों बंद किया, इस संबंध में उनका कहना है मुख्यालय से जानकारी लेंगे और उसे जल्द ही शुरू करवाया जाएगा।

### एयरपोर्ट पर हर दिन

### 15 यात्री भूल रहे अपना कोई न कोई सामान

**3 साल में 5700 लोगों को वापस दिया**

**इंदौर।** इंदौर एयरपोर्ट पर हर दिन करीब 15 यात्री अपना कोई न कोई सामान भूल रहे हैं। किसी का बैग तो किसी का मोबाइल, लैपटॉप, चार्जर, स्मार्ट वॉच, गैजेट या कोई जरूरी डॉक्यूमेंट्स एयरपोर्ट पर ही रह जाता है, जिन्हें एयरपोर्ट के लॉस्ट एंड फाउंड विभाग से यात्रियों को वापस लौटाया जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार हर महीने करीब 440 लोग सामान भूल रहे हैं। इस साल जनवरी में 497 और फरवरी में 405 यात्रियों का सामान एयरपोर्ट पर रह गया, जिन्हें टर्मिनल मैनेजर के पास जमा किया गया। दो महीनों में 209 यात्रियों ने सामान के लिए क्लेम किया। तीन सालों में करीब 5700 यात्रियों को एयरपोर्ट द्वारा सामान लौटाया गया। जानकारी के अनुसार प्रत्येक 100 में से 25 लोग ही सामान के लिए क्लेम करते हैं। मुंबई से इंदौर आए एक यात्री का बैग एयरपोर्ट पर छूट गया। वे घर पहुंचे तो इसका पता चला। उन्होंने एयरपोर्ट पर पूछताछ की तो उनका बैग मिल गया। बैग में कीमती सामान भी था। औपचारिकता के बाद उन्हें अपना सामान वापस मिल गया।

### बिजली आपूर्ति के लिए चिंतामन में सब स्टेशन का काम शुरू

**उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 में निर्बाधित बिजली आपूर्ति के लिए तेजी से काम हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रथम चरण में 132 केवी के लिए चिंतामन में सब स्टेशन के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। इसके अलावा उज्जैन-चंद्रावती गंज एवं देपालपुर-चिंतामन 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन का लाइन-इन-लाइन आउट कार्य भी करवाया जा रहा है। एक महीने के इस मेले में करीब 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। मेले के दौरान बिजली की खपत कई गुना बढ़ जाएगी। इसका आंकलन करने के बाद अब बिजली कंपनी ने उसकी आपूर्ति के लिए अपने उपक्रम व सिस्टम को अपग्रेड करना शुरू कर दिया है। कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी दावा करते हैं कि इन सभी कामों के पूरा होने पर बिजली की आपूर्ति निर्बाधित रूप से बनी रहेगी।

### राजवाड़ा पर जनप्रतिनिधियों ने उगते सूर्य को अर्पित किया जल

**इंदौर।** इंदौर के राजवाड़ा पर गुरुवार सुबह हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा की गई। संस्कार भारती, लोक संस्कृति मंच और नगर निगम के तत्वावधान में विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ पर यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आदि देव नमस्तुभ्यं सहित वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच उगते सूर्य को जल अर्पित किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुई। प्राजक्ता दातार और प्रेशियस पाटीदार ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। बृजमोहन बमरीले ने वायलिन वादन किया और रामधुन की प्रस्तुति भी दी गई।

### आंगनवाड़ी से प्राथमिक शाला में प्रवेश को मिलेगा प्रोत्साहन

**इंदौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग, मप्र द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत 5-6 वर्ष के बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से प्रवेश दिलाने एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विद्यारम्भ प्रमाण-पत्र वितरण एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रदेशभर में एक साथ मंगलवार, 24 मार्च 2026 को आयोजित होगा। इस पहल के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्राप्त शिक्षा की महत्ता को रेखांकित किया जाएगा तथा समुदाय में इन केन्द्रों को शिक्षा के प्रमाणिक आधार के रूप में स्थापित किया जाएगा।

---

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान का किया राज्य स्तरीय शुभारंभ**

# जल ही जीवन का आधार, संस्कृति का अभिन्न अंग

## गुड़ी पड़वा से गंगा दशमी तक चलने वाले इस अभियान में जल संरक्षण और जल संवर्धन के लिए समर्पित होंगे ढ़ाई हजार करोड़ के कार्य





### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान को जन आंदोलन बनाने का किया आह्वान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इंदौर में जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में जल का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि जल के बिना कोई भी पूजा-पाठ पूर्ण नहीं माना जाता है और जल ही जीवन का आधार है। हमारी सृष्टि की उत्पत्ति भी जल से ही मानी गई है। भगवान विष्णु का प्रथम अवतार मत्स्य अवतार भी जल से ही प्रारंभ होता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य बिना भोजन के कुछ समय जीवित रह सकता है, लेकिन जल के बिना जीवन संभव नहीं है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर इंदौर से राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस अभियान का यह तीसरा वर्ष है। इस वर्ष यह अभियान 139 दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रदेशभर में लगभग 2500 करोड़ रुपये के कार्य किए जाएंगे। यह अभियान गुड़ी पड़वा से गंगा दशमी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिन प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता दी गई है, उनमें नए तालाबों का निर्माण, पुराने तालाबों का पुनर्जीवन, कुएं और बावड़ियों की मरम्मत, नहरों का निर्माण और सुधार, सूखी नदियों का पुनर्जीवन तथा भू-जल पुनर्भरण के लिए संरचनाओं का निर्माण शामिल हैं। प्रदेश के 10 हजार से अधिक चेक डेम और स्टॉप डेम के संधारण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। पेयजल की गुणवत्ता और स्वच्छता के कार्यों पर भी ध्यान दिया जाएगा। इन सभी कार्यों का उद्देश्य प्रदेश में वर्षा जल का अधिकतम संचयन करना और जल स्त्रोतों को स्थायी बनाना है। यह अभियान एक साथ प्रदेश के सभी 55 जिलों में क्रियान्वित होगा।

कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्पमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, विधायक मधु वर्मा, मालिनी गौड़ तथा गोलू शुक्ला, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, प्रताप करोसिया, सुमित मिश्रा, श्रवण सिंह चावड़ा, संजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के बिलावली, लिम्बोदी और छोटा सिरपुर तालाब के जीर्णोद्धार सहित जल संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी लगभग 22 करोड़ रुपये के कार्यों का भूमिपूजन किया।

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में जल को पंचतत्वों में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नदियां पृथ्वी की धमनियों की तरह हैं, जो जीवन प्रदान करती हैं। मध्यप्रदेश को नदियों का मायका बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां से 250 से अधिक नदियां निकलती हैं, जो न केवल प्रदेश बल्कि अन्य राज्यों को भी समृद्ध करती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण को राष्ट्रीय अभियान के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। पिछले वर्षों में प्रदेशभर में लाखों जल संरचनाओं पर कार्य किया गया है। इंदौर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अभियान के पूर्व वर्ष में इंदौर नगर निगम द्वारा बड़ी संख्या में पुरानी बावड़ियों और तालाबों के गहरीकरण और पुनरुद्धार का कार्य किया गया। साथ ही सैकड़ों कुओं का भी जीर्णोद्धार किया गया है। उन्होंने नागरिकों से जल संरक्षण में भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि यह अभियान केवल सरकारी नहीं, बल्कि जन-जन का आंदोलन होना चाहिए। उन्होंने नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, विक्रम संवत और अन्य पर्वों की मंगल कामनाएं देते हुए भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखने का आह्वान किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरासत से विकास के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार इसी सोच और दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक ओर जहां समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर विकास के नए आयाम स्थापित करते हुए आधारभूत संरचना, पर्यटन, कृषि, उद्योग और जनकल्याण के क्षेत्रों में तेजी से प्रगति की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य परंपरा और आधुनिकता के संतुलन के साथ प्रदेश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को गौरवशाली विरासत के साथ बेहतर भविष्य भी मिल सके।

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में हुई दुखद घटना का जिक्र करते हुए कहा कि आज की आधुनिक जीवनशैली में सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की भी आवश्यकता है, इस संबंध में उन्होंने नागरिकों से विशेष सुरक्षात्मक ऐहतियात बरतने की अपील की।
- इंदौर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार्मिक और पर्यावरणीय संदेशों से जुड़ी महत्वपूर्ण गतिविधियों में भी सहभागिता की। उन्होंने इस्कॉन मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा गौ माता की पूजा कर उन्हें गो-ग्रास भी खिलाया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित नागरिकों को जल संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि जल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निपानिया तालाब में विभिन्न पवित्र नदियों के जल का अर्पण भी किया।
- जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह अवसर अत्यंत पवित्र है, जब नववर्ष की शुरूआत के साथ जल संरक्षण का संकल्प लिया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए इस अभियान को जन-जन से जोड़ने का आह्वान किया।

---

**एक नजर स्टेशन देखा और सलाहकार समिति सदस्यों से भी मिले पश्चिम रेलवे प्रभारी महाप्रबंधक**

# परे महाप्रबंधक ने कहा- सिंहस्थ के कार्यों को प्राथमिकता से किया जा रहा

## सिंहस्थ मेला-2028 की तैयारियों का जायजा लिया, अधिकारियों से जानकारी ली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ मेला की भव्यता एवं दिव्यता को ध्यान में रखते हुए रेलवे अवसंरचना के विकास से संबंधित विभिन्न कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात सुगमता एवं सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ये कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने की दिशा में तेजी से प्रगति पर हैं। ये बात पश्चिम रेलवे के प्रभारी महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान कही।

उन्होंने मिडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सिंहस्थ से सम्बन्धित कार्यों को रेलवे अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसके लिए राज्य प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर



कार्य किए जा रहे हैं तथा नियमित अंतराल पर बैठक का आयोजन भी किया जा रहा है ताकि कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरी की जा सके।

महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे (प्रभारी) प्रदीप कुमार ने बुधवार को सिंहस्थ मेला-2028 से संबंधित रेलवे क्षेत्र में प्रस्तावित एवं प्रगति पर चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी ली तथा मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने उज्जैन क्षेत्र के अंतर्गत पंवासा, मोहनपुरा, विक्रम नगर, चिंतामन गणेश, क्षिप्रा ब्रिज तथा नई खेड़ी स्टेशन पर किए जा रहे कार्यों का जायजा भी लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। महाप्रबंधक कुमार ने क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति एवं मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ मुलाकात भी की। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक रतलाम अश्वनी कुमार सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने सीएम को तस्वीर भेंट की



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में स्कूली विद्यार्थियों की उत्कृष्ट चित्रकारी प्रतिभा की सराहना की। निपानिया स्थित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी ईशान भालसे एवं शिवा वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री का स्कैच सह तस्वीर बनाकर भेंट की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों विद्यार्थियों को अपने पास बुलाकर उनसे आत्मीय परिचय प्राप्त किया और उनकी कलात्मक प्रतिभा की प्रशंसा कर सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा को निरंतर निखारने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए दोनों को 11-11 हजार रुपये पारितोषिक स्वरूप प्रदान करने के निर्देश कलेक्टर शिवम वर्मा को दिए।

## आयोजक कपिल वाधवानी का नशा करते वीडियो वायरल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश के इंदौर में 21 मार्च को होने वाले बड़े म्यूजिक शो से पहले ड्रग्स कनेक्शन को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। शहर में होने वाले इस हाई-प्रोफाइल आयोजन से जुड़े बताए जा रहे आयोजक कपिल वाधवानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कथित रूप से नशा करते दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो सामने आने के बाद अब यह सवाल उठ रहा है कि जिस शहर में पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चला रही है, उसी शहर में नशे के आरोपों में घिरा व्यक्ति बड़ा इवेंट कैसे करवा रहा है। सूत्रों के मुताबिक 21 मार्च को इंदौर में होने वाले पंजाबी सिंगर औजला के शो के पीछे कपिल वाधवानी का नाम सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि आयोजन की तैयारियां चल रही हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन और पुलिस को इस इवेंट की पूरी जानकारी नहीं है। यही वजह है कि वीडियो वायरल होने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। चर्चा यह भी है कि कपिल वाधवानी पहले भी शहर में हाउस पार्टी आयोजित करता रहा है, जहां कथित रूप से नशे का इस्तेमाल और सप्लाई होती थी। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन वायरल वीडियो ने पूरे मामले को संदेह के घेरे में ला दिया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब इंदौर पुलिस कमिश्नर द्वारा लगातार ड्रग्स के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, कई मामलों में एफआईआर दर्ज हो रही है, तो फिर ऐसे व्यक्ति को बड़े आयोजन की अनुमति कैसे मिल रही है।

अब निगाहें पुलिस और जिला प्रशासन पर टिक गई हैं कि वायरल वीडियो सामने आने के बाद क्या जांच होगी, क्या आयोजन पर रोक लगेगी या फिर मामला दबा दिया जाएगा।

---

# चुनावी राज्यों में दिखेगा मप्र के नेताओं की रणनीति का दम

## मध्यप्रदेश भाजपा-कांग्रेस के नेता अपने रणनीतिकार नेताओं को पांचों राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए भेजेंगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनावी तिथि की घोषणा के साथ ही राजनीतिक पार्टियों की हलचल तेज हो गई है। पांच राज्यों के अलावा मप्र में भी चुनावी राज्यों की रणनीति बन रही है। यहां की दो बड़ी पार्टियां भाजपा और कांग्रेस ने पांचों राज्यों के लिए चुलावी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत दोनों पार्टियां अपने रणनीतिकार नेताओं को पांचों राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए भेजेंगी।

गौरतलब है कि मप्र के नेता चुनावी रणनीति में माहिर माने जाते हैं। इसलिए भाजपा और कांग्रेस विभिन्न राज्यों में अपने नेताओं को चुनावी मोर्चे पर तैनात करती है। विशेष कर सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं की रणनीति पर सबको भरोसा है। इसलिए भाजपा ने चुनावी राज्यों में अपने नेताओं को भेजना शुरू कर दिया है। पार्टी 50 से ज्यादा नेताओं को पश्चिम बंगाल और आसाम चुनाव प्रचार के




लिए भेजेगी। जानकारों की माने को चुनाव की घोषणा से पहले मप्र के 11 नेता असम में सक्रिय रहे है, जहां उन्हें ऐसे क्षेत्रों में सक्रिय किया गया था, जहां भाजपा अपेक्षाकृत कमजोर मानी जाती है। इन नेताओं ने प्रथम चरण में अपने टास्क को पूरा किया है। बताया गया है कि जल्द भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व मप्र के नेताओं की पश्चिम बंगाल और आसाम में चुनावी दायित्व दिए जाने का निर्देश जारी कर सकता है। इन नेताओं को चुनाव प्रभारी, पर्यवेक्षक या सहयोगी के तौर पर जिम्मेदारी दी जाएगी।

### मप्र के नेताओं की चुनावी कौशलता का टेस्ट

- देश के 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव राजनीतिक तौर पर उन राज्यों के लिए अहम माने जा रहे है, लेकिन इन चुनावों में मप्र के नेताओं की चुनावी कौशलता का टेस्ट होगा। असम और पश्चिम बंगाल के लिए मध्यप्रदेश के नेताओं को टास्क मिलेगा। इनमें से कुछ नेता सरकार और निगम मंडल के पदों के दावेदार भी है। बताया गया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भी बिहार और दिल्ली चुनाव की तरह आसाम और पश्चिम बंगाल में भी चुनावी सभाएं आयोजित की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों सीएम की आसाम में कई दौरे हो चुके है। भाजपा सूत्रों की माने तो राज्य सरकार के आधा दर्जन से ज्यादा मंत्रियों को आसाम और पश्चिम बंगाल में चुनावी मोर्चे पर लगाया जा सकता है। इनमें उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, विश्वास सारंग, राकेश सिंह, विजय शाह और गौतम टेटवाल के नाम सामने आ रहे है। पार्टी अपने कुछ विधायकों को भी मैदान में उतार सकती है।
- पूर्व मंत्री अरविन्द भदौरिया, वरिष्ठ नेता विनोद गोटिया सहित कुछ पूर्व विधायकों व वरिष्ठ नेताओं को भी इन चुनावों में दायित्व सौंपा जा सकता है। बताया भाजपा सूत्रों का कहना है कि केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक को भी केन्द्रीय नेतृत्व इन राज्यों में चुनावी प्रबंधन संभालने के लिए भेज सकता है। इनके अलावा संघ की पृष्ठभूमि वाले ऐसे नेताओं को भी चुनावी कमान सौंपी जा सकती है जो मप्र में किसी ने किसी रूप में सक्रिय है।
- इधर कांग्रेस भी अपने मप्र के वरिष्ठ नेताओं को इन पांच राज्यों के चुनावी समर में उतार सकती है। विशेषकर पश्चिम बंगाल और आसाम में प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं के चुनावी कौशल का इस्तेमाल किया जा सकता है। इन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंधार सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी के अलावा पार्टी के कुछ विधायकों को भी इन राज्यों में चुनाव प्रबंधन संभालने के लिए भेजा जा सकता है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी को भी इन राज्यों में किसी भी एक अंचल की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

### राजनीतिक नियुक्ति पर विराम!

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के साथ मप्र में होने वाली राजनीतिक नियुक्तियों पर लगभग विराम सा लग गया है। चुनावी घोषणा के साथ ही निगम-मंडल से लेकर मंत्रिपरिषद के संभावित फेरबदल और विस्तार में अपनी उम्मीद की राह देख रहे नेताओं की धड़कने बढ़ा दी है। इन नेताओं को इस बात का डर सता रहा है कि राज्यों के चुनावों की वजह से कहीं उनकी नियुक्तियां एक बार फिर से न टल जाएं। इस संबंध में ऐसे ही एक दावेदार से चर्चा की, तो उन्होंने स्वीकार किया कि तारीखों ने उनका टेंशन बढ़ा दिया है। फिलहाल वे अपने स्तर पर दिल्ली और भोपाल के वरिष्ठ नेताओं ने इस संबंध में फीडबैंक ले रहे हैं।

## न्यूज-कॉलम



## मंडलेश्वर नगर परिषद ने वितरित किए विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र

**मंडलेश्वर।** नगर परिषद द्वारा आयोजित 'संकल्प से समाधान' कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को स्थानीय निकाय परिसर में एक भव्य आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को उनके अधिकारों के प्रमाण पत्र और स्वीकृति पत्र सौंपे गए। नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे , उपाध्यक्ष प्रतिनिधि हरि गाड़गे, सीएमओ संजय रावल,मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ महेश्वर तहसील अध्यक्ष दीपक तोमर ,नगर पत्रकार संघ कार्यकारी अध्यक्ष नवीन कुमार ठाकुर, नगर पत्रकार संघ सचिव विनोद भार्गव, नितिन जोशी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पात्र व्यक्तियों को बिना किसी विलंब के शासन की योजनाओं से लाभान्वित करना रहा। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने अपने हाथों से हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए, जिससे कई परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई।कार्यक्रम के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए, वहीं सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता और मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना के तहत अनुग्रह राशि के चेक व नवीन पंजीयन कार्ड वितरित किए गए।

## विहीप बजरंग दल एवं मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी ने मनाया हिंदू नववर्ष



**सनावद।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा गुरुवार को प्रतिवषार्नुसार माता चौक स्थित माता मंदिर के समक्ष समस्त हिंदू समाज को तिलक कर गुड़- धनिए का प्रसाद वितरित किया और विक्रम संवत २०८२ नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।उल्लेखनीय है कि परंपरानुसार भारतीय संस्कृति के अनुरूप कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान राजा चौरसिया,अमित यादव, नितिन कड़कर धर्मेंद्र मसंद दिलीप सकरोदिया, संदीप पवार सुमित बेसवार चिराग लाड़ केतन गेहलोद अमन जायसवाल कल्याण तंवर पुनीत टुटेजा इनके सहित सभी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत स्तर पर वृंदावन ग्राम योजना तैयार करने की पहल



**खरगोन।** ग्राम पंचायत स्तर पर वृंदावन ग्राम योजना तैयार करने के लिए आज एक महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रारंभिक कार्यवाही संपन्न हुई। इस अवसर पर विभिन्न लाइन विभागों के अधिकारी/कर्मचारी तथा ग्राम के सम्मानित पंचगण उपस्थित रहे। बैठक में ग्राम के समग्र विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया की शुरूआत की गई। इस योजना के अंतर्गत ग्राम में उपलब्ध संसाधनों, आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं का आंकलन कर एक समग्र एवं प्रभावी विकास योजना बनाई जाएगी।उपस्थित सदस्यों द्वारा ग्राम के विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा यह सुनिश्चित किया गया कि योजना में सभी वर्गों की भागीदारी एवं आवश्यकताओं को सम्मिलित किया जाए।इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राम को स्वच्छ, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाना है। आगामी दिनों में विस्तृत सर्वेक्षण एवं विचार-विमर्श के माध्यम से योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।ग्राम पंचायत द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस योजना निर्माण में सक्रिय सहभागिता करें एवं अपने सुझाव प्रदान करें, जिससे ग्राम का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

## गैस का अवैध संग्रहण पाये जाने पर की गई कार्यवाही

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में अनुभाग पानसेमल अंतर्गत खाद्य एवं राजस्व विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा घरेलू गैस के दुरूपयोग को रोकने के लिए पानसेमल एवं खेतिया में प्रतिष्ठानों की जांच कर गैस का अवैध संग्रहण पाये जाने पर कार्यवाही की। जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यवाही के दौरान भमराटा नाका पानसेमल के शिवम कोल्ड्रिंग्स से 2670 रुपये मूल्य के 1 गैस सिलेण्डर जप्त कर प्रकरण दर्ज किया।

## ग्रामों में जल महोत्सव के कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन जारी

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शानुसार जिले में जल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जल अर्पण दिवस के रुप में मनाया जा रहा है तथा विभिन्न ग्रामों कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्रामीण ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत डेंडिया में जल महोतसव का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत प्राकृतिक जल स्त्रोंतों के संरक्षण के संबंध स्थानीय ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया। साथ ही कलश यात्रा भी निकाली गई। जल संरक्षण पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिता का भी किया गया। बडनगर विकास खण्ड के ग्राम मसवाड़िया (धार) और तराना विकासखण?ड के ग्राम कनासिया में जल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकताओं और स्थानीय ग्रामीण जनों की उपस्थिति? में नल जल योजना के संचालन, संधारण, जल कर की राशि, फिल्ड टेस्ट किट के द्वारा जल के परीक्षण के बारे में ग्रामीणजनों को विस्तार से बताया गया। साथ ही ग्रामीणजनों द्वारा जल स्त्रोतों की पूजा अर्चना की गई और जल संरक्षण की शपथ भी दिलवाई गई।

## खरगोन पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# गड़ा सोना दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

### मंडलेश्वर थाना प्रभारी और उनकी टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

अंधविश्वास का फायदा उठाकर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। भेष बदलकर खुद को च्अर्धनारीज् बताने वाले आरोपियों ने एक महिला को खेत में गड़ा सोना निकालने का झांसा देकर लाखों रुपये के आभूषण और नगदी ठग ली थी। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।पूजा-पाठ का ढोंग रचकर रची गई ठगी की साजिश

घटना 15 मार्च को थाना मंडलेश्वर में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सामने आई। ग्राम सुल्याखेड़ी निवासी फरियादी ने बताया कि कुछ दिन पहले दो व्यक्ति उसके घर आए थे। उनमें से एक ने खुद को च्कागज दीदीज् बताते हुए महिला को भरोसे में लिया और कहा कि वह अर्धनारी है तथा उसके भाग्य में अपार धन लिखा है।आरोपी ने महिला को विश्वास दिलाया कि विशेष विधि-विधान और पूजा-पाठ से जमीन में दबा हुआ सोना निकाला जा सकता है, जिससे उसकी सात पीढ़ियां समृद्ध रहेंगी। झांसे में आकर महिला आरोपियों के संपर्क में बनी रही।



आरोपियों ने महिला को बताया कि उसके खेत में करीब 11 क्विंटल सोना दबा हुआ है और उसे निकालने के लिए पूजा में 5 तोला सोना चढ़ाना होगा। 10 मार्च को तय मुहूर्त पर खेत में पूजा करवाई गई।पूजा के दौरान महिला से एक मटकी में करीब 5 तोला सोने के आभूषण (दो चूड़ियां, पेंडेंट लगी चैन, अंगूठी) और 51 हजार रुपये नगद रखवाए गए। इसके बाद मटकी को बंद कर दिया गया और महिला को 11 दिन तक उसे न खोलने की शर्त रखी गई। फिर चालाकी से महिला को नहर में फूल डालने के बहाने वहां से भेज दिया गया। जब महिला वापस लौटी तो दोनों आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। मटकी खोलने पर उसमें से सारा सामान गायब मिला। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जिला धार के ग्राम सादलपुर में दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम राहुल पिता शौकीन नाथ और विक्की पिता फत्तेनाथ निवासी सादलपुर बताया और अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए सभी सोने के आभूषण, नगदी और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। जबमाल की कुल कीमत लगभग 9 लाख 95 हजार रुपये बताई जा रही है।

### अंधविश्वास बना ठगी का हथियार

यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि अंधविश्वास और लालच का फायदा उठाकर ठग कैसे लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि इस तरह के झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।धोखाधड़ी और चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया।थाना मंडलेश्वर में आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में एसडीओपी श्वेता शुक्ला, मंडलेश्वर थाना प्रभारी पंकज तिवारी, प्रवीण निकुम, संजय,दिनेश रोमडे, अमित पाल, कपिल, राजकुमार दुबे, और थाना सादलपुर पुलिस स्टाफ एवं साइबर टीम खरगोन का विशेष सहयोग रहा।

## अर्जेंट काम के बहाने बुलाया

# आलमगंज में 20 साल की निकिता की हत्या से मचा हड़कंप

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर शहर के आलमगंज इलाके में एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। यहां 20 वर्षीय युवती निकिता सुरागे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज घटना गणपति थाना क्षेत्र की है, जहां पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को राउंडअप कर लिया है। मृतिका की मामी प्रमिला मेहरा के अनुसार, निकिता एक फर्नीचर की दुकान में काम करती थी। बीते दिन दुकान मालिक के साथ किसी बात को लेकर उसका विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद निकिता ने अपने परिजनों से साफ कह दिया था कि वह अब उस दुकान पर काम करने नहीं जाएगी। लेकिन अगली ही सुबह घटनाक्रम ने खौफनाक मोड़ ले लिया। आरोप है कि दुकान मालिक ने निकिता को फोन कर च्अर्जेंट कामज् का बहाना बनाकर कुछ देर के लिए बुलाया। परिवार को उम्मीद थी कि वह जल्द लौट आएगी, लेकिन कुछ ही देर बाद आई खबर ने सभी को स्तब्ध कर दिया–निकिता की हत्या हो चुकी थी। घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश और नाराजगी देखने को मिली। परिवार का आरोप है कि यह एक सुनियोजित वारदात हो सकती है और उन्होंने आरोपी को जल्द सार्वजनिक करने और कड़ी सजा देने की मांग की है। वहीं गणपति थाना प्रभारी सुरेश महाले ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि युवती को कितनी और कहां-कहां चोटें आई हैं। फिलहाल यह घटना शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।



# नगर में रही गणगौर पर्व को लेकर धूम





'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर

नगर में माहेश्वरी समाज महिला मंडल द्वारा गणगौर पर्व को लेकर एक जुलूस निकाला गया जो की महेश्वरी भवन से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकलकर आचार्य मंदिर पहुंचा इस दौरान जुलूस में महिलाएं ईश्वर जी एवं गोरा बनकर नजर आई जुलूस में शामिल महिलाओं ने एक जैसे परिधान पहने हुए थे जो की बहुत ही आकर्षण का केंद्र नजर आ रहे थे जैसे ही जुलूस ढोल धमाकों के साथ महेश्वरी भवन से निकला वैसे ही महिलाओं द्वारा गणगौर माता की जय के जयकारों से पूरा मार्ग गुंजायमान कर दिया पूरे मार्ग में जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया एवं पुष्प वर्षा की गई अंत में जुलूस का समापन आचार्य मंदिर जाकर हुआ जहां महिलाओं द्वारा भगवान की आरती उतारी एवं माता गणगौर से सुख समृद्धि की कामना की गई।

## ग्राम पंचायतों के विकास कार्यो की समीक्षा

# विकास कार्यों में विलंब और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं -बिरला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद/बड़वाह

ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में विलंब,लापरवाही,और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सभी विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं।ये बातें विधायक सचिन बिरला ने बुधवार को बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायतों के माध्यम से जारी विकास कार्यों की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक में कहीं।

विधायक ने बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित इंजीनियर आशीष पाटीदार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए।विधायक ने कहा कि निष्क्रिय और कार्य के प्रति लापरवाह पंचायत सचिवों और इंजीनियरों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी और कर्तव्यनिष्ठ सचिवों तथा इंजीनियरों को सम्मानित किया जाएगा। विधायक ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार पंचायतों के विकास कार्य छह माह तक पेंडिंग होने की स्थिति में अब ग्राम पंचायतों में नए विकास कार्यों की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकास कार्यों हेतु करोड़ों रु प्रदेश सरकार को दिए जा रहे हैं। यह राशि पंचायतों के माध्यम से विकास कार्यों में लगाई जाती है। विधायक ने ग्राम पंचायतों में सचिवों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश अधिकारियों को दिए। विधायक ने कहा कि समीक्षा बैठक का उद्देश्य ग्राम पंचायतों के अधूरे विकास कार्यों को गति देकर शीघ्र पूर्ण करवाना और ग्रामवासियों की मंशानुरूप नई विकास योजनाओं को स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित करना है।विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की मॉनिटरिंग की जाएगी और सचिवों तथा इंजीनियरों से निरंतर विकास कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली जाएगी।

## विक्रम विश्वविद्यालय के 30वां दीक्षांत समारोह में

# डॉ.मोनिया मोहिंदर सिंह यादव सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

उज्जैन, मध्य प्रदेश - विक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित 30वें दीक्षांत समारोह में बुरहानपुर जिले की डॉ मोनिया मोहिंदर सिंह यादव को डॉ ऑफ फिलॉसफी की उपाधि से सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

डॉ मोनिया मोहिंदर सिंह यादव नेपा लिमिटेड में कार्यरत हैं, जो बुरहानपुर जिले में अखबारी कागज बनाने का कारखाना है। उन्होंने डॉ वीरेंद्र चावरे के



मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विक्रम यूनिवर्सिटी के लिए एक बस और कृषि के कार्य में उपयोग होने वाले ड्रोन बनाने के लिए 51 लाख रुपए की घोषणा की। समारोह में माननीय अनिल फिरोजिया, सांसद उज्जैन, माननीय अनिल जैन, विधायक उज्जैन, और श्रीमती कलावती यादव, नगर निगम अध्यक्ष उज्जैन, उपस्थित रहे। डॉ मोनिया को सम्मानित करने के लिए उनके पिता आजाद यादव और माता विमला यादव उपस्थित थे।

**बधाई और शुभकामनाएं**

पूर्व सभापति आजाद यादव ने डॉ मोनिया को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ मोनिया ने इस सम्मान के लिए मुख्यमंत्री और राज्यपाल का आभार माना।

## संस्कृति विभाग के कलाकारों ने

# सम्राट विक्रमादित्य के नाट्य का किया प्रस्तुतीकरण

**बड़वानी।** राज्य शासन के निदेर्शानुसार बड़वानी जिला मुख्यालय पर विक्रमोत्सव 2026 का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वानी में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सूर्यकोटि उपासना और सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित सजीव नाट्य प्रस्तुति रही। कलाकारों ने मंचन के माध्यम से आधुनिक जीवनशैली और प्राचीन भारतीय संस्कृति के अंतर को प्रभावी ढंग से दशार्या, जिसमें दादा और पोते के संवाद ने दर्शकों को विक्रमादित्य के न्याय, सुशासन और पराक्रम के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती जयंति सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला सहित अन्य उपस्थित रहे। नाट्य प्रस्तुति द्वारा भावी पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 57 ईसा पूर्व प्रारंभ हुआ विक्रम संवत न केवल एक राष्ट्रीय संवत है, बल्कि सूर्य-चंद्रमा की गति पर आधारित एक पूर्णतः वैज्ञानिक काल-गणना है, जिससे 12 महीने के वर्ष और 7 दिन के सप्ताह की परंपरा शुरू हुई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नागरिकों को सम्राट विक्रमादित्य के गुणों को अपनाने के साथ-साथ सत्यनिष्ठा और जल संग्रहण का संकल्प भी दिलाया। यह उत्सव भविष्य की प्रेरणा के एक अनूठे संगम के रूप में संपन्न हुआ।

## ग्राम गिराला में जल गंगा संवर्धन अभियान का भव्य शुभारंभ

**आलीराजपुर।** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ आज तालाब गहरीकारण जिले के ग्राम गिराला में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान द्वारा किया गया। यह अभियान 19 मार्च से 30 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और जल सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से जल संरचनाओं के संवर्धन, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन एवं जल संरक्षण के कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और जल बचाने के लिए जागरूकता फैलाएं। अभियान के अंतर्गत तालाब, कुएं, बावड़ियों सहित विभिन्न जल स्त्रोतों की सफाई, गहरीकरण और मरम्मत के कार्य किए जाएंगे, जिससे भविष्य में जल संकट की स्थिति को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मंत्री श्री चौहान का ढोल-मांदल के साथ पारंपरिक स्वागत किया।

## शाला त्यागी बच्चों को पुन: विद्यालयों में प्रवेश पर किया सम्मान

**आलीराजपुर,।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के मार्गदर्शन में शिक्षकों द्वारा शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें पुनः विद्यालयों में प्रवेश दिलाया गया। यह वह बच्चे है जिनके माता पिता मजदूरी और काम के सिलसिले में दूसरे शहरों और राज्यों में पलायन कर गए। उन बच्चों को चिह्नित कर उनका विद्यालयों में प्रवेश कराया गया और कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा बच्चों का सम्मान कर बच्चों को शिक्षण सामग्री भी भेंट की गई।

## विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतो मे

# 700 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**मंडलेश्वर।** विधानसभा महेश्वर क्षेत्र के लोकप्रिय एवम विकास पुरुष सनातनी विधायक राजकुमार मेव द्वारा क्षेत्र की कई पंचायतो को विकास की सौगात दी।विधायक मेव द्वारा ग्राम पंचायत भकलाय मे 42.00 लाख की लागत से, ग्राम पंचायत बागदरा मे 45 लाख की लागत से, ग्राम पंचायत सोमाखेड़ी मे बड़दिया सोमाखेड़ी मार्ग 268.75 लाख की लागत से, गुलावड़ मे 15.00 लाख की लागत से, मंदोरी मे 37.50 लाख की लागत से, ग्राम पंचायत होदड़िया में 166.00 लाख की लागत से, ग्राम पंचायत करोंदिया में 91 लाख की लागत से कुल 700 लाख की लागत के विभिन्न कार्यों का भूमिपुजन लोकार्पण किया।ग्राम पंचायत मेलखेड़ी एवम झिगड़ी को पानी के टेंकर भी वितरित किये।विधायक मेव ने निर्माण एजेंसीयों को निर्देशित किया की कार्य समय पर निर्धारित मापदंड अनुसार गुणवत्ता पूर्ण हो।विधायक अपने सम्बोधन में कहा की हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवममुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की डबल इंजिन सरकार में विकास कार्य काफी तेजी से हो रहे हैं।भूमि पुजन लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान हरेसिंह चावड़ा भाजपा जिला महामंत्री, बंटी भाई तंवर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, जितेंद्र सिंह गौड़ आदि उपस्थित थे।

## सांस्कृतिक जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**उज्जैन।** महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय में विक्रम संवत्सर 2083 के अवसर पर नवसंवत्सर गौरव अभियान का शुभारंभ हुआ। योग विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त आयोजन में विद्यार्थियों व समाजसेवियों ने घर-घर, मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर ब्रह्मध्वज स्थापित कर भारतीय नववर्ष का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया। कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र ने कहा नवसंवत्सर भारतीय संस्कृति की आत्मा है और हमारी पहचान व आत्मगौरव का प्रतीक है। विश्वविद्यालय ने नागरिकों से अभियान से जुड़कर सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का अनुरोध किया।

# सीएमएचओ ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन बुधवार को सीएमएचओ कार्यालय में किया गया । बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित सभी राष्ट्रीय कार्यकमों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सी.एम. हेल्पलाईन पर दर्ज शिकायतों का त्वरित निराकरण एवं डिलेवरी अपडेशन के कारण लंबित हितग्राही मूलक योजनाओं के हितग्राहियों को भुगतान यथाशीघ्र किया जाए । डॉ. पटेल ने निर्देश दिये कि मातृ एवं शिशु मृत्यु की चौबीस घंटे में रिपोर्ट कर रिव्यू कर सुधारात्मक कार्यवाही की जाए ।

डॉ. पटेल ने बैठक में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए लार्वांनाशक दवाई का छिड़काव सभी क्षेत्र में करने, सरवाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे एच.पी. वी. टीकाकरण अभियान के अन्तर्गत पात्र बालिकाओं का शतप्रतिशत टीकाकरण करने , आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 70 वर्ष से अधिक उम्र के समस्त नागरिक सहित योजना के लिए पात्र हितग्राहियों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए ।

बैठक में सीएमएचओ डॉ. पटेल ने जिले में चलाये जा रहे प्रोजेक्ट संवर्धन अभियान का संचालन निर्धारित दिशा निर्देशानुसार करने, चिन्हित गंभीर कम वजन और कम गंभीर, कम वजन बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करवाने और एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त संक्रामक रोगियों को आईएचआईपी पोर्टल पर नियमित रिपोर्ट करने के निर्देश दिए । डॉ. पटेल ने ग्रीष्म कालीन समय को दृष्टिगत प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था से प्रतिदिन लू और हीट स्ट्रोक के मरीजों की पोर्टल पर प्रविष्टि करने के साथ ही अस्पताल में 2 बिस्तर लू के मरीजों के लिए आरक्षित रखने के निर्देश दिए ।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री बृजेश त्रिपाठी, सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र राजपूत एवं डॉ. मंजूषा पिप्पल, जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुनीता परमार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रवींद्र कुमार पाल, आर.एम.ओ. डॉ. चिन्मय चिंचोलीकर, जिला टीबी नियंत्रण अधिकारी डॉ. अरुण कुशवाह, जिला एनसीडी अधिकारी डॉ. आदित्य रावल, जिला राहवीर नोडल अधिकारी डॉ. शिव मेन्या, जिला मलेरिया अधिकारी उपस्थित थे।

## रवाई प्रबंधन तकनीक व ई टोकन व्यवस्था के प्रचार के लिए कार्यशाला आयोजित

**उज्जैन।** जिले में किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत निरंतर कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को विकासखण्ड महिदपुर के अंतर्गत जनपद पंचायत कार्यालय महिदपुर में नरवाई प्रबंधन और ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन व्यवस्था के संबंध में समस्त पटवारी, पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर कार्यालयीन सहायक संचालक कृषि श्री कमलेश कुमार राठौर ने प्रशिक्षण में उपस्थित पटवारियों को फार्मर रजिस्ट्री (एग्री-स्टैक) को अद्यतन (अपडेट) करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अजय हिंगे ने भी उपस्थित पटवारियों एवं पंचायत सचिवों/रोजगार सहायकों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा ई-टोकन प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

## 1 अप्रैल से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी

**उज्जैन ।** संभाग में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी। यह खरीदी शासकीय कार्य दिवस में सुबह 8 से रात 8 बजे तक की जाएगी।

# मन का अनुशासन सीखिए



मनुष्य के जीवन में सबसे पहली चीज उसका शरीर है, जो रथ के समान है और इसका चालक मन है। इस चालक मन को हम जब तक नियंत्रित नहीं करेंगे, तब तक यह शरीर रूपी रथ ठीक तरह से नहीं चलेगा। हम साल भर कार से सफर करते हैं। हमारा ड्राइवर रात-दिन, चौबीस घंटे गाड़ी चलाता है। हमारी गाड़ी मुंगेर से बम्बई (अब मुंबई) तक निरंतर अबाध गति से चलती है, परंतु उसमें कोई खराबी दृष्टिगोचर नहीं होती, क्यों? गाड़ी की हालत ठीक होनी चाहिए और उसका चालक सतर्क एवं सजग होना चाहिए, तब तो गाड़ी चलेगी। रथ का सारथी ही सब कुछ होता है। जिस रथ का सारथी इंद्रियों का निग्रह नहीं कर सकता, जिस रथ के सारथी को इस रथ के नियम, धर्म और अनुशासन नहीं मालूम हैं, उसके तन-मन, दोनों बीमार रहेंगे और निश्चित रूप से वह दुर्घटनाग्रस्त होगा। ऐसा शास्त्रों में लिखा है। योग कोई जादू नहीं है, ध्यान अपने जीवन के रहस्यों को जानने की विद्या नहीं है, आसन कोई व्यायाम नहीं है, और न ही योग-विद्या कोई क्रिया है। यह एक अनुशासन विद्या है। यह विशिष्ट ग्रंथों की परिभाषा है। राजयोग का पहला सूत्र शुरू होता है - अथ योगानुशासनम् से, अथ योगस्य व्याख्यानम से नहीं। हर काम को करने का एक स्थान होता है, हर अंग का नाम होता है, हर क्रिया की एक सीमा होती है। उसी प्रकार शरीर के नियमों का ज्ञान प्राप्त करके उन नियमों के अनुसार, शरीर को चलाना, मन के नियमों का ज्ञान प्राप्त करके उन नियमों के अनुसार सोचना-विचारना, व्यवहार करना, भावना करना अनुशासन कहलाता है। अनुशासन का मतलब पागलपन नहीं। अनुशासन का मतलब प्रतिभा नहीं। अनुशासन का मतलब जोर-जबर्दस्ती भी नहीं। अनुशासन का मतलब है, जैसा नियम है, वैसे ही उसका पालन करना। जैसे पानी है, पानी को तुम अपने पॉकेट में ले जाना चाहो, तो जाएगा क्या? हां, पागल लोग पानी को अपने पॉकेट में ले जाना चाहेंगे, क्यों? इसलिए कि उनको पानी के नियम का ज्ञान नहीं है। पानी तरल पदार्थ है, तरल पदार्थ का एक ठोस आधार होना चाहिए। इसी प्रकार अनुशासन है, इस एक शब्द से आज दुनिया घबराती है। क्यों घबराती है? क्योंकि लोग अनुशासन का अर्थ बतलाते हैं पाबंदी, पर ऐसा नहीं है। अनुशासन का नाम है योग। क्या आप लोगों के यहां मन को शिक्षा देने वाला कोई स्कूल है? आप लोगों के यहां मनुष्य की भावनाओं को प्रशिक्षित करने वाला कोई विद्यालय है? नहीं। हम लोगों के यहां मनुष्य की अंतरात्मा को प्रशिक्षित करने वाला कोई प्रशिक्षण स्थल नहीं है, इसलिए लोग दुःखी हैं, शोक-संतप्त हैं, अनुशासनहीन हैं और अपराध करते हैं। मन को पहले अनुशासित करना होगा।



## सम्पादकीय

# विदेशियों की गिरफ्तारी

पर्यटक वीजा पर भारत आए छह यूक्रेनी और एक अमेरिकी नागरिकों की गिरफ्तारी चिंता पैदा करती है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इन विदेशियों को गिरफ्तार किया है। उन पर यह आरोप संगीन है कि ये नागरिक पर्यटक वीजा पर भारत आए और भारत-विरोधी गतिविधियों में शामिल हो गए। बताया जा रहा है कि एनआईए काफी दिनों से इन विदेशियों पर नजर रखे हुए थी। ये विदेशी पूर्वोत्तर भारत में सक्रिय विद्रोही समूहों के साथ काम कर रहे थे। गिरफ्तार अमेरिकी नागरिक मैथ्यू वैनडाइक तो एक जाना-पहचाना नाम है। वह सैनिक, व्यवसायी, युद्ध संवाददाता और स्तंभकार के रूप में काम कर चुका है। माना जा रहा है कि वह भारत-विरोधी विद्रोहियों के प्रशिक्षण में शामिल था। मैथ्यू वैनडाइक की कंपनी घोषित रूप से गैर-लाभकारी मॉडल पर काम करती है, लेकिन आतंकवाद, विद्रोह और दमनकारी शासनों से लड़ रहे समुदायों को मुफ्त सुरक्षा, सैन्य परामर्श एवं प्रशिक्षण देती है। यहां सवाल खड़ा होता है, क्या यह सही है कि ऐसी सेवा देने वाली कंपनी के मुखिया पर्यटन छोड़कर विद्रोहियों को प्रशिक्षण देने में जुट जाएं?

एनआईए ने उचित ही इस मामले को गंभीरता से लिया है। इनके खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 18 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो आतंकवादी कृत्य को अंजाम देने के लिए साजिश, समर्थन, उकसाने या प्रेरित करने से संबंधित है। दिल्ली की एक अदालत ने इन विदेशियों को 27 मार्च तक के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया है। भारत में ऐसे और भी संदिग्ध विदेशी हैं, जिनकी तलाश एनआईए कर रही है। कम-से-कम 15 ऐसे विदेशी पर्यटक वीजा से यहां आकर भारतीय व्यवस्था की उदारता का पूरा आर्थिक लाभ उठा रहे थे या उठा रहे हैं। ऐसा करना भारत देश के खिलाफ साजिश है। एनआईए का मानना है कि इन विदेशियों ने भारत के रास्ते म्यांमार जाकर विद्रोहियों को प्रशिक्षित किया है। हो सकता है, कुछ विदेशियों ने म्यांमार जाकर स्वयं भी सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। हालांकि, ये विद्रोही म्यांमार में सैन्य शासन के खिलाफ भी हथियार उठाते रहे हैं। अतः इनकी यह हरकत भारत ही नहीं, म्यांमार के भी कानून के खिलाफ है। एनआईए को जांच और दोष प्रमाणित करने में कतई पीछे नहीं रहना चाहिए। ऐसे विदेशियों के प्रति भारत का इतिहास बहुत उदार रहा है, पर जब हम नक्सलवाद और आतंकवाद का अपनी भूमि से सफाया करने में लगे हैं, तब हमारी सुरक्षा एजेंसियों को ढिलाई की गलती कतई नहीं करनी चाहिए।

## न्याय संगत नियम की जरूरत

# कार्यस्थल, महिला स्वास्थ्य और मासिक धर्म अवकाश



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

मासिक धर्म स्त्री जीवन की एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है, किंतु लंबे समय तक इसे सामाजिक संकोच, मौन और उपेक्षा के दायरे में रखा गया। आधुनिक समय में जब कार्यस्थलों पर लैंगिक समानता, समावेशिता और संवेदनशील नीतियों की चर्चा तेज हुई है, तब अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश की अवधारणा भी विमर्श के केंद्र में आई है। कई देशों और संस्थानों ने महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान विशेष अवकाश देने की नीतियाँ अपनाई हैं, ताकि वे शारीरिक असुविधा और मानसिक तनाव के समय आराम कर सकें। किंतु यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि क्या ऐसी अनिवार्य नीतियाँ वास्तव में कार्यस्थल पर समानता को बढ़ावा देती हैं, या फिर अनजाने में रोजगार में लैंगिक भेदभाव को और मजबूत कर देती हैं। इस संदर्भ में इस मुद्दे का आलोचनात्मक विश्लेषण आवश्यक है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि मासिक धर्म के दौरान कई महिलाओं को शारीरिक पीड़ा, थकान, चक्कर, या हार्मोनल परिवर्तन के कारण मानसिक तनाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में कार्यस्थल पर निरंतर काम करना उनके लिए कठिन हो सकता है। अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश की नीति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य और गरिमा की रक्षा करना है। यह नीति इस बात को स्वीकार करती है कि महिलाओं की जैविक आवश्यकताएँ भिन्न होती हैं और उन्हें उसी अनुसार कार्यस्थल पर सहूलियत मिलनी चाहिए। इस दृष्टि से यह नीति लैंगिक संवेदनशीलता का प्रतीक है और महिलाओं के प्रति सहानुभूति और सम्मान को बढ़ावा देती है।

इसके अतिरिक्त, अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश कार्यस्थलों पर लंबे समय से चले आ रहे उस मौन को भी तोड़ने का प्रयास है, जिसमें मासिक धर्म को छिपाने या शर्म की चीज माना जाता था। जब संस्थान औपचारिक रूप से इस विषय को स्वीकार करते हैं, तब यह सामाजिक स्तर पर भी एक सकारात्मक संदेश देता है कि मासिक धर्म कोई कमजोरी नहीं बल्कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इससे महिलाओं को अपनी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करने का साहस मिलता है और कार्यस्थल का वातावरण अधिक मानवीय और संवेदनशील बन सकता है। कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि ऐसी नीतियाँ कार्यस्थलों पर उत्पादकता को भी अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ा सकती हैं। जब कर्मचारियों को आवश्यकता के समय आराम मिलता है, तो वे स्वस्थ होकर बेहतर तरीके से काम कर पाते हैं। यदि किसी महिला को मासिक धर्म के दौरान अत्यधिक दर्द या असुविधा है और फिर भी उसे काम करना पड़ता है, तो उसका प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। ऐसे में अल्पकालिक अवकाश उसे शारीरिक और मानसिक रूप से संतुलित करने में सहायक हो सकता है। इस प्रकार, स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील नीतियाँ दीर्घकालिक दृष्टि से संस्थानों के लिए भी लाभकारी सिद्ध हो सकती हैं।

हालाँकि, इस नीति के पक्ष में प्रस्तुत इन तर्कों के साथ-साथ इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को भी गंभीरता से समझना आवश्यक है। कई आलोचकों का मानना है कि अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश नीतियाँ अनजाने में रोजगार में लैंगिक भेदभाव को बढ़ावा दे सकती हैं। यदि किसी संस्थान को यह लगता है कि महिला कर्मचारियों को हर महीने अतिरिक्त अवकाश देना पड़ेगा, तो वह भर्ती के समय पुरुष उम्मीदवारों को प्राथमिकता दे सकता है। विशेष रूप से निजी क्षेत्र में, जहाँ उत्पादकता और समय-प्रबंधन को अत्यधिक महत्व दिया जाता है, वहाँ नियोक्ता महिलाओं को अतिरिक्त दायित्व के रूप में देखने लग सकते हैं।

इस दृष्टिकोण से यह भी कहा जाता है कि अनिवार्य अवकाश की नीति महिलाओं को कम सक्षम या कम विश्वसनीय कर्मचारी के रूप में प्रस्तुत कर सकती है। यह धारणा बन सकती है कि महिलाएँ हर महीने कुछ दिनों तक कार्य के लिए अनुपलब्ध रहेंगी, जिससे उनके प्रति नियोक्ताओं का दृष्टिकोण नकारात्मक हो सकता है। परिणामस्वरूप, महिलाओं को उच्च पदों, नेतृत्व की भूमिकाओं या महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अवसर कम मिल सकते हैं। इस प्रकार, जो नीति महिलाओं के हित में बनाई जाती है, वही अनजाने में उनके पेशेवर विकास के रास्ते में बाधा बन सकती है।

एक और महत्वपूर्ण आलोचना यह है कि सभी महिलाओं का मासिक धर्म अनुभव समान नहीं होता। कुछ महिलाओं को इस दौरान अत्यधिक पीड़ा होती है, जबकि कई महिलाएँ सामान्य रूप से अपने कार्य कर सकती हैं। यदि अवकाश अनिवार्य बना दिया जाए, तो यह उन महिलाओं के लिए भी लागू होगा जिन्हें इसकी आवश्यकता नहीं है। इससे यह संदेश जा सकता है कि मासिक धर्म के दौरान हर महिला कार्य करने में असमर्थ होती है, जो वास्तविकता से मेल नहीं खाता। इसलिए कई विशेषज्ञ मानते हैं कि अनिवार्य शब्द स्वयं में समस्या पैदा कर सकता है।

इसके अलावा, यह भी तर्क दिया जाता है कि यदि कार्यस्थलों पर केवल महिलाओं के लिए विशेष अवकाश की व्यवस्था की जाती है, तो यह समानता के सिद्धांत के साथ विरोधाभास पैदा कर सकती है। लैंगिक समानता का मूल विचार यह है कि सभी कर्मचारियों को समान अवसर और समान सम्मान मिले। यदि किसी एक समूह को विशेषाधिकार दिए जाते हैं, तो दूसरे समूह में असंतोष या असमानता की भावना उत्पन्न हो सकती है। हालांकि यह तर्क पूरी तरह से उचित नहीं माना जा सकता, क्योंकि समानता का अर्थ हमेशा समान व्यवहार नहीं बल्कि न्यायसंगत व्यवहार भी होता है, फिर भी इस दृष्टिकोण को नीति निर्माण में ध्यान में रखना आवश्यक है।

कई देशों के अनुभव भी इस बहस को जटिल बनाते हैं। कुछ स्थानों पर मासिक धर्म अवकाश की नीति लागू होने के बावजूद महिलाओं ने इसका उपयोग कम किया है, क्योंकि उन्हें डर होता है कि इससे उनके प्रति नकारात्मक धारणा बन सकती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि केवल नीति बनाना पर्याप्त नहीं है; कार्यस्थल की संस्कृति और मानसिकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। यदि संस्थान का वातावरण संवेदनशील और सहयोगी नहीं है, तो कर्मचारी उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने में संकोच कर सकते हैं।

# हम और हमारा देश



मनोहरलाल जैन
(दैनिक अवन्तिका)

राष्ट्र सर्वोपरी है। हम सब भारतमाता के सच्चे सेवक है। आपात काल में सब मिलकर समस्या का समाधान करने में पुरा पुरुषार्थ कर अपना कर्तव्य समझकर दायित्व निभाया यही हमारा राष्ट्रधर्म है। सन 2022 में कोरानाकाल, उससे पहले चिकनगुनियाँ जैसा दुष्काल आया - भारतवासी भारत का नेतृत्व करने वालो ने अपनी पूरी जुम्मेदारी निभाते हुए पीड़ित और अवस्वस्थ नागरिको की चिकित्सा व्यवस्था करी पूर्व के इतिहास में भी अनेक बार आपातकाल का सामना कर समाधान किया। अनाज कमी होने से संकट ?काल में एक सो से ज्यादा व्यक्रि ?यों का भोज करने पर रोक लगाई गई थी। शादी-व्याह-मृत्युभोज आदि पर शासन से अनुमति लेने का कानून बनाया गया था। इसका भी जनता ने पालन किया (यहाँतक कि आज भी अनेक व्यकि सोमवार को उपवास व्रत कर रहे है।) कुछ दशक पूर्व में चीन का सीमा पर आक्रमण हुआ था उस चीन के आक्रमण का मुकाबला करने के उद्देश्य से संसद में विरोधी दल के तत्कालीन नेता पंडित अटलबिहारी वाजपेई जी ने संसद में ये प्रस्ताव रखा कि राष्ट्र सुरक्षा के लिए हम सब प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दीरागांधी जी के साथ खड़े है। चीनको सीमा से हटना पड़ा। यही एक जुटता का प्रभाव था। अभी समस्त विश्व-अमेरिका-ईरान-इजराइल, रूस, यूकेन व अन्य खाड़ी राष्ट्र-अशांत है- युद्ध में हजारो व्यक्रियों के मारे जाने की खबर सुन रहे है। अनेक जहाजो को समुन्द्र में मिसाइल से उड़ा दिया है, अनेक शहर-प्रदेश उजड़ गये है। एसे आपात काल के समय जनता का जीना दुशवार हो गया है ऐसे समय में भविष्य को देखते हुए- तथा वर्तमान समय के संकट को देखते हुए पैट्रोल, डीजल, गैस रसायनिक उर्वरक आदि की समस्या अधिक न बढ़े इस दृष्टि से सप्लाई व्यवस्था में कुछ कानून व्यवस्था की दृष्टि से मोदी सरकार सुधार करती हैतो कुछ लोग जनता को भूठी अफवायें फैलाकर जनता को भड़काने का काम कर रहे हैं भारत वर्ष में अशांति फैलाने का राष्ट्र विरोधी कार्य कर रहे है जब कि वर्तमान भारतीय जनता पाटीकी समर्थक सरकार- पैट्रोल, गैस, डीजल उर्वरक आदि की पूर्तिकर रही है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 20 मार्च 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:35 सूर्यास्त 18:35
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - दुतिया 02:30 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - रेवती 02:27 उपरांत अश्विनी
योग - ब्रह्म 22:14 उपरांत ऐन्द्र
करण - बालव
चन्द्रमा - मीन में है। 26:27 पर मेष में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 30 तारिख

**मेष-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी।

**वृषभ-** यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**मिथुन-** धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। कार्यभार व अधिकार में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क-** आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी।

**सिंह-** कारोबार में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रसन्नता बनी रहेगी। प्रमाद न करें।

**कन्या-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**तुला-** फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। आय में कमी होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक-** कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं होगा।

**धनु-** निवेश में जल्दबाजी न करें। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**मकर-** रुके कार्यों में गति आएगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। प्रमाद न करें।

**कुंभ-** कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन-** कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## समसामयिक

# नचिकेता के अनुपम आदर्श से अनभिज्ञ होती आधुनिक पीढ़ी



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

आज का युग तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का युग है। मोबाइल और इंटरनेट से घिरी आधुनिक पीढ़ी किसी भी प्रश्न का उत्तर कुछ ही क्षणों में गूगल पर खोज सकती है। यदि आज के बच्चों या युवाओं से पूछा जाए कि नचिकेता कौन थे, तो वे संभवतः तुरंत इंटरनेट पर खोज कर उत्तर बता देंगे। लेकिन यदि यही प्रश्न बिना गूगल या एआई की सहायता के पूछा जाए, तो शायद अधिकांश लोग निरुत्तर रह जाएंगे। यह स्थिति हमारी शिक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक स्मृति पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है । भारतीय वैदिक साहित्य में कृष्ण यजुर्वेद के कठोपनिषद में वर्णित नचिकेता और यमराज के संवाद की कथा अत्यंत प्रेरणादायक मानी जाती है। बालक नचिकेता का चरित्र पितृभक्ति, सत्यनिष्ठा, साहस, वैराग्य और ज्ञान-पिपासा का अद्भुत उदाहरण है। दुर्भाग्य से आज की शिक्षा पद्धति में इस महान आदर्श का समुचित स्थान नहीं है। यदि कहीं इसका उल्लेख मिलता भी है तो वह केवल कुछ श्लोकों तक सीमित रह जाता है ।

वैदिक ग्रंथों के अनुसार लगभग दस वर्ष की आयु का बालक नचिकेता अत्यंत तेजस्वी और जिज्ञासु था। उसके पिता उद्दालक ऋषि ने विश्वजीत नामक यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सर्वस्व दान करना अनिवार्य था। यज्ञ के दौरान जब उद्दालक ऋषि दुर्बल और बूढ़ी गायों का दान करने लगे, तब नचिकेता ने विनम्रतापूर्वक उन्हें समझाया कि ऐसा दान, जो किसी के काम न आए, धर्मसम्मत नहीं है । नचिकेता ने अपने पिता से कहा कि यदि दान ही देना है तो मुझे ही दान कर दीजिए, ताकि मैं किसी के काम आ सकूँ। नचिकेता पिता से कहता है कि मैं भी आपका धन हूँ, अतः इन गायों की जगह आप मेरा ही दान कर दीजिए ताकि मैं किसी के कुछ काम आ सकू। गोदान करते समय पिता के पास आकर नचिकेता बार-बार एक ही प्रश्न पूछता है – तत कस्मै मां दास्यसि? अर्थात आप मुझे किसे दान देंगे? बार-बार एक ही प्रश्न पूछने पर आवेश में आकर पिता के मुख से निकल गया– मैं तुझे यमराज को देता हूँ। पिता के इस वचन को सत्य सिद्ध करने के लिए बालक नचिकेता मृत्यु के देवता यमराज के लोक तक पहुँच गया।

यमराज के द्वार पर वह तीन दिन और तीन रात बिना अन्न-जल के प्रतीक्षा करता रहा। अतिथि के रूप में आए इस बालक की तपस्या और पितृभक्ति से प्रभावित होकर यमराज ने उसे तीन वरदान माँगने को कहा । पहले वरदान में नचिकेता ने अपने पिता के क्रोध और दुख के शांत होने की कामना की। दूसरे वरदान में उसने अग्नि विद्या का ज्ञान माँगा। तीसरे वरदान के रूप में उसने जीवन के सबसे गूढ़ प्रश्न को सामने रखा– मृत्यु के बाद आत्मा का क्या होता है ? यमराज ने उसकी परीक्षा लेने के लिए उसे अपार धन, ऐश्वर्य, सुख-सुविधाएँ और स्वर्गिक भोग देने का प्रस्ताव रखा, लेकिन नचिकेता ने इन सबको अस्वीकार कर दिया। उसने स्पष्ट कहा कि संसार के सभी भोग क्षणभंगुर हैं और मनुष्य कभी धन से तृप्त नहीं होता। उसे केवल आत्मा के सत्य का ज्ञान चाहिए। नचिकेता की इस अद्भुत वैराग्य भावना और दृढ़ जिज्ञासा से प्रसन्न होकर यमराज ने उसे आत्मा और ब्रह्म के रहस्य की ब्रह्मविद्या का ज्ञान दिया। यही ज्ञान आगे चलकर कठोपनिषद का अमूल्य संदेश बना। नचिकेता के महान जीवन चरित्र आदर्श की तुलना आज के आधुनिक समाज से करें तो स्थिति बहुत चिंताजनक दिखाई देती है। आज की पीढ़ी भौतिक सुखों और विलासिता की दौड़ में अपने पारिवारिक संस्कारों, धार्मिक ग्रंथों और सांस्कृतिक मूल्यों से दूर होती जा रही है। आज हर वर्ग हर समाज की आधुनिक होती पीढ़ी विलासिता में डूबकर अपने घर, परिवार, समाज की मान-मयार्दा, रीति-नीति और संस्कारों से न केवल दूर हो रही है

# खराब दाँत और मसूड़े से ओरल हेल्थ में गंभीर बीमारी की संभावना

## वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे पर विशेष



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

भारत की 80 प्रतिशत आबादी दन्त रोगों से परेशान है। दन्त समस्या प्रत्येक देश में होती रही है। हर क्षेत्र में चाहे शहरी हो या ग्रामीण खाद्य पदार्थो का प्रचलन बढ़ने से मुख की अस्वच्छता, पान, सुपारी, तंबाकू की आदतें मसुड़ों के लिए चिंताजनक स्थिति पैदा कर रही है। मुख की दुर्गंध आधुनिक, सभ्य और सुसंस्कृत समाज की सबसे बडी.सामाजिक विसंगति है। इस मुख दुर्गन्ध के बदलौत, दांपत्य रिश्तों की गहराईया में दूरियों होती रही है तथा देखी गई, यहाँ तक की शारीरिक संबंध विच्छेद के बाद तलाक तक की नौबत आ जाती। आपका व्यक्तित्व सुरीला, सौम्य और आप की वाणी तथा प्रस्तुति के लोग कायल है, लेकिन मुहॅ की बदबू की एक विसंगति सारे व्यक्तित्व को आहत कर देती है। कई बार आफिस में सहकर्मी शिष्टाचारवश कुछ कह नहीं सकते, परन्तु वे धीरे-धीरे आप से कतराते रहते है, यहाँ तक आपसी तालमेल कम कर लेते है।

अनेक शोध यह साबित कर चुके है, कि ओरल हाइजीन की अनदेखी मुश्किल में डाल सकती है। दात व मुहँ को साफ और स्वस्थ रखना आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। खराब ओरल हेल्थ-हृदय से लेकर पाचन तंत्र, व श्वसनतंत्र तथा अन्य अंगों तक बुरा प्रभाव डाल सकती है। हमारे मुहँ में 300 से भी अधिक प्रकार के बैक्टीरिया लाखों की संख्या में होते हैं। इनमें से कुछ *ओरल हेल्थ* को बिगाड़ते है। मुहॅ की सेहत के लिए बैक्टीरिया नुकसान पहुंचाते है ,तो कुछ फायदे मे भी होते है। मुहॅ में बैक्टीरिया का संतुलित स्तर पर कई बीमारियों से बचाव में भी समर्थ होते है। ज्यादातर गंभीर बीमारियाँ अचानक नहीं होती, बल्कि छोटे- छोटे संकेतों से शुरू होती है। कई बार शुरूआती संकेत सबसे पहले मुहॅ के अन्दर दिखाई देते हैं, लेकिन इन्हें मामूली समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम 2020 की रिपोर्ट के अनुसार 95 प्रतिशत भारतीय युवा मसूड़े की समस्या से परेशान है। दुनिया में लगभग 350 करोड़ लोग मुहॅ से संबंधित छोटी-बड़ी बीमारी से ग्रस्त है। इनके प्रति जागरूकता नहीं है। हर साल 20 मार्च ,को मनाया जाने वाला एक प्रमुख वैश्विक जागरूकता अभियान है। मुहॅ स्वच्छता, दन्त रोगों की रोकथाम और अच्छी मौखिक देखभाल के महत्व के बारे में शिक्षित करना है। यहाँ प्रत्येक व्यक्ति को समझना कि एक स्वस्थ मुह का मतलब एक स्वस्थ मन और शरीर भी है, जो समग्र जीवन की गुणवता में सुधार लाता है।

दन्त व मसूड़ों में यह देखना कि दान्तो में ढीलाई नहीं होने, मसूड़ों में बार-बार खून न आवे, मुँह में बार बार छाले या फफोले न हो, मुहॅ के अंदर सफेद या लाल दाग या पैच दिखाई न देवे। इस तरह असामान्य बदलाव लम्बे समय तक दिखाई दे , तो दन्त रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। मुँह से दुर्गंध या बदबू के कई कारण होते हैं। शराब, सिगरेट व तंबाकू आदि खाने वाले मुहॅ में बदबू हमेशा बनी रहती है। दांतों के साफ-सफाई की अनियमितता, मुहॅ छाले की वजह बैक्टीरिया के बढ़ने से भी मुहॅ में बद?बू आती है। लहसुन व प्याज से सल्फ्यूरस गैस निकलने से भी सॉस में बदूब पैदा होती है। मुहॅ की बदबू का बचाव व उपचार बहुत आवश्यक है। इसके लिए वर्ष में दो बार दन्त चिकित्सक से मुहॅ की जाँच करानी चाहिए। तंबाकू व गुटखा , सिगरेट, शराब से बचे। आलपिन या अन्य किसी मेटल से दांतों के बीच फंसे अन्न कणों को नहीं निकले, टिटनेस बीमारी के साथ पायरिया होने की आशंका रहती हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## धर्म-आस्था

# रमजान बदलते मौसम में आता है यह पाक महीना



सज्जाद अहमद कुरेशी
(दैनिक अवन्तिका)

अल्लाह ने जब 1450 साल पहले अरब में मुसलमानों को रमजान के रोजे फर्ज. किए तो वह चाहता तो मुसलमानों को सोलर कैलेंडर फॉलो करने का हुक़्म दे सकता था।

जिससे रमजान हर साल एक ही मौसम में आते। लेकिन अल्लाह ने मुसलमानों को सोलर नहीं बल्कि लूनर कैलेंडर फॉलो करने का हुक़्म दिया जिससे मुसलमान चाँद देख कर तारीख तय करते हैं।

दरअसल दुनियाभर में मुख्य तौर पर कैलेंडर दो तरह के होते हैं एक तो सोलर कैलेंडर जो की सूरज की रिफ्रेंस से चलते हैं जैसे इंग्लिश कैलेंडर , पर्शियन कैलेंडर वगैरह तो दूसरे लूनर कैलेंडर जो की चांद के रिफ्रेंस से चलते हैं जैसे इस्लामिक कैलेंडर।

लूनर कैलेंडर की खासियत ये होती है कि ये सोलर कैलेंडर से लगभग 12 दिन छोटा होता है जिस वजह से हर महीना मौसम के अनुसार 11 से 12 दिन पीछे होता जाता है, यानी अगर किसी देश में इस बार रमजान गर्मी में आए हैं तो वहां अगले कुछ सालों बाद रमजान ठंड में आएंगे, और फिर कुछ सालों बाद बारिश में।

तो इस तरह उस जगह पर रहने वाले मुसलमान की ज़िंदगी में हर मौसम में रमजान आएंगे और उसे हर मौसम में रोजे रखने का होगा। अगर ऐसा न होता और सोलर कैलेंडर फॉलो किया जाता तो किसी देश में हर बार गर्मी में ही रमजान आते तो किसी देश में हर बार सिर्फ.ठंड में। किसी देश के लोगों के लिए हर बार रोजा रखना आसान होता तो किसी देश वालों के लिए हर बार मुश्किल। जैसे मिसाल के तौर पर अगर सोलर कैलेंडर फॉलो किया जाता और रमजान हर साल मई के महीने में कर दिए जाते तो जिन मुल्कों में मई का मौसम गर्मी का मौसम होता हैं वहां हर साल रमजान गरमी में ही आते। क्योंकि कैलेंडर में जिस महीने में जो मौसम होता है वो हर साल वही रहता है।



लेकिन अल्हम्दुलिल्लाह अल्लाह की कुदरत देखिए कि आज पूरी दुनिया में अलग-अलग देश में एक साथ मुसलमान रोजा रख रहे हैं, किसी मुल्क में ठंड का मौसम है तो कहीं बारिश तो कहीं गर्मी और कोई भी नाइंसाफी नहीं महसूस कर रहा क्यूंकि आने वाले सालों में जिसे इस बार मुश्किल मौसम मिला है उन्हें आसान मिलेगा और सभी को सभी मौसमों में रोजे रखने का भी मिलेगा। और यह भी बड़े ही तरीके से चूंकि लुनर कैलेंडर हर साल लगभग पंद्रह दिन छोटा होता है तो रमजान हर साल पन्द्रह दिन ही शिफ्ट होते हैं, जिस से रोजेदारों का रोजे को लेकर मौसमी बदलाव भी आहिस्ता आहिस्ता होता है, वह साल भर के हर मौसम को कवर तो करता ही है लेकिन थोड़े थोड़े बदलाव के साथ ताकि एडॉप्ट करने में आसानी हो।

ऐसा नहीं होता की इस बार तेज गर्मी में रमजान आ गए हैं तो एकदम से अगले साल तेज ठंड में आ जाएंगे बल्कि धीरे धीरे ये हर मुल्क और हर इलाके में होता है। रमजान और रोजे के निजाम की कुदरत का क्या ही नायब निजाम अल्लाह ने दिया है जो आज पूरी दुनिया में इसलाम फैलने और रोजेदारों का एक साथ रमजान मनाने को देखकर समझ आता है और सभी को इस की हिकमत से हैरान करता है। चौदह सौ साल पहले कौन अल्लाह की इस लूनर कैलेंडर को फॉलो कराने की हिक्मत के हुक्म को समझ सकता था? जो आज सबके सामने निशानी के तौर पर है। उस वक्त तो सिर्फ अरब ही में मुसलमान थे और सिर्फ एक देश में ही थे। लेकिन अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने उस वक्त ही बता दिया था की कुछ वक्त में इसलाम पूरी दुनिया में फेल जायेगा और ऐसा हुआ भी और अल्लाह ने जो निजाम दिए वो पूरी दुनिया में रह रहे लोगो को ध्यान में रखते हुए ही दिए ताकि सभी के साथ इंसाफ और सभी को सहूलत हो। वाकई अल्लाह बड़ा मेहरबान बड़ी हिकमत वाला है।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,56,700, रवा- 1,56,500 चांदी- टंच- 2,54,500 पाट- 2,54,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## डॉ. आरती नागर को पीएच.डी. की उपाधि, क्षेत्र में हर्ष का माहौल

**सुसनेर।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा आयोजित 30वें दीक्षांत समारोह में सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा की सहायक प्राध्यापक डॉ. आरती मोहित नागर को रसायन शास्त्र विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल एवं मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ। डॉ. आरती नागर की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर उनके परिवारजनों, महाविद्यालय के स्टाफ तथा इष्टमित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. नागर सुसनेर के पटवारी मोहित नागर की धर्मपत्नी हैं। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है और लोगों ने इसे शिक्षा क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है।

## खारपा में पहली बार नवोदय चयन, कक्षा 5 के छात्र कृष्णा का विद्यालय में हुआ सम्मान



**जीरापुर ।** जीरापुर ब्लॉक के ग्राम खारपा स्थित शासकीय हाई स्कूल खारपा में अध्ययनरत कक्षा 5 के छात्र कृष्णा पिता मोहनलाल का चयन प्रतिष्ठित जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। यह उपलब्धि खारपा गांव और विद्यालय के लिए गौरव का विषय बन गई है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा छात्र कृष्णा, उनके पिता मोहनलाल तथा दादा पूरलाल को विद्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में कृष्णा को माला पहनाकर स्वागत किया गया, वहीं उनके पिता और दादा का भी माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से कृष्णा को उपहार प्रदान किए गए तथा मिठाई खिलाकर उसकी इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की गई। उपस्थित शिक्षकों ने छात्र कृष्णा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि उसकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने बताया कि खारपा हाई स्कूल से पहली बार किसी छात्र का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है, जिससे पूरे गांव और विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कृष्णा की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी।

## शहरी हाईवे से दिनदहाड़े बाइक चोरी

**शाजापुर।** शहर में एक अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शांतिवन शहरी हाईवे स्थित आईसीआईसीआई बैंक के पास से बुधवार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच यह घटना हुई। बताया जा रहा है कि एक सप्ताह के भीतर यह चोरी की दूसरी वारदात है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम दुपाड़ा निवासी रामकृष्ण राजोरिया अपने बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए आए थे। उन्होंने अपनी बाइक बैंक के बाहर ही खड़ी की थी और काम के सिलसिले में अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वे वापस लौटे, तो उन्हें अपनी बाइक वहां नहीं मिली। उन्होंने आसपास के क्षेत्र में काफी तलाश की और लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पीड़ित ने तत्काल कोतवाली थाने पहुंचकर मामले की जानकारी दी और शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि अज्ञात आरोपी की पहचान कर उसे जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

## पशु चारे के निर्यात पर 30 जून तक प्रतिबंध

**ब्यावरा-राजगढ़।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा द्वारा बताया गया कि वर्तमान में रबी फसल की कटाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिसके उपरांत चारे भूसे की उपलब्धता पशुधन के लिये बनाये रखना आवश्यक है। म.प्र.राज्य के जिलों को छोड़कर अन्य राज्यों के जिलों में भूसे के परिवहन तथा ईंट भट्टों के ईंधन के रूप में चारे भूसे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। इस हेतु भूसे के परिवहन तथा ईट भट्टों के ईंधन के रूप में चारे भूसे का उपयोग पूर्ण प्रतिबंधित किया गया। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें के प्रतिवेदन एवं अन्य स्त्रोंतो की जानकारी के आधार पर ग्रीष्मकाल में जिले में पशुधन के लिये चारे की उपलब्धता आवश्यक है। यदि राजगढ़ जिले की सीमा के बाहर जिले से पशु चारा निर्यात प्रतिबंधित नहीं किया जाता है तो जिले में पशुधन के लिये चारा की कमी होगी, तथा चारा के बाजार मूल्य में अधिक वृद्धि होना संभावित है। ऐसी स्थिति में पशुओं का चारे के बिना भूखे रहने की स्थिति निर्मित हो सकती है। राजगढ़ जिले की राजस्व सीमा के बाहर निर्यात पर 30 जून, 2026 तक के लिये प्रतिबंध लगाया गया है।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

# दुपाड़ा में शॉर्ट सर्किट से 3 बीघा गेहूं की फसल जल कर खाक, किसान को भारी नुकसान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

जिले के दुपाड़ा गांव में एक किसान की महीनों की मेहनत पल भर में राख हो गई। खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से करीब 3 बीघा गेहूं की पकी हुई फसल जलकर खाक हो गई। इस घटना से पीड़ित किसान को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पूरी घटना दुपाड़ा गांव के समीप स्थित धोबी पचोर क्षेत्र की है। यहां के निवासी किसान शहजाद खान के खेत में गेहूं की फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार खड़ी थी। बताया जा रहा है कि खेत के ठीक ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे हैं। बुधवार सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच अचानक इन तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ। तारों से निकली आग की चिंगारी सीधे नीचे खड़ी सूखी फसल पर जा गिरी। फसल सूखी होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और



धुआं उठता देख किसान और आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए पास ही स्थित कुएं और बोरवेल के पानी का उपयोग कर आग बुझाना शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे आसपास के अन्य खेत आग की चपेट में आने से बच गए। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई थी, लेकिन दमकल वाहन के मौके पर पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझा ली थी।

### मुआवजे की मांग

आग बुझने तक किसान शहजाद खान की 3 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति खासा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि तारों के ढीलेपन और रखरखाव के अभाव के कारण यह हादसा हुआ है। पीड़ित किसान और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि राजस्व विभाग की टीम भेजकर जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कराया जाए और पीड़ित किसान को उचित आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए।

## नरवाई प्रबंधन बैठक कर कृषि रथ रवाना किया

**बड़नगर।** कलेक्टर के निदेर्शानुसार एवं उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन मे विकासखंड बड़नगर अंतर्गत नरवाई प्रबंधन हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के पंचायत सचिव कृषि विभाग के कर्मचारी एवं किसानों की उपस्थिति रही। कार्यशाला को जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमराव सिंह राठौर एवं जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोरधनलाल मालवीय द्वारा संबोधित करते हुवे नरवाई प्रबंधन हेतु अधिक अधिक किसानों को प्रेरित करते हुवे इससे होने वाले नुकसान की जानकारी जन जन पहुंचाने की अपील की गई। सहायक संचालक कृषि कमलेश राठौर द्वारा नरवाई प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकियों पर उपस्थित लोगों को प्रशिक्षित किया वहीं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उदय कुमार अग्निहोत्री ने फसल अवशेष में आग लगाने वाले किसानों के विरुद्ध शासन के अर्थ दंड प्रावधानों की जानकारी दी गई।

# गणगौर पर्व की फूलपाती में झलकी आस्था और परंपरा

### पारंपरिक वेशभूषा के साथ शामिल हुई महिलाएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

क्षेत्र में गणगौर पर्व की रौनक अब चरम पर पहुंचने लगी है। विभिन्न समाजों द्वारा पारंपरिक रूप से फू लपाती निकालकर पर्व मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को माहेश्वरी महिला मंडल अकोदिया द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ गणगौर की फूलपाती निकाली गई।

कार्यक्रम की शुरूआत श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में माता गौरी की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। महिलाओं और युवतियों ने सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए पूजा की। इसके बाद बैंडबाजों के साथ आकर्षक फू लपाती निकाली गई, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। फ ूलपाती मंदिर से प्रारंभ



होकर साईनाथ प्रिंटर्स, श्री सिद्धि विनायक चौराहा, झंडा चौक और टप्पा चौराहा होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

फूलपाती का स्वागत माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष प्रीती सोमानी, समाज के नगर अध्यक्ष अनिल लाहोटी सहित समाजजनों ने किया। आयोजन में समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक लाहोटी, जिलाध्यक्ष अजय राठी, नगर सचिव पंकज सोमानी, कोषाध्यक्ष प्रमोद लाहोटी सहित बड़ी संख्या में महिला मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहीं।

## टेंट हाउस गोदाम में आग, विधायक ने लिया जायजा, पंचनामा तैयार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

नगर के वार्ड क्रमांक 12 में स्थित तोफान सिंह चौहान के टेंट हाउस गोदाम में अज्ञात कारणों से लगी आग से हड़कंप मच गया। घटना में गोदाम में रखा टेंट हाउस का सामान जलकर खाक हो गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही बुधवार को क्षेत्रीय विधायक भेरोसिंह बापू मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित से घटना की जानकारी लेते हुए तत्काल प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

विधायक के निर्देश के बाद तहसीलदार मोहित नागर मौके पर पहुंचे और नुकसान का पंचनामा तैयार किया। साथ ही पीड़ित को शासन की ओर से मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण कचरे में आग लगाने से फैली लपटों को माना जा रहा है, हालांकि प्रशासन द्वारा मामले की जांच जारी है। स्थानीय लोगों एवं फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया।

घटना के बाद क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। नागरिकों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्ती बरतने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## जिला उपार्जन समिति की बैठक संपन्न, गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा

**ब्यावरा-राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी गेहूं उपार्जन कार्य को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने तौल कांटे, बारदान, परिवहन, भंडारण तथा पेयजल एवं छाया जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में निर्धारित उपार्जन केंद्रों पर पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं सुगमता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

नपा में कुटीर योजना पर सवाल, पार्षद के नेतृत्व में महिलाओं ने घेरा कलेक्ट्रेट

# पीएम आवास कुटीर के आवंटन में कथित धांधली सहित अमीरों को लाभ देने का आरोप

### वार्ड क्रमांक 20 की जनता ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना



शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना (कुटीर) के आवंटन में कथित धांधली को लेकर मंगलवार जमकर हंगामा हुआ। वार्ड क्रमांक 20 की कांग्रेस पार्षद कृष्णा मौर्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में गरीब महिलाओं और नागरिकों ने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में अपनी आवाज उठाई। महिलाओं का आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन गरीबों का हक मारकर रसूखदारों को उपकृत कर रहा है।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए शिकायती पत्र में पार्षद कृष्णा मौर्य ने बताया कि सितंबर 2022 में शिविर लगाकर हजारों गरीबों से आवेदन भरवाए गए थे। नागरिकों ने बिजली बिल, जल कर और राजस्व रसीदें जमा कर ऑनलाइन आवेदन किए थे, लेकिन तत्कालीन अधिकारियों ने बिना किसी ठोस कारण के इन आवेदनों को निरस्त कर दिया। पार्षद ने गंभीर आरोप लगाया कि जिनके पास पहले से ही 16 से 25 लाख रुपये की कीमत के प्लॉट और मकान हैं, उन्हें योजना का लाभ दिया गया है, जबकि बीपीएल कार्ड धारक और असहाय विधवा महिलाओं के फॉर्म निरस्त कर दिए गए हैं ये बड़े स्तर पर धांधली की जा रही है और अमीरों को लाभ दिया जा रहा है जो उचित नहीं है। लोगों को मांग है कि वार्ड नंबर 20 में कुटीर योजना का लाभ गरीबों को दिया जाए, अन्यथा मजबूर होकर कांग्रेस के बैनर तले एक बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। जिसकी समस्त जवाबदारी मध्य प्रदेश शासन व जिला प्रशासन की होगी।

इस मौके पर आंदोलन में शामिल होने वालों में राजेंद्र कुमार तिवारी, राजू जाटव, अरविंद मौर्य, चंदनलाल कंसोडिया, सविता बाई, फूलबाई, विनीता, बंटू, भावना, रीना, मंजू, आसाराम, जमील खान, संगीता बाई, गुड्डी बाई, मनीराम, करण, नथन, अफसरी, अमीना, सायरा बानो, कलीम, रुखसाना, रिजवाना, रीना, अरविंद जाटव, ममता, सुखवाती, प्रतिभा पूनम, विमल, ओमवती, पूजा कुशवाहा, साजन भाई, गुड्डी बाई कुशवाह, शिवलाल अहिरवार सहित सैकड़ो महिलाओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कलेक्टर को चेतावनी दी है कि कुटीर योजना के अंदर भेदभाव किया और गरीबों के साथ बेईमानी कर कुठाराघात किया गया तो एक बड़ा आंदोलन होगा।

## सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु सहयोग राशि प्रदान की

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में आए दिन हो रही चोरी व लूटपाट की घटनाओ को रोकने के लिए शहर के प्रत्येक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा सके इसी के चलते ब्यावरा केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से सिटी थाना प्रभारी को सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु एसोसिएशन के सदस्यों की ओर से 51 हजार 400 रुपए सहयोग राशि प्रदान की गई।

## भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने मांगों का ज्ञापन गधे को सौंपा



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के तत्वावधान में किसानो ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर किसान महापंचायत आयोजित की जिसमे एमएसपी कानून गारंटी, फसल बीमा की राशि, कर्ज माफी, समर्थन मूल्य पर खरीदी, बिजली कटौती आदि समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया तथा उनके निराकरण हेतु भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के पदाधिकारियो ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को देना चाहा मगर जिम्मेदार अधिकारियो के नदारत रहने पर गधे को ज्ञापन सौपा।

## श्याम सुदामा मित्र मंडल ने किया भजन संध्या का आयोजन

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में पुराना एबी रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में श्याम सुदामा मित्र मंडल के तत्वावधान में छठा फाग महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया, हारे का सहारा बाबा खाटूवाले श्याम का फूलों से अद्भुत व अलौकिक श्रृंगार किया गया अखंड ज्योत के साथ छप्पन भोग लगाया, इत्र और फूलों की वर्षा कर बाबा का भव्य दरबार सजाया गया, भोपाल की प्रसिद्ध भजन गायिका श्याम लाडली प्रिया गुप्ता, अयोध्या के भजन गायक सचिन गुप्ता,, बिजलपुर के भजन गायक एवं दरबार सेवा शिवम सोनी ने अपने सुमधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया श्याम प्रेमी श्रद्धालुओ ने बाबा श्याम के जयकारों के साथ भजनों का आनंद लिया और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति एवं भक्तगणों के सहयोग से प्रभात फेरी निकाली

**ब्यावरा।** हिंदू नववर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर परम पूज्य महामंडलेश्वर रघुनाथ दास जी महाराज के मार्गदर्शन में श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति एवं सभी भक्तगणों के सहयोग से प्रभात फेरी निकाली गई जो नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से आदर्श नगर कॉलोनी, विश्वानाथ कॉलोनी, गुना नाका, एबी रोड़, दौलत नगर होते हुए श्री वैष्णोदेवी माता मंदिर पहुंची जहां पर दुर्गा पाठ करके पुन नर्मदेश्वर महादेव मंदिर आकर जहां पर महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया प्रभात फेरी समिति के सभी वरिष्ठ सदस्य मोहन सिंह मांगीलाल व्यास रामदास चौरसिया सतीश सोनी श्री गोस्वामी रामबाबू गुप्ता प्रजापति जितेन्द्र यादव सिकरवार आदि उपस्थित रहे।

## महिदपुर में बोहरा समाज की ईद धूमधाम से मनाई

**महिदपुर।** बोहरा समाज द्वारा आज महिदपुर में ईद पर्व बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने नमाज अदा कर देश-प्रदेश में सुख-शांति की कामना की। नमाज के बाद समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। साथ ही परिवार सहित अपने परिचितों और रिश्तेदारों के घर जाकर शुभकामनाएं दीं और मुंह मीठा कराकर त्योहार की खुशियां साझा कीं।

## झूलेलाल जन्मोत्सव 20 मार्च को शहर में विविध आयोजन

**शुजालपुर।** भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव 20 मार्च शुक्रवार को शहर में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जन्मोत्सव के पूर्व प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है। आयोजन समिति के अनुसार गुरुवार 19 मार्च को झूलेलाल मंदिर, शंकर कॉलोनी में महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य दिवस 20 मार्च शुक्रवार को प्रातः 9.30 बजे से वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे सत्संग व आरती, दोपहर 1 बजे भंडारे का आयोजन होगा। शाम 5 बजे से भव्य शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी, जो पुनः संत हिरदाराम सिंधी धर्मशाला पहुंचकर समाप्त होगी। इसके बाद बहराना साहब की ज्योत को जटाशंकर मंदिर स्थित विसर्जन घाट पर विधि-विधान से विसर्जित किया जाएगा।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भवन क्र. 87/2 शिवांश ग्रीन एक्सटेंशन ग्राम सुरासा, आगर रोड, उज्जैन म.प्र. के विक्रय का एक लिखित अनुबंध सावित्री प्रजापत पति श्री रामस्वरूप प्रजापत, उम्र 54 वर्ष निवासी-157 तिरूपति ऐवेन्यू आगर रोड उज्जैन, म.प्र. से दिनांक 18.03.2026 को किया गया था। जिसमें मेरे पक्षकार से सावित्री प्रजापति द्वारा बयाना प्राप्त कर लिये गए थे तथा अतिशीघ्र ही शेष राशि देकर उक्त भवन का पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त भवन क्र. 87/2 शिवांश ग्रीन एक्सटेंशन ग्राम सुरासा, आगर रोड, उज्जैन म.प्र. के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय को यदि विक्रय पत्र में आपत्ति हो तो वे जाहिर सूचना के 7 दिवस में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दस्तावेज सहित दर्ज करावे, अन्यथा अवधि पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा, इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हों। इति दिनांक :-19.03.2026

**गिरीश चंद्रवंशी, एडवोकेट**
**238, हेरिटज टॉवर, सेकण्ड फ्लोर**
**माधव क्लब रोड उज्जैन, मोबा. 9977813444**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मुझ अमृतलाल बागवान पिता चुन्नीलाल बागवान निवासी गंगेड़ी, तहसील व जिला उज्जैन की पुत्री कु.पायल बागवान दिनांक 14/03/2026 को प्रातः 9 बजे लापता हो गई थी। उसके लापता होने के संबंध में गुमशुदगी सूचना रिपोर्ट पुलिस थाना नीलगंगा उज्जैन पर दिनांक 14/03/2026 को दर्ज करवाई गई थी। इसके पश्चात दिनांक 18/03/2026 को कु. पायल बागवान एक लखन नामक व्यक्ति के साथ पुलिस थाना नीलगंगा पर उपस्थित होकर लखन बागवान से विवाह करना दर्शाया है यह विवाह पूर्ण रूप से अवैधानिक है। मैं अमृतलाल बागवान अपनी पुत्री कु. पायल बागवान को उसके द्वारा किये गये उक्त कृत्य के कारण अपने परिवार से बेदखल करता हूँ। मेरी किसी भी चल-अचल सम्पत्ति में कु. पायल बागवान का कोई स्वत्व, अधिकार नहीं है तथा मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का अब कु. पायल बागवान से कोई संबंध नहीं है। भविष्य में कु. पायल बागवान तथा लखन बागवान द्वारा किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार या आपराधिक कार्य किया जाता है तो उसमें मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं रहेगी। सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, कु. पायल बागवान से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार न करे। यदि कोई संव्यवहार किया जाता है तो मेरी कोई जिम्मेदारी या दायित्व नहीं रहेगा। सूचित हो।

**अमृतलाल बागवान पिता चुन्नीलाल बागवान**
**निवासी- ग्राम गंगेड़ी, तहसील व जिला उज्जैन**
**मो.नं-7828149398**

**जाहिर सूचना**

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 4/2/1 रकबा 0.20 आरे जो कि ग्राम जलवा पटवारी हल्का नं. 108, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित सिंचित कृषि भूमि है जो राजस्व अभिलेखों में सहदेव सिंह पिता गोवर्धन सिंह पंवार निवासी-ग्राम दुबली तहसील तराना जिला उज्जैन का नाम दर्ज है। उपरोक्त कृषि भूमि सहदेव सिंह गोवर्धन सिंह ने विधिवत रजिस्टर्ड पंजीयन दिनांक 02.09.2025 के द्वारा राजपाल सिंह पिता बालू सिंह जी क्रय की है। जिसके पूर्व में आम कच्चा रास्ता पश्चिम में शासकीय कच्चा रास्ता, उत्तर में बनेसिंह की शेष कृषि भूमि, दक्षिण में गंगाराम जी कृषि भूमि लगी है। उपरोक्त भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का सौदा किया गया है जिसका अनुबंध पत्र संपादित हो चुका है। यदि किसी आम या खास को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उपरोक्त कृषि किसी बैंक, सहकारी, साहूकारी साख, भार से भारित हो तो या किसी आम या खास का कोई हित निहित हो तो वह इस प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि के अंदर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत करे। अन्यथा वाद मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी । एतद सूचित हो। दिनांक 18.03.2026 स्थान : उज्जैन

**श्रीमती समता पटेल एडवोकेट**
**कार्यालयः 6 मीणा काम्पलेक्स**
**काजीपुरा, अंकपात मार्ग, उज्जैन म.प्र.**
**मो.न. - 9301322699**

## कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा विजयपुर विधायक बने रहेंगे

**दिल्ली/भोपाल।** मध्य प्रदेश की विजयपुर विधानसभा सीट को लेकर चल रहे कानूनी विवाद में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मुकेश मल्होत्रा की विधायकी को बरकरार रखते हुए एमपी हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें रामनिवास रावत को विधायक घोषित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट में मुकेश मल्होत्रा का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलीलें पेश कीं, जिसके बाद अदालत ने मल्होत्रा को राहत दी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की डबल बेंच ने मुकेश मल्होत्रा को विधायक के रूप में जारी रखने की अनुमति तो दी है, लेकिन अंतिम फैसला आने तक ये पाबंदियां भी लगाई हैं। मुकेश मल्होत्रा फिलहाल राज्यसभा के लिए मतदान नहीं कर सकेंगे। ऐसे में अब मुकेश जून में होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए वोट नहीं डाल पाएंगे। वेतन पर रोक- जब तक कोर्ट इस मामले में अपना अंतिम निर्णय नहीं सुना देता, तब तक उन्हें विधायक के रूप में मिलने वाला वेतन और भत्ते नहीं दिए जाएंगे। वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने बताया कि अब इस मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने खुद का गला और कलाई काटी

**धार।** धार के आनंद चौपाटी इलाके में 35 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर कुणाल जोशी ने अपनी कलाई, प्राइवेट पार्ट और गर्दन पर हमला करते हुए खुदकुशी कर ली। घटना गुरुवार सुबह 5.30 बजे की है। सुबह 6 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने खून से लथपथ शव देखा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सीएसपी सुजावल जग्गा, कोतवाली थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान और फॉरेंसिक टीम पहुंची। अधिकारियों ने आसपास का सीसीटीवी खंगाला तो चौंकाने वाले फुटेज मिले। सीएसपी सुजावल जग्गा ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला है कि मृतक शराब पीने का आदी था। कुछ समय से परेशान था। घटना स्थल से एक चाकू जब्त किया गया है। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच जारी है। घटना स्थल पर सीएसपी और कोतवाली थाने का स्टाफ पहुंच गया। परिवार में 3 लोग, दो साल से पिता बेड पर, छोटा भाई इंदौर में रहता है। कुणाल जोशी पहले इंदौर की एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। दो साल पहले उसके पिता सूर्यनारायण जोशी को पैरालिसिस हो गया था, जिससे वह बेड पर रहते हैं। उनकी देखभाल के लिए उसने दो साल पहले जॉब छोड़ दी थी और धार में रहने लगा था। पुलिस के मुताबिक, कुणाल की शादी नहीं हुई थी। परिवार में केवल तीन सदस्य थे पिता और छोटा भाई। छोटा भाई इंदौर में रहता है। वहीं, कुणाल की मां के बारे में आसपास के लोगों को भी आज तक कोई जानकारी नहीं है कि वे कहां हैं। सीसीटीवी में दिख रहा है कि कुणाल पैदल आनंद चौपाटी पहुंचता है। कुछ देर तक चौराहे पर खड़ा रहता है। इधर-उधर देखता है। फिर चाकू निकाल कर खुद पर हमला शुरू कर देता है। पहले कलाई की नश काटता है। पैंट उतारता है। अपने प्राइवेट पार्ट पर भी हमला करता है। इसके बाद चाकू से गर्दन पर हमला करने लगता है। गंभीर रूप से घायल होने के बाद कुणाल पास की एक दुकान के चबूतरे पर जाकर बैठ जाता है। वह अपनी पैंट उतार देता है और नग्न अवस्था में भी गर्दन पर चाकू से वार करता जाता है।

## थ्रेसर में फंसा किसान, सिर पिसकर गायब हुआ

**रायसेन।** मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में गुरुवार दोपहर एक किसान की थ्रेसर मशीन में फंसकर मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि किसान की गर्दन धड़ से अलग हो गई। सिर पिसकर गायब हो गया। सिर्फ धड़ ही बचा। मामला बाड़ी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान नर्मदा कहार (42) पुत्र छुट्टन कहार के रूप में हुई है, जो बाड़ी के वार्ड नंबर 01 के निवासी थे। हादसे में उनके हाथ भी कट गए। शरीर के अलग-अलग हिस्सों में कटे के निशान हैं। मशीन के अंदर खून के छींटे मिले हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे का समय था। गेहूं की फसल की कटाई पूरी हो चुकी थी। नर्मदा कहार खुद थ्रेसर मशीन के पास खड़े होकर कटी हुई फसल उसमें डाल रहे थे। आधी से ज्यादा फसल मशीन में डाली जा चुकी थी। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया। वे थ्रेसर मशीन की चपेट में आ गए। मशीन की तेज रफ्तार के कारण उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला। देखते ही देखते उनका शरीर मशीन के भीतर खिंचता चला गया। मौके पर मौजूद अन्य किसान कुछ समझ पाते उससे पहले ही हादसा हो चुका था। घटना के बाद खेत में अफरा-तफरी मच गई। आसपास काम कर रहे किसान और मजदूर घबरा गए। किसी ने तुरंत मशीन बंद की, तो किसी ने गांव में सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। बाड़ी एसडीओपी नीलम चौधरी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को मशीन से बाहर निकाला गया। थ्रेसर मशीन किसान की ही थी। पुलिस ने शव को बाड़ी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## रीवा में कट्टा लहराते युवक का वीडियो पुलिस को दी चुनौती

**रीवा।** रीवा शहर में एक युवक का अवैध कट्टा लहराते हुए वीडियो सामने आया है। वीडियो में युवक खुद को अर्पित ठाकुर बता रहा है और पुलिस-प्रशासन को खुलेआम चुनौती दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह वीडियो कब और कहां बनाया गया है। वीडियो में युवक हाथ में अवैध कट्टा लिए हुए नजर आ रहा है और लोगों को धमकाने वाले अंदाज में बात कर रहा है। वह खुलेआम कह रहा है कि उसका नाम पूरे रीवा शहर में चलता है और उससे पुलिस-प्रशासन भी परेशान है। वह वीडियो में कहता है कि प्रशासन उसका कुछ नहीं कर सकता। रीवा जिले में अवैध हथियारों की सप्लाई लगातार पुलिस के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आए दिन कट्टे और पिस्टल के साथ युवकों के फोटो-वीडियो सामने आते रहते हैं।

# चैत्र नवरात्रि की धूम, आजाद चौक में जली मां की ज्योत





दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्रि गुरूवार को घट स्थापना के साथ उल्लास और भक्ति-भाव से शुरू हुआ और इस दिन मां की आराधना और दर्शन के लिए अलसुबह से लेकर रात तक नगर के देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। इसी के साथ शहर के प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी मंदिर परिसर में लगने वाले 15 दिवसीय भव्य मेले का भी शुभारंभ हो गया है।

नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री स्वरूप की पूजा कर मंगलकामनाएं कीं। प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी मंदिर में सुबह 7.30 बजे विधि-विधान से घट स्थापना कर महाआरती की गई और मेले की शुरुआत हुई। वहीं, रात 9 बजे मंदिर में मां की महाआरती कर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

**आजाद चौक गणेश मंदिर में जली मां जगदंबे की ज्योत-** नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के आजाद चौक स्थित गणेश मंदिर में भी भक्ति का उल्लास देखने को मिला। यहां मां जगदंबे की ज्योत प्रज्वलित की गई और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की गई। दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर में मां की विशेष महाआरती का आयोजन हुआ। जानकारी के अनुसार, पंकज शर्मा द्वारा मां जगदंबे की महाआरती संपन्न कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए और माता का आशीर्वाद लिया।

**नौ दिनों तक चलेगा आराधना और तप का दौर-** नवरात्रि में प्रतिदिन उपवास रख कर दुर्गा सप्तशती और देवी का पाठ किया जाएगा। इन दिनों में किए गए पाठों का विशेष महत्व है। वहीं मां भवानी को मनाने और उनकी कृपा दृष्टि पाने के लिए कई भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ण कराने के लिए पूरे नौ दिनों तक नंगे पैर रहकर मां की आराधना की जाएगी।

### शहर के अन्य मंदिरों में भी विशेष आयोजन

मं राजराजेश्वरी मंदिर और आजाद चौक के अलावा, शहर के रूपामाता मंदिर, मरीमाता मंदिर, बिजासन माता, चामुंडा माता, दुर्गा माता मंदिर, लालबाई-फूलबाई माता मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में भी प्रतिदिन मां का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। पूरे नवरात्रि पर्व के दौरान इन मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा।

# 8.30 करोड़ का 'स्मार्ट' तरण ताल.. लोकार्पण के साथ उज्जैन में तैराकी का नया दौर शुरू

दैनिक अवन्तिका » उज्जैन

देवास रोड स्थित तरण ताल का लोकार्पण गुरुवार को हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। नगर निगम द्वारा लगभग 8.30 करोड़ की लागत से पुराने पूल का पुनर्निर्माण कर इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है।

लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नया स्विमिंग पूल 25म50 मीटर साइज का है, इसकी गहराई 4.5 से 6.15 फीट रखी गई है, जिससे यह ट्रेनिंग और प्रतिस्पर्धा दोनों के लिए उपयुक्त है। बच्चों के लिए 2.5 से 3 फीट गहराई वाला अलग वार्मअप पूल बनाया गया है। इसके अलावा 200 से अधिक लोगों की क्षमता वाली दर्शक गैलरी, आधुनिक फिल्ट्रेशन सिस्टम, शॉवर, वेटिंग रूम, पार्किंग और फूड कोर्ट जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं।






**7 दिन तक नि:शुल्क तैराकी का आनंद ले सकेंगे शहरवासी...** मुख्यमंत्री ने बालक और बालिका वर्ग के तैराकों के लिए ?51 हजार के पुरस्कार की घोषणा की। साथ ही महापौर मुकेश टटवाल की मांग पर 7 दिनों तक आमजन के लिए नि:शुल्क तैराकी की सुविधा दी गई है।

**प्रतियोगिता से शुरुआत...** लोकार्पण के बाद बालक एवं बालिका वर्ग में स्विमिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें 100 मीटर फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में शिवोहम तिवारी प्रथम, आर्यन राजपूत द्वितीय और समर्थ गहलोत तृतीय रहे। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, रजत मेहता, प्रकाश शर्मा, कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर, दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, जोन अध्यक्ष सुशील श्रीवास, पार्षद पंकज चौधरी, दिलीप परमार, अपर आयुक्त संदीप शिवा, उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल उपस्थित थे।

# मैसेज में डिलीवरी, हकीकत में खाली हाथ, एलपीजी संकट ने बढाई मुश्किलें

**उज्जैन।** अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब उज्जैन में आम लोगों की रसोई तक पहुंच रहा है। शहर में एलपीजी गैस की किल्लत बढ़ने लगी है, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। स्थिति यह है कि गैस बुकिंग कराने के बाद भी लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा।




**समस्या क्या है?-** कई उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस का नंबर लगाने के बाद भी बुकिंग कन्फर्म नहीं हो रही जिनकी बुकिंग हो गई, उन्हें मोबाइल पर डिलीवरी मैसेज भी मिल गया। लेकिन असल में उन्हें सिलेंडर नहीं मिला है।

इससे साफ है कि सिस्टम में कहीं न कहीं गड़बड़ी है।

**जमीनी हालात..** केडी गेट क्षेत्र के निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि उनका नंबर लगने के बाद जब वे एजेंसी पहुंचे, तो उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिला। इसी तरह जीवाजीगंज क्षेत्र में रहने वाले राजेश ने बताया कि उनके मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज आया लेकिन सिलेंडर अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ है कई दिनों से वे एजेंसी और गैस गोदाम के चक्कर लगा रहे हैं।फिर भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिला है।

## देवास यार्ड स्थित समपार फाटक संख्या 28 मरम्मत कार्य हेतु दो दिनों के लिए बंद

**उज्जैन।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के देवास यार्ड में स्थित



समपार फाटक संख्या 28 पर रेल पथ की संरक्षा एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से ट्रैक मशीन के माध्यम से डीप स्क्रिनिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य आधुनिक तकनीक से किया जाना प्रस्तावित है। इसके चलते फाटक 21-22 मार्च को पूर्णत-बंद रहेगा। पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार, समपार फाटक मरम्मत कार्य के कारण देवास यार्ड में स्थित समपार फाटक संख्या 28 सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए 21 मार्च 2026 एवं 22 मार्च 2026 को दो दिनों के लिए पूर्णत: बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान सड़क उपयोगकर्ता किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु अन्य उपलब्ध वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा रेलवे प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्य में सहयोग प्रदान करें।

## ईरान जंग में अमेरिका-इजराइल के टारगेट अलग-अलग

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के खिलाफ जारी जंग में अमेरिका और इजराइल की रणनीति में फर्क सामने आया है। अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड ने कहा है कि दोनों देशों के टारगेट अलग-अलग हैं। गबार्ड के मुताबिक, इजराइल ईरान की शीर्ष लीडरशिप को खत्म करने पर फोकस कर रहा है और उसने कई बड़े नेताओं को निशाना बनाया है।

## दिल्ली अग्निकांड शोकसभा में बीजेपी-आप कार्यकर्ताओं में झड़प-धक्कामुक्की हुई

**नई दिल्ली।** दिल्ली अग्निकांड में मारे गए 9 लोगों की गुरुवार को शोकसभा हुई। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल भी इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे। दिल्ली अग्निकांड में मारे गए 9 लोगों की शोकसभा में आम आदमी पार्टी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प हुई। इस घटना के वायरल वीडियो में कुर्सी फेंकते और धक्का-मुक्की करते लोग दिखे। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि भाजपा के विधायक कुलदीप सोलंकी के गुंडो ने मुझे कुर्सी फेंककर मारी।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम मण्डल**

निविदा सूचना
ई-निविदा क्रं. M-DL-EL91-700234
Closing Date: 04.04.2026

**कार्य का नाम :** Annual Maintenance Contract for Electric Loco Cab Air Conditioners at Locomotive Care Centre, Ratlam for the period of 03 Years, **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 48,50,944.66 (सभी करों के साथ) रु. अड़तालीस लाख पचास हजार नौ सौ चौवालीस एवं छियासठ पैसे, **बयाना राशी:** रु. 97,000/-रु. सत्तानबे हजार मात्र, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** निशुल्क, **कार्य की अवधि :** 36 माह, **आफर की वैधता:** 60 दिन, **निविदा फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :** 04.04.2026 11:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि:** 04.04.2026 11:30 बजे, यह टेंडर वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिये साथ ही निविदाकार का **ireps** पोर्टल पर पंजीकृत अनिवार्य है। उक्त ई-टेण्डर की प्रक्रिया में केवल पंजीकृत निविदाकार ही भाग ले सकते है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेते समय निविदा से संबंधित सभी दस्तावेज एवं आवश्यक जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है।
3/1/517
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- अब्दुल खलील अंसारी पिता स्व. नूर मोहम्मद 2 अब्दुल रशीद अंसारी पिता स्व. नूर मोहम्मद 3- मोहम्मद अकील अंसारी पिता स्व. नूर मोहम्मद 4- सईद एहमद अंसारी पिता स्व. नूर मोहम्मद निवासीगण 20/1, महाकाल मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन म्यु. क्रमांक 20/1 स्थित महाकाल मार्ग, गली नंबर 05, कोट मोहल्ला, उज्जैन (म.प्र.) में है जो दो मंजिला गार्डर फर्शी की छत का निर्मित है जिसे मेरे पक्षकारगण के पिता नूर मोहम्मद पिता पीर अली पहलवान ने अपने जीवनकाल में क्रय किया था। जिसकी लम्बाई -उत्तर से दक्षिण 30.00 फीट व चौड़ाई पूर्व से पश्चिम 23.00 फीट होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 64.12 वर्गमीटर अर्थात् 690.00 वर्गफीट है जिसके पूर्व में छुद्द पहलवान का मकान, पश्चिम में सरकारी रास्ता, उत्तर में सरकारी रास्ता (गली) व दक्षिण में बशीर खां व बिस्मिल्लाह खां का मकान मिला है को क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है तथा विधिवत राशि अदाकर अनुबंध-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त संपत्ति में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त संपत्ति पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक- 19/03/2026 उज्जैन। कार्यालयीन समय-सुबह 11.00 से 6.00 बजे तक

**रितिक बंसल ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी छुटटन बी पति छोटू खान, निवासी- ग्राम नीनोरा, इन्दौर मार्ग, नवाखेड़ा उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 751/2/3 रकबा 0.220 हेक्टर, ग्राम करोहन, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, उक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है, अब अनुबंध-पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो। इति: दिनांक-19/03/2026, उज्जैन

**मोनिका सिंह, एडवोकेट**
**ऑफिस-सीएफ -10, भरतपुरी, उज्जैन**
**मो. 98263 42244**

### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा हर आम व खास तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने जवाहर पिता श्री नामदेव जयसिंघानी निवासी 111, शिवांचल, अलखधाम नगर, सांवेर रोड, उज्जैन से उनके एकमेव स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य के भूखण्ड नगर पालिक निगम क्रमांक 87, स्थित अहिल्यानगर गांधीनगर के पास, नानाखेडा, उज्जैन जिसकी लम्बाई - पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण दोनों और समान 15-00 मीटर तथा चौडाई -उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम दोनों और समान 06-00 मीटर होकर उसका 90-00 वर्गमीटर है, जिसके पूर्व दिशा मे भूखण्ड क्रमांक 82, पश्चिम दिशा में सडक कालोनी की, उत्तर दिशा में भूखण्ड क्रमांक 86, दक्षिण दिशा मे भूखण्ड क्रमांक 88 है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा सौदे की बयाना राशि भी उन्हे अदा कर दी है और अब केवल शेष विक्रयमुल्य की राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन कराया जाना शेष है। यदि उपरोक्त उल्लेखित भूखण्ड को विक्रय करने एवं उसके मिल्कीयत व आधिपत्य के सम्बन्ध मे किसी भी व्यक्ति, संस्था, जनक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित उज्जैन एवं अन्य शासकीय व अर्द्धशासकीय कार्यालय, वक्फ बोर्ड आदि को कोई आपत्ति आदि हो तथा उसके संबंध में कोई न्यायालयीन वाद-विवाद आदि हो तथा वह किसी न्यायालयिन डिक्री आदि में आसेधित (अटेच) किया हुवा हो एवं उसपर किसी भी बैंक, पेढी, संस्था, निगम, मंडल आदि का कोई लेन-देन, ऋण, भार, प्रभार एवं सम्पत्तिकर आदि अवशेष हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि के भीतर मय लेखी प्रमाण के लिखित में अपनी आपत्ति मुझे प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद जाहिर सूचना के किसी भी व्यक्ति आदि की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं की जावेगी और शेष विक्रय मुल्य अदाकर भूखण्ड का विक्रय-पत्र निष्पादन व पंजीयन करा लिया जावेगा। सूचित हो।

**नरेन्द्रसिंह सोलंकी, एडवोकेट एवं नोटरी**
**34/3/1 पानदरीबा, उज्जैन**
**मो. 9425984802, 7999853829**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड के समक्ष श्रीमती लीलावती पति श्री नागेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम मेथवास, तहसील नागदा, जिला उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भूखण्ड/भवन म्युनिसिपल क्रमांक 172 जिसका कुल क्षेत्रफल 58.12 वर्गमीटर जो कि, भूमि सर्वे क्रमांक 211 में का एक भाग, स्थित वार्ड नंबर 35. वर्धमान नगर, मेथवास नागदा, तहसील नागदा जिला उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में भवन गोपाल रामजी का, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 09 डी लाईन एं दीगर का भूखण्ड, उत्तर में-कॉमन रोड़ एवं दक्षिण में-गली है, को बंधक कर ऋण सुविधा की मांग की है. उक्त भूखण्ड के मूलस्वामी मार्तण्ड पिता त्रियंबकराव द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 2124 दिनांक 14.11.1995 के द्वारा सुभाष पिता फौदी एवं शांति बाई पति श्री सुभाष को विक्रय किया गया तथा उनके द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 1178 दिनांक 07.10.2013 के द्वारा नागेन्द्र प्रसाद चौधरी पिता ध्रवजी को विक्रय किया गया तथा उनके द्वारा विधिवत भवन निर्माण कार्य किया गया तत्पश्चात् नागेन्द्र प्रसाद चौधरी पिता ध्रवजी का स्वर्गवास दिनांक 08.07.2014 को हो जाने पर उक्त संपत्ति श्रीमती लीलावती पति श्री नागेन्द्र प्रसाद को उनकी वैध वारिस होने के नाते उत्तराधिकारी में प्राप्त हुई तथा उनके द्वारा उक्त भवन पर अपने नाम का नामांतरण नगर पालिका परिषद नागदा में करवा लिया गया है, उनके द्वारा यह कथन किया गया है कि, उनके अतिरक्ति नागेन्द्र प्रसाद चौधरी पिता ध्रवजी जी का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उत्तराधिकारी नहीं है, उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिकी या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड द्वारा बधक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी।

सो सूचित हो । दिनांक-17.03.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1. घटकरपर मार्ग,फ्रिगज, उज्जैन मो. 9827228461**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंध के आधार पर सी.एस राठौर पिता श्री प्रभुलाल जी राठौर निवासी सेठी नगर, उज्जैन से उनके द्वारा क्रय अनुबंधीत भूखण्ड क्रमांक-ए-53 जो कि भूमि सर्वे नम्बर-68/2 में का भाग होकर अभिलाषा कॉलोनी, ग्राम हामूखेडी, देवास रोड़, उज्जैन में स्थित है। भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 179 .15 वर्गमीटर है, जिसकी पैमाईश में लम्बाई-उत्तर से दक्षिण 13.41 मीटर एवं चौडाई-पूर्व से पश्चिम 13.36 मीटर है तथा जिसके पूर्व में भूखण्ड क्रमांक ए-54, पश्चिम में-6.00 मीटर चौड़ा रास्ता, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक ए-55 एवं दक्षिण में-7.50 मीटर चौडा रास्ता है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक विक्रय मूल्य बतौर बयाना स्वरूप भी अदा कर दिया है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा अब शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री करवाना शेष रह गया है। उक्त भूखण्ड में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूखण्ड पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधी में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक-19.03.2026 उज्जैन

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो.9993079516, 94250 94349**

न्यूज-कॉलम

## वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर विक्रमोत्सव का आयोजन

**रतलाम।** सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा तथा विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ अवसर पर शासन के आदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा विक्रमोत्सवका आयोजन कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में गुलाब चक्कर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्री प्रहलाद पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री वैशाली जैन, एसडीएम आर्ची हरित, डिप्टी कलेक्टर राधा महंत, डिप्टी कलेक्टर संजय शर्मा, पीओ डूडा श्री इअरुण पाठक, महर्षि शिव शंकर दवे, पंकज भाटी, सेवा वीर परिवार, गायत्री परिवार सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने बोराना से की मुलाकात

**पिपलिया मंडी।** मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री एवं मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जगदीश देवड़ा ने पिपलिया मंडी के पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य श्याम लाल बोराना के निवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने श्री बोराना के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और परिवारजनों से भी बातचीत कर उनका हालचाल जाना। उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि श्री बोराना ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और समाज में उनकी विशेष पहचान रही है। ऐसे सम्मानित व्यक्तित्व का स्वास्थ्य सभी के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने चिकित्सकों से भी उचित उपचार सुनिश्चित करने की बात कही।

## महापौर ने की जलप्रदाय विभाग के कार्यो की समीक्षा

**रतलाम।** ग्रीष्म ऋतु में नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु महापौर प्रहलाद पटेल ने जलकार्य एवं सीवरेज समिति प्रभारी भगतसिंह भदौरिया के साथ जलप्रदाय विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। महापौर प्रहलाद पटेल ने आयोजित बैठक में जलप्रदाय विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए अमृत 2.0 के कार्या की जानकारी लेकर कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही उन्होने निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु में नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो इसकी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाये व पेयजल आपूर्ति समय पर की जाये।

## नाबालिग का शव मिला, गले में दुपट्टा लिपटा था

**रतलाम।** 17 साल की किशोरी का शव घर से 200 फीट दूर मिला। उसके गले पर दुपट्टा लिपटा था, जिसमें गांठ लगी थी। पिता ने बेटी के साथ रेप के बाद हत्या की आशंका जताई है। चार युवकों का नाम लेते हुए एक आरोपी को पुलिस को सौंपने की बात भी कही है। हालांकि, पुलिस अभी कुछ भी साफ कहने से बच रही है। मामला रतलाम के सरवन थाना इलाके में सेमलखेड़ा ग्राम पंचायत के एक गांव का है।नाबालिग के पिता ने पुलिस को बताया कि गांव में बुधवार रात पारिवारिक शादी थी। दोनों बेटियां रात 10 बजे शादी में गई थी। घर पर उनकी मां, छोटा भाई और दादा-दादी थे। पिता गेहूं काटने मजदूरी पर गया था।

## जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलावें- परिहार

**नीमच।** विक्रम संवत से भारतीय संस्कृति, परम्पराए शुरू होती है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपनी परम्पराओं को जागृत करने का अनुकरणीय प्रयास किया है। सभी को विक्रम संवत नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। यह बात जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने गुरूवार को जिला प्रशासन द्वारा टाउनहॉल नीमच में आयोजित विक्रमोत्सव 2026 के तहत कोटि सूयोर्पासना, सूर्य उपासना एवं जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर नीमच विधायक श्री दिलीप सिह परिहार, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, सांसद प्रतिनिधि श्री आदित्य मालू, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सूचना
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777

चलते ट्रक से पपीते के पानी उडने की बात को लेकर

# ट्रक मालिक की हत्या, बड़ा भाई घायल, आठ संदिग्ध गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम




पपीते से भरे चलते ट्रक से पपीते के पानी उडने की बात को लेकर बुधवार रात महू-नीमच हाईवे पर बिलपांक फंटे के समीप दो ट्रक मालिकों (ड्राइवर) और बाइक सवारों के बीच विवाद हो गया। कुछ ही देर में विवाद बड़ गया और उनमें मारपीट हो गई। इसी बीच बाइक सवार युवकों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। इसके बाद आरोपियों ने ट्रक मालिक भाईयों के साथ जमकर मारपीट की। इससे वे दोनों घायल हो गए। दोनों ट्रक मालिक घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां छोटे भाई की मौत हो गई। बिलपांक पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आठ आरोपी संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 50 वर्षीय उदय सिंह तंवर पिता भेरू सिंह तंवर निवासी ग्राम बड़ी सादड़ी जिला चितौडगढ़ (राजस्थान) व उसके छोटे भाई 42वर्षीय भगवान सिंह तंवर के अपने-अपने ट्रक है। दोनों ट्रक मालिक होने के साथ स्वयं ड्राईवरी भी करते है। बुधवार 18 मार्च 2026 को उदय सिंह तंवर ने महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले के शाहदा से पुष्कर ले जाने के लिए अपने ट्रक (आरजे-09-जीए-8876) में पपीता भरा था। वहीं छोटे भाई भगवान सिंह तवर ने अपने ट्रक (आरजे-09-जीडी-2206) में खरगौन जिले के सनावद के पास से भीलवाड़ा ले जाने के लिए कपास भरा था। दोनों अपने-अपने ट्रक लेकर पुष्कर व चित्तौडगढ जा रहे थे। वे मानपुर में मिले और इसके बाद आगे-पीछे ट्रक लेकर साथ-साथ चलते लगे। वे बुधवार रात महू-नीमच हाईवे पर रतलाम जिले के बिलपांक थाना क्षेत्र से जा रहे थे। इसी बीच पीछे बाइक पर सावर तीन युवकों पर पपीते के ट्रक से पपीते के पानी के छीटें उड़कर लगे। इस पर बाइक सवार गाली-गलौच कर ट्रक ड्राईवर से विवाद करने लगे। कुछ दूर जाकर दोनों ट्रक मालिक (ड्राईवरों) ने बिलपांक फंटे के पास एक दुकान के सामने सड़क किनारे ट्रक ले जाकर खड़े किए। इसी बीच युवक भी उनके पास पहुंचे और फिर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी व मारपीट होने लगी और विवाद बढ़ गया। बाइक सवार युवकों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। आरोपियों ने ट्रक मालिक भगवान सिंह तंवर व उदय सिंह तंवर के साथ मारपीट की। इससे वे दोनों भाई घायल हो गए। दोनों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद भगवान सिंह तंवर ने दम तोड़ दिया।

घायल उदय सिंह तंवर ने पुलिस को बताया कि हम दोनों भाई अपने-अपने ट्रक लेकर बुधवार रात करीब साढ़े नौ बदेरतलाम जिले के सातरुंडा से रतलाम की तरफ आ रह थे। तभी बाइक पर सवार तीन लड़के हमारे ट्रक के आगे-पीछे होकर हमारे हार्न बजाने पर कटबाजी करने लगे। रात करीब दस बजे हमने दोनों ट्रक बिलपांक फंटे के पास संदीप चाय वाले की होटल के सामने रोके तथा चाय पीने होटल पर गए। तभी वे तीनों लड़के बाइक पर होटल पर हमारे पास आए और गाली गलोच करते हुए कहने लगे कि तुम्हारे ट्रक से निकल रह पानी हमारी आंख में लग रहा था, तुमने गाड़ी क्यों नहीं रोकी, तुम नहीं जानते हम पास के ग्राम चिकलिया रहते है और हमारे नाम भरत, रोहित व सूरज है। इसी बीच उन्होंन फोन लगाकर अपने मिलने वालों को बुला लिया। उनके अन्य साथी साथी दो बाइकों पर आए। इसके बाद आरोपियों ने मेरे व भाई भगवान सिंह तंवर के साथ जाने से मारने की नीयत से टॉमी, लठ व लात-घुसों से मारपीट की।।



## राजा टोडरमल की जयंती आलोट नगर में धूमधाम से मनाई

**आलोट।** पोरवाल समाज आलोट द्वारा बुधवार को आराध्य देव राजा टोडरमल की जयंती मनाई गईसमाज जनों द्वारा दोपहर को संजय चौक स्थित पोरवाल समाज की प्याऊ पर राजा टोडरमल जी की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया शाम को पोरवाल धर्मशाला स्टेशन रोड आलोट पर सभी समाज जन एकत्रित होकर आरती की गई एवं श्रीनाथजी को भोग लगाकर महा प्रसादी का वितरण किया गया आरती की बोली सुरेश पोरवाल द्वारा ली गई कार्यक्रम में पोरवाल समाज अध्यक्ष दिनेश कोठारी पूर्व समाज अध्यक्ष कैलाश गुप्ता पूर्व अध्यक्ष केदारमल काला शंकर लाल सेठिया शांतिलाल कामरिया युवा संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र काला विठ्ठल मोदी राजेश मंडवारिया आशीष काला सत्यनारायण काला शांतिलाल पोरवाल दूधिया दिलीप पोरवाल शांतिलाल पोरवाल मऊ खेड़ी अशोक काला कृष्ण सेठिया पवन मेहता पंकज चौधरी प्रमोद मेहता प्रदीप गुप्ता राजू गुप्ता लड्डु सेठ सुनील मऊ खेड़ी सतीश गुप्ता अनिल बालाजी राजू बेसोटा राजू कोठारी गुड्डुवेद आदि समाज जन थे।

## मक्का के बोरों की आड़ में तस्करी; पुलिस ने पकड़ी 70लाख की अवैध शराब



**मन्दसौर।** जिले के नाहरगढ़ थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय शराब तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में मक्का के बोरों की आड़ में तस्करी कर ले जाई ही 70 लाख रू. की अवैध विदेशी शराब जब्त की है। पुलिस अधीक्षक विनोद मीणा के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नाहरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक वरुण तिवारी और उनकी टीम ने नापाखेड़ा-बिल्लोद रोड पर घेराबंदी कर गुजरात पासिंग के एक ट्रक क्र. जीजे-36-वी-4253 को रोका। जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस को ट्रक में मक्का के बोरों की आड़ बनाकर अवैध शराब की पेटियां छिपाई गई दिखी। पुलिस ने ट्रक से 550 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है, जिसका कुल परिमाण 6500 बल्क लीटर और बाजार मूल्य लगभग 70 लाख रुपये आंका गया है।पुलिस ने मौके से आरोपी भरत (32) पिता गोगन रेबारी निवासी वनाडा तहसील रणावा जिला पोरबंदर (गुज.) को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए फर्जी बिल्टी का सहारा भी लिया था। पुलिस ने शराब और 10 लाख रुपये मूल्य का ट्रक जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## 7 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के सीतामऊ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 7 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने यह कार्यवाही ग्राम मानपुरा में विश्वकर्मा कृषि यंत्र दुकान के सामने घेराबंदी की। यहां पुलिस ने एक बिना नंबर की बोलेरो पिकअप को रोककर तलाशी ली, जिसमें 37 प्लास्टिक के काले कट्टों में भरा हुआ कुल 7 क्विंटल 22 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 10 लाख 83 हजार रुपये बताई जा रही है। मौके से पुलिस ने दो आरोपियों, राहुल (25) पिता लक्ष्मीनारायण कुमावत निवासी हतुनिया और राहुल (32) राहुल पिता दीनदयाल पाटीदार निवासी झावल दोनों थाना अफजलपुर क्षेत्र को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो अन्य आरोपी सत्यनारायण पिता निर्भयराम पाटीदार और कन्हैयालाल पिता अशोक पाटीदार फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने डोडाचूरा के साथ ही परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन, एक ट्रैक्टर और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में

# नववर्ष का शंखनाद; विक्रमोत्सव और सेवा प्रकल्पों के साथ हुआ अभिनंदन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



भगवान श्री पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में भारतीय नव संवत्सर 2083 का शुभागमन आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक गौरव और सेवाभावी संकल्पों के अनूठे संगम के साथ हुआ। नगर के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने गुड़ी पड़वा के पावन पर्व को जन-उत्साह के साथ मनाया, जिसमें प्राचीन परंपराओं के निर्वहन के साथ-साथ समाज सेवा के विविध आयाम भी देखने को मिले।

वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई द्वारा इस दिन को च्वैश्य दिवसज के रूप में मनाते हुए नगर में भव्य वैश्य चेतना रैली निकाली गई। प्रातः काल गांधी चौराहा पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जहाँ नागरिकों को कुमकुम तिलक लगाकर नीम एवं मिश्री का औषधीय प्रसाद वितरित किया गया। यह रैली नेहरू बस स्टैंड, भारत माता चौराहा और घंटाघर जैसे प्रमुख मार्गों से होती हुई गोपालकृष्ण गौशाला पहुँची, जहाँ केसरिया ध्वजों के साथ बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। रास्ते में अनेक सामाजिक संस्थाओं ने पुष्पवर्षा कर रैली का आत्मीय स्वागत किया। गौशाला में आयोजित मुख्य समारोह में वक्ताओं ने वैश्य समाज को सेवाभावी और परोपकारी बताते हुए एकजुटता पर बल दिया। इस अवसर पर समाज सेवी प्रहलाद काबरा परिवार द्वारा गौमाता को हरा चारा और गुड़ खिलाकर गौ-सेवा का संकल्प दोहराया गया। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मोर्चे पर, सुप्रसिद्ध श्री पशुपतिनाथ मंदिर के बालाजी परिसर में विश्वगीता प्रतिष्ठानम्‌ और संस्कृति विभाग के तत्वावधान में भव्य विक्रमोत्सव का आयोजन किया गया।



## लॉ कॉलेज के शिविर में विद्यार्थियों ने जीवन प्रबंधन के गुर सीखे

**मन्दसौर।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर द्वारा भूनियाखेड़ी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय शिविर के तृतीय दिवस में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर पुखराज दशोरा द्वारा विद्यार्थियों को जीवन प्रबंधन एवं जीवन कैसे जीना है इस विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया उनके द्वारा छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से जीवन में आने वाले तनाव को हम कैसे दूर कर सकते हैं यह समझाया। शिविर में विजन अकादमी के सुनील कंडारा ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न पत्रों को हल करने के आसान माध्यम बताये। साथ ही तृतीय दिवस स्वास्थ्य दिवस के रूप में आयुष विभाग की ओर से 70 मरीज का निशुल्क उपचार एवं दवाइयां वितरित की गई । कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया । इस अवसर पर प्राध्यापक चंचल शर्मा, हेमलता चौहान, प्रवीण चौधरी एवं करण आर्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिविरार्थी ज्योति सोनी ने किया ।

## चेटीचंड वाहन रैली में समाज जनों पर की पुष्प वर्षा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच



सिंधी समाज के आराध्य देव वरुण भगवान श्री झूलेलाल जी के 1076 वें जन्मोत्सव चेटीचंड सिंधी दिवस के महापर्व पर पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में चेटीचंड उत्सव समिति द्वारा विक्रम संवत चैत्र कृष्ण एकम 19 मार्च गुरुवार सुबह 8 बजे भागेश्वर महादेव मंदिर से एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। बेटी को जन्म देने वाली माता का सम्मान करने वाली संस्था आराध्या वेलफेयर सोसाइटी नीमच की महिला पदाधिकारी सदस्यों द्वारा नया बाजार बजरंग चौक भोजु का चौराहा के समीप वाहन रैली में शामिल समाज जनों का मोती की माला पहना एवं पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया। इसअवसर पर विक्रम संवत नव वर्ष का काली मिश्री काली मिर्च नीम की पत्ती मिठाई से सभी का मुंह मीठा करवा हिंदू नवम वर्ष शुभकामनाएं देकर स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर ठंडा पेयजल, बिस्किट ,फ्रूटी जूस का वितरण भी किया गया।

## तरबूज का ठेला लगाने की बात पर चाकूबाजी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

माणकचौक थाना क्षेत्र स्थित गौशाला रोड पर बुधवार रात करीब 8 बजे तरबूज का ठेला लगाने की बात पर चाकूबाजी हो गई। यहां 3 युवकों ने 2 युवकों पर चाकू और लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं पुलिस ने जानलेवा हमला और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर बुधवार देर रात तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

पेंटिंग का काम करने वाले फरियादी जीवन कटारिया (निवासी सैफी नगर) ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात करीब ७.४५ बजे वह अपने साथी शुभम उर्फ धीरज भांभी (निवासी गौशाला रोड) के साथ गब्बू पटेल जूस दुकान के सामने गया था। वहां विकास पोरवाल, रवि और शाहरूख ने तरबूज का ठेला लगा रखा था। जीवन और शुभम ने उनसे कहा कि कल से तुम यहां पर तरबूज का ठेला मत लगाना, हम यहां पर तरबूज का ठेला लगाएंगे। इस बात को लेकर तीनों आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और विवाद बढ़ गया।

जीवन कटारिया ने बताया कि आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों का उपयोग करते हुए कहा, "तुम यहां कैसे तरबूज के ठेला लगाओंगे। हमें यहां से तुम कैसे हटाओंगे तुम्हारी क्या औकात है।" फरियादी ने आगे बताया, "हमने गाली देने से मना किया तो विकास पोरवाल ने अपने पेंट की जेब से चाकू निकाला। साथी शुभम उर्फ धीरज भांभी (कुरबरा) पर हमला कर दिया। जिससे शुभम को पेट पर दाहिने तरफ व बाए तरफ चार जगह चोटें लगी व खून निकला। विकास ने मुझे भी चाकू से मारा जो मेरे उल्टे हाथ की अंगुठे के पास वाली उंगली में चोट लगी।

# पशुपतिनाथ मंदिर में गूँजी सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ पर मध्य देश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर परिसर से न केवल सांस्कृतिक चेतना का संचार किया, बल्कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए च्जल गंगा जल संवर्धन अभियानज का भी शंखनाद किया।

गुरूवार की प्रातःकाल मंदिर परिसर में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सूर्य उपासना के पश्चात पूर्ण विधि-विधान से ब्रह्मध्वज स्थापित किया। उन्होंने भगवान पशुपतिनाथ की विशेष आरती और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और नाट्य विद्यालय के सहयोग से च्सम्राट विक्रमादित्यज के जीवन पर आधारित एक नाटक का मंचन किया गया। उज्जैन की परिष्कृती संस्था द्वारा प्रस्तुत इस नाटक में विक्रमादित्य के शौर्य, न्यायप्रियता, बेताल पच्चीसी और शकों पर उनकी ऐतिहासिक विजय के दृश्यों ने उपस्थित जनसमूह को भारतीय इतिहास के स्वर्णिम काल की याद दिला दी। इस दौरान भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का वितरण भी किया गया।

## एआई विषय पर व्याख्यान आयोजित

**पिपलिया मंडी।** पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया मंडी में आईटी क्लब द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक विशेष व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अशोक पाटीदार, प्राध्यापक भौतिकी शासकीय महा विद्यालय मंदसौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया, तत्पश्चात आईटी क्लब के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। अपने व्याख्यान में डॉ. अशोक पाटीदार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न आयामों, वर्तमान समय में इसके उपयोग तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि एआई आज के दौर में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग एवं तकनीकी क्षेत्रों में तेजी से अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहा है। साथ ही उन्होंने छात्रों को नई तकनीकों को सीखने, नवाचार को अपनाने तथा डिजिटल युग में स्वयं को सक्षम बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में आईटी क्लब के प्रभारी श्री अमित नीमा द्वारा प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## कार्यालय नगर पालिक निगम रतलाम (म.प्र.)

**क्रमांक/744/लो.नि.वि.** **रतलाम, दिनांक 18.03.2026**

### ई-निविदा आमंत्रण

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्न लिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 492415 | वार्ड क्रं. 26 लम्बी गली में सी.सी. सड़क व पाईप डालकर नाली निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार। (प्रथम आमंत्रण) | 1- 03 माह<br>2- 2374000 | 1- 5000/-<br>2- 47480/- | 16.04.2026<br>15.30 |

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, रतलाम**


## नव संवत्सर पर मिश्री, नीम की पत्ती, कालीमिर्च प्रसाद किया वितरण



**पिपलिया मंडी।**हिन्दू नव वर्ष नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर गुरुवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के सचिव महेंद्र गेहलोत,मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता काचरिया,कांग्रेसनेता भेरुपप्पू गुर्जर ने प्रतिवषानुसार प्रातः 9 बजे से जाने आने वाले लोगो को तिलक निकालकर मिश्री,निम की पत्ती, कालीमिर्च का प्रसाद वितरित कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।तथा कहा कि आने वाला यह नववर्ष आपके जीवन मे नई ऊर्जा,सुख,समृद्धि उन्नति और खुशहाली लेकर आए। इस मौके मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि हिन्दू नववर्ष जिसे नवसंवत्सर या चैत्र शुक्ल प्रतिपदा कहा जाता है,भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक, धार्मिक,ओर वैज्ञानिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है।मान्यता है कि इसी दिन ब्रम्हा जी ने सृष्टि की रचना शुरू की थी।यह दिन बसंत ऋतू के आगमन विक्रमी संवत की शुरूआत ,नवरात्रि का पहला दिन ओर प्रकृति के नवसृजन का प्रतीक है जो नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश भी देता है।

## महाराष्ट्र समाज की महिला मंडल ने बनाई आकर्षक रंगोली

**रतलाम।** महाराष्ट्र समाज स्टेशन रोड स्थित समाज भवन में शारदा महिला मंडल द्वारा गुड़ी पाड़वा के उपलक्ष्य मे आकर्षक रंगोली बनाई गई। तत्पश्चात गुड़ी समाज भवन पर बांधी गई। इस अवसर पर महाराष्ट्र समाजजनों द्वारा सभी को गुड़ी पड़वा नववर्ष की बधाई दी गई।



## सर्वप्रयास संस्था ने बच्चों को पाठ्य सामग्री तथा मिठाई का वितरण किया

**महिदपुर रोड।** नगर की सर्व प्रयास सामाजिक संस्था की शाखा द्वारा हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के उपलक्षू में शासकीय विद्यालय बरुखेडी के 45 स्कूली बच्चों को पढ़ाई सामग्री और मिठाई वितरण कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। संस्था अध्यक्ष ज्योति शर्मा बृजवासी ने बताया संस्था महिला सशक्तिकरण पर्यावरण बालिका उत्थान एवं रोजगार में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है संस्था द्वारा लगभग 45 बेटियों की भरण पोषण की जिम्मेदारी भी ले रखी है जिसमें संस्था अगर कोई बेटी की 5 वर्ष से जिम्मे दारी लेती है तो उसकी शिक्षा स्वास्थ्य त्यौहार रोजगार एवं शादी होने तक बालिका की मदद करती है। संस्था द्वारा महिलाओं को समाज सेवा के लिये भी अवसर दे रही है संस्था की सात शाखाएं हैं। जिसमें मुख्य रूप से नागदा महिदपुर सिटी उज्जैन खाचरौद घटिया घोंसला महिदपुर रोड एवं वडोदरा गुजरात एवं पूरे देश से जुड़कर महिलाएं समाज सेवा का कार्य कर रही है इस संस्था में एक छोटी सी राशि 100 महिना एकत्रित करके ही यह सारे सेवा के कार्य किया जा रहे हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत की सरपंच निर्मला भरत जाट शासकीय स्कूल के टीचर्स चंद्रकांता चवरासिया संगीता राठौर एवं संस्था की स्नेहलता कांठेड़, प्रमिला त्रिवेदी, मोनिता पोरवाल, हिमानी सेठिया आरती तनेजा टीना शर्मा आदि महिलाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्रधा नाध्यापिका हेमलता उपाध्याय कक्षा पांचवी की छात्रा आराधना सेन ने किया संचालन सर्व प्रयास संस्था की मीडिया प्रभारी मोनिता पोरवाल ने किया। कार्यक्रम में कक्षा पांचवी के स्कूली छात्र शिवम सेन का जन्मदिन होने से उसका जन्मदिन भी संस्था द्वारा मनाया गया।

## गणगौर माता की शोभायात्रा, महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में लिया उत्साहपूर्वक भाग



**सुसनेर।** चैत्र माह के पावन अवसर पर मंगलवार को नगर में गणगौर माता की भव्य शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। इस आयोजन का नेतृत्व महिला मंडल द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं एवं युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम मंदिर धर्मशाला से किया गया, जहां से शोभायात्रा हरि नगर स्थित सरिता मोदानी के निवास तक निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन, मंगल गीत एवं पूजा-अर्चना की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा में गणगौर माता की सुसज्जित प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस धार्मिक आयोजन ने न केवल श्रद्धा का संदेश दिया, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूती प्रदान की।

## मेगा स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन

**तराना।** जनसेवा के उद्देश्य से विधायक महेश परमार के मार्गदर्शन में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। शिविर विधायक निवास पर मेगा स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। वी एच 5 विशेष हॉस्पिटल, संजीवनी फाउंडेशन एवं चरक भवन ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित। इस शिविर में क्षेत्र के अनेक परिवारजनों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में करीब 40 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महिला रोग, हड्डी रोग, हृदय एवं मधुमेह, मूत्र एवं पेट रोग तथा नवजात एवं शिशु रोग से संबंधित निःशुल्क परामर्श एवं जांच प्रदान की गई। साथ ही, रक्तदान शिविर में भी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानव सेवा का संदेश दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी डॉक्टरों, संस्थाओं एवं उपस्थित नागरिकों का हृदय से आभार माना। इस दौरान नप अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश परमार,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कप्तान सिंह, पवन बारोड, पार्षद प्रतिनिधि द्वारकाधीश परमार, निक्की राठौर, नगर परिषद उपाध्यक्ष कामिल कुरेशी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश रावल, गौतम परमार,आदि उपस्थित रहे।



## भाजपा मंडल कानड़ में बरेठा मीडिया प्रभारी नियुक्त



**कानड़।** भाजपा मंडल कानड़ की हुई घोषणा में दिनेश बरेठा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं मंजु कुंवर को सह मीडिया प्रभारी,सोशल मीडिया टीम में गोलू चावड़ा को सोशल मीडिया प्रभारी, संजू परिहार ओर सीताराम को सह सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है।मंडल अध्यक्ष अंतरसिंह सिंह दौलतपुर ने सभी नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया है। बरेठा की नियुक्ति पर इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### नगर पालिका का विशेष व्यापक सम्मेलन संपन्न

# वित्तीय वर्ष 2026-27 का आय-व्यय बजट पारित 36559 रुपये बचत का बजट प्रस्तुत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

नगर पालिका का विशेष व्यापक सम्मेलन मंगलवार को संपन्न हुआ। जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 नगर पालिका का आय-व्यय बजट राजस्व एवं वित्त सभापति नेहा शांतिलाल गोखरू द्वारा प्रस्तुत किया। प्रस्तुत बजट में सिवरेज प्लांट, गो-अभ्यारण के लिए गौशाला का निर्माण, मुख्य टंकी से होकर पाला तक मार्निंग वॉकिंग झोन, 2 लेन सड़क का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, नवीन बजट प्रस्ताव मे सिंहस्थ 2028 को देखते हुवें कजलाना रोड पर रैन बसेरा, उज्जैन से कैसुर मार्ग को फोरलेन मार्ग से जोडने हेतु पुरानी चामला पुलिया से नवीन बायपास, डायवर्शन रोड से बरगाडी रोड हेतु नवीन बायपास, कालिका माता किला प्रांगण का जिर्णोद्वार, वित्तीय वर्ष 2026-27 में अमृत योजना 2.0 में पेयजल अनुदान, सिवरेज मेंनेजमेंट, कायाकल्प योजना, नवीन कॉम्पलेक्स दुकान निर्माण कार्य, सीसी रोड, नाला निर्माण रिर्टनिंग वॉल, कर्मचारी आवास आदि विभिन्न जनहित के कार्यों के लिये प्रस्तावित किया गया है, प्रस्तावित बजट में मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रोत्साहन, खेलकुद प्रतियोगिता, सामाजिक कार्यों में अग्रणी संस्थाओं को प्रोत्साहन हेतु राशि एवं कवि प्रदीप के जन्म दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाने हेतु पुवार्नुसार प्रावधान किये गये है। श्री कालिका माता नवरात्रि मेला एवं चैत्र मास नवरात्रि मेला हेतु बजट में 30 लाख रू. का प्रावधान किया गया है, इस प्रकार अनुमानित आय 985285000/-, अनुमानित व्यय 985248441/-, बचत 36559/- का बजट प्रस्तुत किया गया। जिसे परिषद में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। परिषद की बैठक में प्रस्तावित अन्य विषयों पर भी चर्चा कर निर्णय लिया गया। जिसमें शासन निदेर्शानुसार नगर पालिका संपत्तिकर स्वनिर्धारण अंतर्गत कलेक्टर गाईड लाईन में वृद्धि होने से वार्षिक भाड़ा मुल्य में वृद्धि किये जाने एवं उपभोक्ता प्रभार में वृद्धि किये जाने हेतु प्रस्ताव को परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निरस्त किया गया, साथ ही नगर के अन्य विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान करते हुवें नगर में नवीन गौशाला निर्माण किये जाने हेतु राशि रू. 2.25 करोड़ स्वीकृत किये जाने पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव म.प्र. शासन एवं क्षेत्रीय विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या का परिषद द्वारा सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त बैठक में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या, नगर पालिका अध्यक्ष अभय जी टोंग्या, उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा पार्षदगण विजयंत गोसर, आनन्द अनावडीया, लक्ष्मीबाई लालबहादुर बादशाह, यादवेन्द्र यादव, नेहा शांतिलाल गोखरू, राकेश भूरिया, अजहरउददीन, मंजु रविन्द्र आचार्य, श्याम विशनवाणी, अजय दौराया, नर्मदा राजेश परमार, रितेश जैन चांदीवाला सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी एम.आर. निंगवाल एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



### कोतवाली के सामने बजरंग दल का उग्र प्रदर्शन

# प्रधान आरक्षक पर 20 हजार की रिश्वत मांगने का आरोप, हटाने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

शहर के कोतवाली थाने के सामने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा करते हुए हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। यह उग्र प्रदर्शन कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक गंगा सिंह कटारे द्वारा कथित तौर पर रिश्वत मांगने और पदाधिकारियों के साथ अभद्रता करने के विरोध में किया गया। थाना प्रभारी को सौंपे गए लिखित शिकायत पत्र में बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन चावड़ा ने गंभीर आरोप लगाए। ज्ञापन में बताया गया है कि प्रधान आरक्षक गंगा सिंह कटारे ने कार्यकताओं के एक मामले को लेकर 20,000 रुपये की रिश्वत की मांग की। जब संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस विषय पर प्रधान आरक्षक से फोन पर चर्चा करनी चाही, तो उसने न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि यह कहते हुए फोन काट दिया कि तुमसे जो बने, वो कर लेना। इस घटना से आक्रोशित होकर बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता थाने के बाहर एकत्रित हो गए और हाईवे पर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान कार्यकताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने नीम का पत्ता कड़वा है... जैसे तीखे और आक्रोशपूर्ण नारे लगाते हुए प्रधान आरक्षक गंगा सिंह कटारे के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। साथ ही बजरंग दल ने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए मांग की है कि आरोपी प्रधान आरक्षक को तत्काल प्रभाव से कोतवाली थाने से हटाया जाए। पुलिस अधिकारियों ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि प्रधान आरक्षक को थाने से हटा दिया गया है जिसके बाद मामला शांत हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में कायकर्ता मौजूद रहे।



## कपिलघाट पर भूतडी अमावस्या, उमडी श्रद्धालुओं की भीड़

**सारंगपुर।** सारंगपुर में चैत्र मास की कृष्ण पक्ष अमावस्या, जिसे भूतडी अमावस्या भी कहा जाता है, के अवसर पर कपिलातीर्थ कपिल घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड पडी। बुधवार तडके 5 बजे से ही आसपास के गांवों और शहरों से आए लोगों ने कालीसिंध नदी में आस्था की डुबकी लगाई और पितरों की शांति के लिए तर्पण व पूजन किया।

घाट पर पूरे दिन श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद बाबा कपिलेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया। उन्होंने नवग्रह देवताओं की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा देकर पुण्य अर्जित किया गया।आचार्य कैलाश शर्मा के अनुसार, भूतडी अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस दिन पितृ लोक के द्वार खुलते हैं और पूर्वज अपने परिजनों को आशीर्वाद देने पृथ्वी पर आते हैं। इस तिथि पर किए गए तर्पण और कर्मकांड से पितृ दोष शांत होते हैं तथा घर-परिवार में शांति और समृद्धि आती है। उन्होंने बताया कि इस अमावस्या को भूतडी इसलिए कहा जाता है क्योंकि इस दिन सूक्ष्म और अदृश्य शक्तियों का प्रभाव भी अधिक माना जाता है। हालांकि, इसका प्रमुख उद्देश्य पितरों का स्मरण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करना ही है।

### नाबालिग से अश्लील हरकत

## आरोपी को 3 वर्ष का कारावास, अर्थदंड भी

**शुजालपुर।** नाबालिग बालिका के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सख्त सजा सुनाई है। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश शुजालपुर के न्यायालय ने आरोपी विजेंद्र पिता कैलाशनारायण भीलाला को विभिन्न धाराओं में दोषसिद्ध पाते हुए कुल 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार आरोपी को धारा 74 बीएनएसएस में 1 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड, धारा 75(1)(1) बीएनएसएस में 1 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

### श्री नागदा अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज का सराहनीय प्रयास

# धर्मशाला के निर्माण हेतु भूमि क्रय करने का निर्णय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज क्षेत्रीय समिति द्वारा बड़नगर में धर्मशाला निर्माण करने के लिए भूमि क्रय की योजना बनाई गई। इस योजना के अंतर्गत उपयुक्त स्थान का चयन कर एक संपर्क टोली का गठन किया गया, जिसने नगर के समस्त समाजजनों से संपर्क कर सहयोग करने का निवेदन किया। समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहयोग प्रदान किया।

इसी क्रम में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन श्री सियाराम आश्रम में किया गया। बैठक केंद्रीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, गोशाला अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा एवं पंडित जगदीश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सनावदा निवासी समाजसेवी गोवर्धनलाल शर्मा ने उदारतापूर्वक 1 लाख 81 रुपए की सहयोग राशि की घोषणा की। साथ ही उन्होंने उज्जैन स्थित चिंतामन धर्मशाला के लिए 55 हजार रुपए की इसके अतिरिक्त देवेंद्र शर्मा द्वारा पूर्व में 51 हजार को बढ़ाकर एक लाख एक हजार रुपए की घोषणा भी की।इस सराहनीय सहयोग के लिए समाज के अध्यक्ष सुनील मंडलोई, वरिष्ठ समाजसेवी बद्रीलाल शर्मा, कैलाश हलवाई, देवेंद्र शर्मा, अरविंद व्यास, सुशील शर्मा,सतीश शर्मा, महेश भट्ट, मनीष पटेल, दुर्गाशंकर पटेल, जगदीश व्यास, नंदकिशोर शर्मा, डॉ. प्रमोद भट्ट नारायण शर्मा द्वारा माला एवं दुप्पटा ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। बैठक का संचालन ओमप्रकाश व्यास एवं आभार धर्मेंद्र शर्मा ने व्यक्त किया।



# प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

### ग्राम विकास में सहभागिता पर जोर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत ब्लॉक शुजालपुर के जामनेर सेक्टर में प्रस्फु टन समितियों का एक दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच राजेश मेवाड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण का आयोजन रायपुर लकी सामाजिक शैक्षणिक विकास समिति संस्था द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में ब्लॉक समन्वयक सीमा बैंडवाल ने परिषद के उद्देश्यों व कार्यों की जानकारी देते हुए समिति पदाधिकारियों व सदस्यों को ग्राम विकास, सामाजिक सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण तथा समितियों के प्रभावी संचालन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रस्फु टन समितियां गांवों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इनके माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

कार्यक्रम में अरुणा परमार ने महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण तथा समाज सेवा से जुड़े कार्यों पर प्रकाश डाला। वहीं गैरखेड़ी समिति के अध्यक्ष हरिप्रसाद ने नर्सरी विकास के बारे में जानकारी दी। इस दौरान हरिनारायण ने जैविक खेती के महत्व पर चर्चा करते हुए वर्मी कम्पोस्ट, गोमूत्र व घास-पत्ती से जैविक दवा बनाने तथा नरवाई नहीं जलाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से खेत की उर्वरक क्षमता कम होती है। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण.पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन रीना सिंह व आभार जनक सिंह राठौड़ ने माना। इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह, रामकिशन, सुरेंद्र सिंह, अरविंद मेवाड़ा, रोजगार सहायक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।





## कल्याण सेन केस की जांच की मांग को लेकर अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**ब्यावरा।** सामाजिक उत्थान सेन समिति राजगढ़ द्वारा जनसुनवाई के दौरान मृतक कल्याण पिता वैध सूरज सेन केस की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर अपर कलेक्टर, को ज्ञापन सौपा, मृतक की पत्नी पूजा सेन ने बताया कि विगत दिनों छोटे पुल स्थित बावड़ी के पास पति कल्याण सेन का शव मृतक अवस्था में मिला था मृतक की पत्नी पूजा सेन ने जांच हेतु आवेदन दिया मगर उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, कल्याण की मृत्यु संदिग्ध अवस्था में हुई पीड़ित परिवार ने मृतक कल्याण के मोबाइल कॉल डिटेल एवं लोकेशन की उच्च स्तरीय जांच की जाने की मांग की परिजन उच्च स्तरीय जांच की मांग की ताकि मृतक की आत्मा को शांति एवं न्याय मिल सके तथा दोषियों को सजा मिल सके।

## नवोदय विद्यालय चयन पर हर्ष व्यक्त कर की उज्जवल भविष्य की कामना



**कानड़।** नगर स्थानीय न्यू सहारा पब्लिक हाई स्कूल,कानड के कक्षा 5वी के छात्र अनस पिता आबिद खां निवासी कानड का नवोदय विद्यालय परीक्षा में चयन होने पर विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार पाठक द्वारा बालक का पुष्पहार से एवं मिठाई खिला स्वागत सम्मान किर उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी। सहारा स्कूल में गत 2 वर्षों से भी निरंतर अध्ययनरत छात्र का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## गुड़ी पड़वा पर शिप्रा तट पर नववर्ष का भव्य स्वागत, रैली निकाली गई



**महिदपुर।** प्रतिवषार्नुसार गुड़ी पड़वा एवं नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर अश्वनी शोध संस्थान महिदपुर द्वारा भगवान धूर्जटेश्वर महादेव मंदिर (धूलेट) के समीप शिप्रा तट स्थित पूर्ववाहिनी घाट पर प्रातःकालीन आयोजन किया गया। सूर्योदय से पूर्व श्रद्धालु एकत्रित हुए और सूर्योदय के समय शंख ध्वनि, नगाड़ों व घोष के साथ नववर्ष का स्वागत करते हुए सामूहिक रूप से सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। इसके पश्चात महाराजा विक्रमादित्य के चित्र का पूजन व आरती कर शिप्रा मैय्या को चुनरी अर्पित की गई। कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार प्रसादी वितरित की गई। इसके पश्चात धुलेट से महिदपुर नगर के प्रमुख मार्गों पर वाहन रैली निकाली गई।

## प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित



**महिदपुर।** ग्राम महू में नवांकुर संस्था श्री स्वर्णगिरी पर्वत तीर्थ क्षेत्र समिति चिरमिया द्वारा शक्ति संचय अभियान अंतर्गत सेक्टर स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पं. प्रेमनारायण शर्मा, अशोक आंजना एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती नम्रता तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। श्रीमती नम्रता तिवारी ने बताया कि इस प्रशिक्षण से समितियों की सक्रियता व कार्यकर्ताओं की नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहयोग मिलेगा। प्रशिक्षण में समग्र ग्राम विकास, योजनाएं, दस्तावेजीकरण, प्रतिवेदन निर्माण व महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।

## पोरवाल समाज ने आराध्य की मनाई जयंती

**महिदपुर रोड।** नगर के जांगड़ा पंच पोरवाल समाज ने टोडरमल जयंती धूमधाम से मनाई शाम के समय समाज के शेषशायी विष्णु मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें समाज के सभी वरिष्ठ जन अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के सदस्य, बहू मंडल, महिला मंडल की सभी बहि नों ने समान वेश भूषा धारण कर डीजे की धार्मिक धुन पर नृत्य कर खुशी का प्रदर्शन किया मुख्य मार्ग से निकली शोभायात्रा ने पूरे नगर में भ्रमण किया जहां समाज जनों के अलावा अन्य समाजों के प्रमुखों ने टोडरमल जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।

साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2' रिलीज हो चुकी है। अब फिल्म के पहले दिन की कमाई भी सामने आ गई है। जानिए पहले दिन कैसा रहा फिल्म का हाल...

# 100 करोड़ के पार हुई 'धुरंधर 2'?



फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'धुरंधर 2' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर काफी बज बना हुआ था। एक दिन पहले हुए प्रिव्यू शोज में भी 'धुरंधर 2' को लेकर लोगों की उत्सुकता देखने को मिली। अब आज फिल्म रिलीज होने के बाद फिल्म को लेकर लोगों में जबदरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। जानते हैं पहले दिन 'धुरंधर 2' का क्या रहा हाल? क्या ये 'धुरंधर' से आगे निकल पाई या नहीं?

### कुल 100 करोड़ के पार हुई 'धुरंधर 2'

सैकनिल्क के मुताबिक, 'धुरंधर 2' ने रिलीज से पहले अपने पेड प्रिव्यू शोज में 43 करोड़ रुपए कमा लिए थे। जबकि अब रिलीज के बाद अपने पहले दिन 'धुरंधर 2' ने खबर लिखे जाने तक 65.54 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। इस तरह से अब तक 'धुरंधर 2' का कुल कलेक्शन 108.54 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। हालांकि, अभी इसके और भी बढ़ने की उम्मीद है। अब देखना ये है कि क्या 'धुरंधर 2' अपने पहले दिन 100 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर पाएगी या नहीं।

### पेड प्रिव्यू शोज में हुई अव्यवस्था

रिलीज से एक दिन पहले 'धुरंधर 2' के पेड प्रिव्यू रखे गए थे। हालांकि, इसको लेकर काफी अव्यवस्थाएं भी देखने को मिलीं। साउथ समेत दिल्ली-मंबई और भोपाल में भी कई जगह 'धुरंधर 2' प्रिव्यू शोज कैंसिल हुए। जबकि कई जगह शो शुरू होने में देरी हुई। लेकिन इसके बावजूद फिल्म ने पेड प्रिव्यू शोज से 43 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया।

### क्या है कहानी?

'धुरंधर 2' की कहानी 'धुरंधर' के आगे की कहानी है। हालांकि, इसकी शुरूआत फ्लैशबैक से होती है। दूसरे भाग में हमजा के पहले की कहानी दिखाई जाती है, जब वो जसकीरत सिंह रंगी होता है। वहीं इस बार फिल्म में बड़े साहब की भी एंट्री होती है। फैंस को सबसे ज्यादा इंतजार बड़े साहब का ही था।

## बॉक्स ऑफिस

# कैसी लगी पवन कल्याण की 'उस्ताद भगत सिंह'?



### यूजर्स ने एक्स पर दी प्रतिक्रिया

साउथ के नेता और अभिनेता पवन कल्याण की अदाकारी वाली फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 120 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म को देखकर कई दर्शकों ने एक्स पर इसके बारे में लिखा है। आइए जानते हैं दर्शकों ने फिल्म पर कैसी प्रतिक्रिया दी है।

### यूजर ने की फिल्म और एक्टर की तारीफ

एक यूजर ने फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' की तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर फिल्म को लेकर लिखा 'उस्ताद भगत सिंह देखा। हरीश शंकर के बज के हिसाब से यह बहुत अलग है। पवन कल्याण बहुत अच्छे लगे हैं। स्क्रीन पर तबाही मचा दी।'

### यूजर ने गिनाई फिल्म की कमियां

एक यूजर ने 'उस्ताद भगत सिंह' की कमियां बताई हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा 'फिर वही बात। अंदाज पर जोर दिया लेकिन कहानी पर नहीं। 'उस्ताद भगत सिंह' बस फैन्स को खुश करने वाले पलों का एक शोर-शराबा और बेतरतीब जमावड़ा है। इसमें कोई जान नहीं है। अगर आपने इसकी ओरिजिनल फिल्म देखी है, तो इसे देखने की जहमत न उठाएं। इसका जरूरत से ज्यादा तेज म्यूजिक सुनकर मेरे कानों में अभी भी दर्द हो रहा है।'

### यूजर ने बताया प्रोपेगेंडा फिल्म

एक यूजर ने फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' पर आरोप लगाया है कि यह फिल्म सैफरन प्रोपेगेंडा को बढ़ावा देती है।

### वक्त से पीछे है फिल्म

एक यूजर ने 'उस्ताद भगत सिंह' को बहुत बुरी फिल्म बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा है 'सबसे खराब फिल्मों में से एक। यह आज की तारीख से बहुत पीछे है। यह 2006 से 2013 के समय को दिखाती है। ओजी देखने के बाद लगता है कि एक्टर को किसी और चीज पर काम करना चाहिए। बहुत खराब फिल्म है।'

### फिल्म की स्टारकास्ट

19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में पवन कल्याण, श्री लीला, राशि खन्ना, आर पार्थिबन, आशुतोष राणा, नवाब शाह जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक हरीश शंकर हैं। यह फिल्म तेलुगु भाषा में रिलीज हुई है।

# 'सरके चुनर' पर डांस को लेकर नोरा फतेही के खिलाफ जारी हुआ फतवा

अपकमिंग फिल्म 'केडी' के गाने 'सरके चुनर' गाने पर विवाद चल रहा है। इस बीच इस मामले में एक धार्मिक संस्था के शामिल होने से नोरा फतेही के लिए चीजें मुश्किल हो गई हैं। अलीगढ़ में मौजूद 'मुस्लिम पर्सनल दारुल इफ्ता' ने इस गाने में नजर आने को लेकर अभिनेत्री नोरा फतेही के खिलाफ फतवा जारी किया है।

### संस्था ने क्या कहा?

एएनआई की तरफ से शेयर किए गए नोटिस के अनुसार, दारुल इफ्ता ने घोषणा की है कि 'सरके चुनर तेरी सरके' जैसे गाने, जिन्हें अश्लील माना जाता है, इस्लामी शिक्षाओं के तहत 'हराम' माने जाते हैं। इस तरह के कंटेंट में हिस्सा लेना, चाहे व्यक्ति का धर्म या बैकग्राउंड कुछ भी हो, नैतिकता और धार्म के खिलाफ है। संस्था ने आगे बताया कि इस गाने को अलग-अलग जगहों से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने पहले ही इस पर कार्रवाई शुरू कर दी है।



### महिला आयोग ने भेजा समन

गाने पर सिर्फ धार्मिक संस्था ने हस्तक्षेप नहीं किया है बल्कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने नोरा फतेही, संजय दत्त और इस प्रोजेक्ट से जुड़े अन्य लोगों को समन भेजा है।

### नोरा ने दी सफाई

रिलीज होने के तुरंत बाद 'सरके चुनर' गाना विवादों में आ गया। आलोचना होने पर इस गाने को सभी जगहों से हटा दिया गया।

इस विवाद के बीच, नोरा फतेही ने सोशल मीडिया पर इस बारे में बात की थी। एक्ट्रेस ने कहा कि जब उन्हें गाने के बोल के मतलब की पूरी समझ आ गए, तो उन्होंने खुद को इस प्रोजेक्ट से अलग कर लिया। पूरी बात जानने के बाद उन्होंने इस गाने का प्रमोशन नहीं किया। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने तीन साल पहले कन्नड़ गाने पर परफॉर्म किया था। हिंदी गाने पर उनका वीडियो बिना उनकी मर्जी के लगाया गया।

# Sport

सीएसके के पूर्व कप्तान धोनी ने सोशल मीडिया पोस्ट में जर्सी नंबर 7 छोड़कर 8 अपनाने का संकेत दिया, जिससे फैंस के बीच जबरदस्त चर्चा शुरू हो गई। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं है कि यह असली बदलाव है या किसी विज्ञापन/सरप्राइज का हिस्सा।

# आईपीएल से पहले धोनी दे सकते हैं प्रशंसकों को सरप्राइज, क्या बदलेंगे अपनी लकी जर्सी का नंबर?

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह है उनका एक सोशल मीडिया पोस्ट, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त उत्सुकता और अटकलों का माहौल बना दिया है। बता दें कि, आईपीएल 2026 की शुरूआत 28 मार्च से होगी। धोनी इस सीजन में भी खेलते नजर आएंगे।

### क्या कहा धोनी ने?

मंगलवार को धोनी ने फेसबुक पर एक रहस्यमयी पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा, 'कुछ नंबर आपके साथ हमेशा रहते हैं। 7 हमेशा मेरे साथ रहा है। लेकिन आज मैं 8 पर स्विच कर रहा हूं। जल्द ही आपको पता चलेगा क्यों।' इस पोस्ट के सामने आते ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई।

### नंबर 7 का खास रिश्ता

धोनी का जर्सी नंबर 7 उनके करियर का प्रतीक बन चुका है। 2004 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू से लेकर 2019 तक टीम इंडिया के कप्तान रहते हुए कई ऐतिहासिक जीत दर्ज की। आईपीएल में सीएसके के साथ लंबा सफर तय किया है। नंबर 7 को धोनी की पहचान माना जाता है।




### क्या है नंबर 8 का रहस्य?

धोनी के इस पोस्ट के बाद कई तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। कुछ फैंस का मानना है कि वह सच में जर्सी नंबर बदल सकते हैं। वहीं कई लोग इसे किसी ब्रांड या विज्ञापन से जोड़कर देख रहे हैं। कुछ इसे आईपीएल 2026 से पहले का बड़ा सरप्राइज मान रहे हैं। फिलहाल, धोनी या उनकी टीम की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### डिविलियर्स ने दी धोनी को सलाह

आईपीएल के 19वें संस्करण की शुरूआत से पहले पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने धोनी को खास सलाह दी है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी का छठे नंबर से नीचे नहीं उतरना चाहिए क्योंकि आठवें और नौवें स्थान पर उतरना उनकी मौजूदगी के साथ न्याय नहीं होता।

# गंभीर ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक सिविल मुकदमा दायर किया है। इस केस में उन्होंने डिजिटल नकल, एआई से बनाए गए डीपफेक और बिना अनुमति उनके नाम, चेहरे और आवाज के इस्तेमाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। समाचार एजेंसी आईएएनएस ने गंभीर की लीगल टीम के हवाले से बताया कि, 2025 के अंत से इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर उनके नाम से नकली कंटेंट तेजी से बढ़ा है। एआई, फेस-स्वैपिंग और वॉइस-क्लोनिंग तकनीक की मदद से ऐसे वीडियो बनाए गए, जिनमें उन्हें ऐसे बयान देते हुए दिखाया गया जो उन्होंने कभी दिए ही नहीं।

# पाकिस्तान क्रिकेट की दुर्दशा पर भड़के अहमद शहजाद, ढउइ को लताड़ा; कहा- और दो कुछ को सत्ता

टी20 विश्व कप 2026 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। सलमान आगा के नेतृत्व में टीम सुपर-8 से ही बाहर हो गई। पाकिस्तान क्रिकेट की दुर्दशा पर अब पूर्व क्रिकेटर अहमद शहजाद ने पीसीबी को लताड़ा है।

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अहमद शहजाद ने पाकिस्तान क्रिकेट की मौजूदा हालत पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कमजोर बताते हुए उस पर खिलाड़ियों को जरूरत से ज्यादा ताकत देने का आरोप लगाया। शहजाद ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि उन्होंने अपने करियर में पीसीबी को इतना कमजोर कभी नहीं देखा। उनके मुताबिक, बोर्ड के पास अधिकार तो हैं, लेकिन फैसले लेने में वह खिलाड़ियों के सामने झुकता नजर आता है।

पाकिस्तान टीम का हालिया प्रदर्शन भी चिंता का विषय बना हुआ है। टीम पिछले चार आईसीसी टूर्नामेंट में नॉकआउट तक नहीं पहुंच सकी और हाल ही में हुए टी20 विश्व कप 2026 में भी सुपर-8 चरण से बाहर हो गई। शहजाद ने पीसीबी पर नए खिलाड़ियों को मौका न देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हर टूर्नामेंट के बाद बोर्ड कोई नया ह्लपैंतराह्व अपनाता है, लेकिन अब जनता उनकी रणनीति समझ चुकी है।




### पीएसएल पर भी शहजाद ने दागे सवाल

इसके अलावा उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि पीसीबी ने कुछ चुनिंदा खिलाड़ियों को ब्रांड बनाकर पूरी टीम उन्हीं पर निर्भर कर दी, जिससे सिस्टम असंतुलित हो गया। शहजाद ने कहा कि इन खिलाड़ियों को कप्तानी, स्पॉन्सरशिप और ज्यादा अधिकार दिए गए, लेकिन बदले में टीम को नतीजे नहीं मिले। उन्होंने खिलाड़ियों पर आरोप लगाया कि वे जिम्मेदारी लेने के बजाय एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते हैं और उनका अहंकार अब भी कम नहीं हुआ है। इस बीच, पाकिस्तान टीम का खराब दौर जारी है। टी20 विश्व कप के बाद टीम को कम रैंकिंग वाली बांग्लादेश से वनडे सीरीज में हार का सामना करना पड़ा, जिससे आलोचना और तेज हो गई है।

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजेंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### पूजन सामग्री विसर्जन के दौरान महिला की बावड़ी में डूबने से मौत

**इंदौर।** इंदौर के भंवरकुआं थाना क्षेत्र में भुतड़ी अमावस्या के दिन एक दर्दनाक हादसा सामने आया। पूजन सामग्री विसर्जित करने गई महिला की पुरानी बावड़ी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पालदा निवासी 45 वर्षीय मायाबाई पत्नी राजेश गुरुवार दोपहर खेत पर बनी एक पुरानी बावड़ी पर पूजा के बाद सामग्री विसर्जित करने पहुंची थीं। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में जा गिरीं। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान महिला के बावड़ी में गिरने की जानकारी मिली। परिजन तत्काल उन्हें निकालकर एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतका के पति होल्कर कॉलेज में कम्प्यूटर ऑपरेटर हैं। परिवार में दो बेटे हैं, जो फिलहाल पढ़ाई कर रहे हैं। सूचना मिलते ही भंवरकुआं पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में कराया गया है।

### फ्लैट से नाबालिग के साथ पकड़ाया जोयब मोबाइल में कई अश्लील वीडियो मिले



**इंदौर।** इंदौर के एमआईजी इलाके में बुधवार रात एक युवक को नाबालिग लड़की के साथ फ्लैट में पकड़े जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जांच में पता चला कि लड़की नर्मदापुरम से लापता है, जिसके बाद वहां की पुलिस को सूचना दे दी गई है और टीम इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक, हिंदूवादी कार्यकर्ता मयंक तोमर को सूचना मिली थी कि एक युवक फर्जी नाम से हिंदू लड़की के साथ फ्लैट में रह रहा है। इसके बाद मयंक अपने साथी अंकित तिवारी के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने पहले अपना नाम मनोज बताया, लेकिन बाद में उसने खुद को जोयब खान बताया। उसके मोबाइल की जांच करने पर 8-10 युवतियों के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो मिलने का दावा किया गया। इसके बाद उसे एमआईजी थाने ले जाया गया। घटना के बाद रात में थाने पर हंगामे की स्थिति बनी रही और कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस द्वारा युवक की जानकारी खंगालने पर सामने आया कि वह नर्मदापुरम से नाबालिग लड़की को लेकर इंदौर आया था। एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह के अनुसार, लड़की की गुमशुदगी नर्मदापुरम में दर्ज है, इसलिए संबंधित थाने को सूचना दे दी गई है। युवक के मोबाइल से मिले आपत्तिजनक कंटेंट की जानकारी भी वहां की पुलिस को साझा की गई है। आगे की कार्रवाई नर्मदापुरम पुलिस द्वारा की जाएगी।

### ऐप डाउनलोड करते ही व्यापारी के खाते से उड़ गए 8.5 लाख रुपये

**इंदौर।** इंदौर में साइबर ठगी का एक और गंभीर मामला सामने आया है। कनाड़िया थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ करीब साढ़े आठ लाख रुपए की ठगी का केस दर्ज किया है। ठगों ने तीन बैंकों के पांच क्रेडिट कार्ड के जरिए रकम अपने खातों में ट्रांसफर कर ली। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी रोहित विजयवर्गीय निवासी आस्कर टाउनशिप, बिचौली मर्दाना की शिकायत पर बुधवार को एफआईआर दर्ज की गई। रोहित पेशे से कपड़ा व्यापारी हैं और उनका शोरूम भी है। घटना 13 मार्च की है, जब रोहित के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए एचएसबीसी का नया क्रेडिट कार्ड ऑफर किया। पहले से ही पांच क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल कर रहे रोहित ने हामी भर दी। इसके बाद ठग ने उन्हें एक लिंक भेजकर एक एप्लिकेशन डाउनलोड करने को कहा। जैसे ही रोहित ने प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड किया, उनका मोबाइल हैक हो गया। ठग ने कुछ समय तक उनके फोन को रिमोटली ऑपरेट किया और फिर कॉल काट दिया। कुछ देर बाद रोहित की पत्नी ने बताया कि फोन पर कॉल नहीं आ रहे हैं, जबकि मोबाइल चालू था। फोन को रीस्टार्ट करने पर कई बैंक मैसेज सामने आए, जिनमें अमेरिकन एक्सप्रेस, एचडीएफसी और एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से करीब साढ़े आठ लाख रुपए निकाले जाने की जानकारी थी। इसके बाद रोहित ने साइबर पुलिस में शिकायत की। जांच के बाद मामला कनाड़िया थाने को सौंपा गया, जहां बुधवार को एफआईआर दर्ज की गई।

### क्राइम ब्रांच ने माइनिंग कंपनी में काम करने वाले तस्कर को पकड़ा

**इंदौर।** इंदौर में नशे के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत क्राइम ब्रांच ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने 10 किलो 600 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो शहर में नशे के आदी लोगों को सप्लाई करता था। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया के मुताबिक, बुधवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम ने लक्ष्मीबाई नगर इलाके में दबिश दी। यहां सीमेंट गोदाम के पास एक टीन शेड के पास टू-व्हीलर पर काले बैग के साथ खड़ा एक संदिग्ध युवक मिला। घेराबंदी कर युवक को रोका गया और पूछताछ में उसने अपना नाम करण केवट निवासी इंदौर बताया। तलाशी लेने पर उसके काले बैग से 10 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह सस्ते दामों में गांजा खरीदकर शहर में सप्लाई करता था। पुलिस ने उसके पास से गांजा, एक मोबाइल फोन और टू-व्हीलर सहित करीब 2 लाख रुपए से ज्यादा का माल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी एक निजी माइनिंग कंपनी में दैनिक वेतन पर काम करता है और उसकी पढ़ाई 9वीं कक्षा तक ही है। फिलहाल क्राइम ब्रांच उससे नेटवर्क और सप्लाई चैन को लेकर पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच का कहना है कि शहर में नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी ऐसे आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

इंदौर पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव:परिवार ने कहा फायर ब्रिगेड देरी से पहुंची

# ऐसे हादसे न हों इसलिए आईआईटी से चर्चा करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गुरुवार दोपहर को सीएम डॉ. मोहन यादव इंदौर पहुंचे। सीएम ने कहा कल इंदौर में हुआ हादसा दर्दनाक था। मैंने इसका वीडियो भी देखा है। भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए आईआईटी सहित अन्य जगहों से चर्चा भी करेंगे।

जंजीरवाला चौराहा स्थित जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभागृह में मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंचे सीएम ने परिवार को ढांढ़स बंधाया। मृतक मनोज पुगलिया के बड़े बेटे सौरभ ने सीएम से कहा कि फायर ब्रिगेड समय पर नहीं आई। 1.30



घंटा लेट आई। यदि समय पर आ जाती तो कुछ लोगों की जान बच जाती। ईवी चार्जिंग सिस्टम और घरों में लगने वाले इलेक्ट्रिक लॉक को कैसे सुरक्षित बनाएं ताकि गड़बड़ी होने पर इनसे बचा जा सके। इसके लिए सरकार काम कर रही है। अफसरों ने घटनास्थल का निरीक्षण भी किया।

### हादसे में तीन बच्चों सहित आठ की मौत

- हादसे में बुधवार को तीन बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी। बुधवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित बीजेपी और कांग्रेस के कई नेता परिवार के बचे हुए सदस्यों से मिलने पहुंचे।
- अग्निकाड में मनोज पुगलिया, उनकी बहू सिमरन, साले विजय, साले की पत्नी सुमन, बेटी रुचिका, नाती कार्तिक, राशि और तनय की मौत हो गई थी। इस हादसे में मनोज की पत्नी सुनीता, दो बेटे सौरभ व बाबू बच निकलकर बाहर आ गए थे। पूरे हादसे में बीजेपी और कांग्रेस के नेता घर जाकर दुःख जता चुके हैं।

### लगातार पांचवें दिन अधिकतम तापमान में गिरावट

**इंदौर।** लगातार पांचवां दिन ऐसा रहा जब अधिकतम तापमान में गिरावट जारी रही। गुरुवार को दिन का तापमान 34.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। वहीं, मंगलवार रात को पारा औसत 2 डिग्री कम रहकर 15.2 डिग्री आंका गया। दरअसल, प्रदेश में गर्मी को बाधित करने वाला एक सिस्टम सक्रिय हुआ है।

## हेड कांस्टेबल करता है गंदी हरकतें

### बीजेपी नेता और अफसरों के नाम से देता है धमकी, रहवासियों ने बनाया वीडियो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के सदर बाजार इलाके की पुलिस लाइन में रहने वाले एक हेड कांस्टेबल से इन दिनों रहवासी परेशान हैं। बीजेपी नेता ओर अफसरों के नाम से वह आसपास के लोगों को धमकाता है।

पड़ोसियों ने कई बार थाने पर शिकायत करने का मन बनाया, लेकिन पुलिस क्राइम ब्रांच में हेड कांस्टेबल के होने के चलते शिकायत नहीं सुनती। परेशान होकर रहवासियों ने पुलिसकर्मी का वीडियो बनाया। जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मामला जूना रिसाला पुलिस लाइन का है। यहां पिछले कुछ माह से एक पुलिसकर्मी जो क्राइम ब्रांच में हेड कांस्टेबल है। वह रहवासियों से विवाद करता है। रहवासियों ने कई बार देर रात इस मामले में एफआरवी 112 पर शिकायत की। आपसी विवाद करने की बात पर सदर बाजार थाने के पुलिसकर्मी भी वापस चले जाते हैं। पिछले एक माह से हेड कांस्टेबल ने अपने ही सरकारी क्वार्टर से अश्लील हरकत करना शुरू कर दी। वह क्वार्टर के अदंर से खुलेआम अश्लील इशारे कर रहा है। अपने घर के बरामदे से प्रायवेट पार्ट दिखा रहा है। आसपास रहने वाली महिलाओं को गंदे इशारे करता है। उसकी इस हरकत को शुरूआत में महिलाओं ने नजर अंदाज कर दिया। कई क्वार्टर में नाबालिग लड़कियों और युवतियों के रहने के चलते परिवार ने हेड कांस्टेबल की इस हरकत का वीडियो बनाया। उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिसकर्मी को पहले क्राइम ब्रांच से अवैध गतिविधि के चलते हटा दिया गया था, लेकिन इसके बाद उसने बीजेपी नेता का प्रेशर करवाने के बाद फिर से क्राइम ब्रांच में पोस्टिंग करवा ली।































मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com